# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## आंसुओं में तैरता रहा आशियाने का मलबा



रायपुर। नकटी उजड़ गया। प्रशासन ने विधायक विश्राम गृह के लिए गांव के 77 मकानों पर बुलडोजर चला दिया। विरोध, संघर्ष और आंसुओं के सैलाब के बीच बुलडोजर गरजता रहा। तस्वीरें बयां कर रही हैं कि रोती महिलाएं और चीखते बच्चों की आवाज नहीं सुनी गईं। आखिरकार प्रशासन ने मान मनौव्वल कर गांव को खाली करा ही लिया और ग्रामीणों को बीएसयूपी क्वार्टर में शिफ्ट कर दिया।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹105540/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹128900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹140706/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### खड़गे राज्यसभा में फिर होंगे नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।



राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। वे फिर से नेता प्रतिपक्ष होंगे। इस मौके पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, जे पी नड्डा, किरेन रीजीजू, सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की मौजूदगी रही।

### किसान परिवार को मिला 11.19 कैरेट का हीरा

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक आदिवासी किसान परिवार को एक खदान से सोमवार को 11.19 कैरेट का एक हीरा मिला। हीरे की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है। इसी परिवार को वर्ष 2024 में 19.22 कैरेट का एक बड़ा हीरा मिला था, जो शासकीय नीलामी में 93 लाख रुपए में बिका था। मजदूर राकेश गौड़ ने इसी वर्ष अप्रैल में अहिरगवां क्षेत्र में पट्टा लेकर अपने तीन भाइयों और कुछ रिश्तेदारों के साथ मिलकर खदान में खुदाई शुरू की थी।

### प्रशिक्षण विमान क्रैश प्रशिक्षु पायलट घायल

**एटा/कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में सोमवार को दो सीट वाला एक प्रशिक्षण विमान एक



खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला प्रशिक्षु पायलट घायल हो गई। अलीगढ़ हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह विमान कासगंज जिला मुख्यालय क्षेत्र में पुलिस लाइंस के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जमीन पर गिरने से पहले विमान एक हाई-टेंशन तार से टकरा गया था।

### दुनियाभर में दिखेगा असर : सूखा-अकाल-महंगाई का खड़ा होगा संकट

# मानसून को निगल गया 'अलनीनो', 2032 तक भारत को होगा 94 लाख करोड़ का नुकसान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**अलनीनो को लेकर नई रिपोर्ट्स और मौसम विशेषज्ञों की चेतावनी ने भारत सहित एशिया के कई देशों की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि जुलाई से सितंबर के बीच इसका असर सबसे ज्यादा देखने को मिल सकता है, जब भारत में मानसून अपने चरम पर होता है। अनुमान है कि नवंबर 2026 से जनवरी 2027 के बीच इसका असर सबसे ज्यादा रहेगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत को 2032 तक करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94,55,960 करोड़ रुपए) का आर्थिक नुकसान हो सकता है।**

समुद्र में तेजी से घूमती गर्म पानी की लहरों ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलनीनो ने एशिया की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा दिए हैं। पूरी दुनिया को 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की आर्थिक नुकसान का अनुमान है। यह नुकसान केवल मौसम तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खेती, रोजगार, एनर्जी और अर्थव्यवस्था पर भी असर डाल सकता है। अलनीनो एक ऐसी मौसमी घटना है, जो भारत में मानसून को कमजोर कर सकती है और गर्मी बढ़ा सकती है। आने वाले अलनीनो के दौरान भी ऐसे ही हालात बनने की आशंका जताई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 2032 तक 1 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान क्यों?

रिसर्चर्स का कहना है कि अल-नीनो का असर केवल उसी साल तक सीमित नहीं रहता। इससे आर्थिक विकास की रफ्तार कई वर्षों तक धीमी रह सकती है. 2032 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो सकता है। वहीं, वैश्विक स्तर पर यह नुकसान 10 ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक हो सकता है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि कुछ आर्थिक असर लंबे समय तक बने रह सकते हैं।



### 12 राज्य हो सकते हैं प्रभावित

अलनीनो की वजह से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे 12 राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इन इलाकों में मानसूनी वर्षा आधारित खेती ज्यादा है। छोटे किसान जिनके पास सिंचाई की सुविधा नहीं है, वे सबसे ज्यादा परेशान होंगे।

### इधर, यूरोप से अमेरिका तक गर्मी का तांडव

अमेरिका के शहरों में तापमान इतना ज्यादा है कि प्लास्टिक के डस्टबिन और सड़क का डामर तक पिघलने लगा है। फीनिक्स जैसे शहरों में पारा 114 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंचने से सड़कें और ट्राम पटरियां तक चरमरा गई हैं। यूरोप में इस वक्त गर्मी का आलम यह है कि इंसान तो क्या, मशीनें और सड़कें तक जवाब दे रही हैं।

### क्या होगा असर

**कृषि और ग्रामीण :** मानसून कमजोर होने से खरीफ की फसलों की पैदावार में भारी गिरावट आती है। इससे किसानों की आय घटती है और ग्रामीण मांग प्रभावित होती है।

**महंगाई में उछाल:** अनाजों, सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की आपूर्ति घटने से खाने-पीने की चीजों के दाम तेजी से बढ़ते हैं, जिससे आम जनता का बजट बिगड़ता है।

**बिजली संकट:** गर्मी और सूखे के कारण बिजली की मांग बहुत बढ़ जाती है। इसके दबाव से ऊर्जा ग्रिड पर अतिरिक्त भार पड़ता है।

**भूजल और जल संकट:** कम बारिश से जलाशयों का जलस्तर घट जाता है और पीने के पानी के साथ-साथ सिंचाई के लिए भूजल का संकट गहरा जाता है।

### डुमकी, खूंटीपारा की घटना

## गाज की चपेट में आने से 2 बच्चों समेत तीन की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धौरपुर

ग्राम पंचायत डुमकी, खुटापारा में गाज की चपेट में आने से 2 बच्चों सहित तीन ग्रामीणों की मौत हो गई। सोमवार की शाम 4 बजे बूंदाबांदी होने के दौरान ग्रामीण बारिश से बचने आम पेड़ के नीचे खड़े हुए थे जबकि तीन बच्चे पेड़ के नीचे आम बिन रह थे। इस दौरान गाज की चपेट में आने से दो बच्चों एवं ग्रामीण की मौत हो गई जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम दुप्ती चौरा निवासी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### किशोरी गंभीर

गाज की चपेट में आने से रामसाय सहित सागर एवं कुमारी रानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि श्रद्धा गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गई। गंभीर रूप से घायल श्रद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा उपरांत तीनों के शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

### तीन राज्यों में फैला था आतंक

## कुख्यात डकैत जगन को साथी ने जेल में मार डाला



एजेंसी ▶▶| आगरा

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के धौलपुर महल को गुर्जर आरक्षण के समय उड़ाने की धमकी देने वाले पूर्व कुख्यात दस्यु जगन गुर्जर की अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में साथी कैदी द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि 11 लाख रुपए के इनामी रहे पूर्व दस्यु जगन गुर्जर का राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा में आतंक फैला हुआ था।

### महिला डकैत पर आया दिल

जिले की एक खूबसूरत महिला भी डकैत जगन की गैंग में शामिल हुई थी। यह महिला थी कौमेश गुर्जर, जो बदले की आग में डकैत बन गई। सरपंच छीतरिया गुर्जर के यहां 1986 में कौमेश का जन्म हुआ था। अपने पिता की हत्या का बदला लेने 14 वर्ष की उम्र में ही कोमेश ने बंदूक थाम ली थी। कोमेश बदले की आग में कोमेश गुर्जर चम्बल के बीहड़ों में कूद गई।

### विधायक को दी थी मारने की धमकी

वर्ष 2022 में बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक गिर्राज मलिंगा को धमकी देने के बाद जगन गुर्जर फिर से सुर्खियों में आ गया है और पुलिस ने जगन पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया। जगन गुर्जर ने 7 फरवरी 2022 की देर शाम को करौली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था।

### राम मंदिर चढ़ावा मामला

## दान चोरी के आरोपियों की पैरवी नहीं करेंगे अधिवक्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में अधिवक्ताओं ने सोमवार को राम मंदिर में दान के कथित गबन मामले में गिरफ्तार आरोपियों की अदालत में पैरवी नहीं करने का फैसला किया है। बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने तय किया कि अगर कोई सदस्य राम मंदिर मामले के आरोपियों का मामला अदालत में लड़ने की कोशिश करता है, तो उस पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### भावनाएं हुईं आहत

बार एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र जायसवाल ने कहा, मंदिर के चढ़ावे की चोरी से हम सभी की भावनाएं आहत हुई हैं। फैजाबाद के अधिवक्ता गिरफ़्तार आरोपियों की ओर से मुकदमा नहीं लड़ने पर सहमत हो गए हैं। इस मामले में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और बार की आम सभा ने फैसला लिया है। इसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। अब कोई अधिवक्ता पैरवी नहीं करेगा।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस सुनवाई के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब इस मामले में सभी आरोपियों की अगली पेशी 13 जुलाई को होगी।

### विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- हमें दुख है, कष्ट है, हम आहत हुए हैं

# राम मंदिर के दोषी जेल में होंगे, न वजीर बचेगा, न राजा : विहिप अध्यक्ष आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितताओं और दान में हेराफेरी के आरोपों के बाद मचे घमासान के बीच, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बड़ा और बेबाक बयान दिया। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ सीधे साक्षात्कार में आलोक कुमार ने दो टूक कहा कि संगठन इस मामले में किसी भी स्तर की लीपापोती के पक्ष में नहीं है। चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे की टाइमिंग से लेकर एफआईआर में सिर्फ 'निचले स्तर के कर्मचारियों' के नाम होने जैसे गंभीर सवालों पर उन्होंने दो-टूक कहा कि जांच का दायरा बेहद व्यापक है। जो दोषी पाया जाएगा, उसे दंड मिलेगा। इसमें न वजीर बचेगा, न राजा। उन्होंने कहा, सबके आचरण की जांच होगी। जो भी दोषी होगा उसे जेल की कोठरी में जाना होगा। पेश है साक्षात्कार के प्रमुख अंशः

**कृष्ण जन्मभूमि -काशी आंदोलन पर पड़ने वाले असर पर भी दिया जवाब**




▶▶ इस पूरे प्रकरण पर आपकी पहली प्रतिक्रिया? जिस आंदोलन में हजारों राम भक्तों ने आपके आह्वान पर कुर्बानियां दी थीं, अपना पसीना बहाया था, अपना लहू बहाया था, वो राम मंदिर इस समय विवादों के केंद्र में है। एक राम भक्त के नाते और विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते, किस अनुभूति से गुजर रहे हैं इस समय आप?

▶▶ हम सब लोगों की अनुभूति एक सी ही है। दुख है, कष्ट है, ▶▶| शेष पेज 7 पर

पुण्यस्मृतिपर विनम्र अभिवादन



कै. वैद्यराज श्री. कृष्णशास्त्री पुराणिक (१८३९-१९०५)
कै. वैद्यराज श्री. विष्णुशास्त्री पुराणिक (१८६४-१९१४)
कै. वैद्यराज श्री. रामभाऊ पुराणिक (१८८३-१९३३)
कै. वैद्यराज श्रीमंत गंगाधर पुराणिक (१९०७-१९८०)
कै. वैद्यराज श्री. महादेव पुराणिक (१९१२-१९८७)
कै. श्री. आनंद पुराणिक (१९३७-२०२३)

धूतपापेश्वर
आयुर्वेद श्रेष्ठता के १५० से अधिक वर्ष

पूरा ब्रह्मांड सिद्धांतों पर चलता है। प्रकृति उनका पालन करती है और विज्ञान उनका अनुसरण। आयुर्वेद भी उन्हीं पर आधारित है। हज़ारों वर्षों से इसके सिद्धान्तों का निरंतर अभ्यास हुआ, उन्हें परखा गया और परंपरा स्वरूप उन्हें आगे बढ़ाया गया।

केवल आस्था नहीं, बल्कि प्रमाण के रूप में। वह प्रमाण है सटीकता का, प्रमाण है संतुलन का।

वह प्रमाण कि जब उपचार प्रकृति के अनुरूप होता है, तब स्वास्थ्य उसका स्वाभाविक परिणाम बन जाता है।

सिद्धांत नियम हैं। वे स्वस्थ जीवन की सही दिशा हैं। और जब इन नियमों का पूर्णतः पालन किया जाता है, तब एक अद्भुत परिवर्तन दिखाई देता है – पुनर्स्थापना। जो शरीर के साथ मिलकर कार्य करती है, उसके विरुद्ध नहीं। जो संतुलन को पुनः स्थापित करती है।

विगत १५० से अधिक वर्षों से हम इन सिद्धांतों को गहराई से समझते आए हैं और पूरी निष्ठा के साथ उनका पालन कर रहे हैं। क्योंकि आयुर्वेद अनुमान पर नहीं चलता। इसका आरंभ सही निरीक्षण से होता है। वह उचित अनुशासन से आगे बढ़ता है और अंततः संतुलन के माध्यम से फल देता है।

प्रकृति की तरह उसका स्वरूप बदल सकता है, लेकिन उसके सिद्धांत नहीं। क्योंकि जिस क्षण सिद्धांत बदलते हैं, वह आयुर्वेद नहीं रहता।

आयुर्वेद तभी आयुर्वेद है, जब वह सैद्धांतिक हो।

श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड
सैध्दांतिक आयुर्वेद पर संस्थापित

१३५, नानुभाई देसाई रोड, खेतवाडी, मुंबई -४०० ००४. फोन नं.: +९१-२२-६९७१ ५०००/+९१-२२-६९७१ ५००९
www.sdlindia.com

नई दिल्ली। ओडिशा के पुरी सहित देशभर में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' के लाखों श्रद्धालु साक्षी बने। पुरी में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान का आयोजन सोमवार तड़के 12वीं शताब्दी के मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भगवान के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान यात्रा वार्षिक रथ यात्रा का पूर्व आयोजन मानी जाती है। इस अवसर पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को गर्भगृह से बाहर लाया जाता है और सार्वजनिक रूप से 108 कलशों के जल से पवित्र स्नान कराया जाता है। मंदिर परिसर में बने ऊंचे मंच पर आयोजित इस अनुष्ठान का दर्शन श्रद्धालु मंदिर के सामने स्थित भव्य मार्ग से करते हैं। इस वर्ष स्नान यात्रा की शुरुआत सुबह 5:15 बजे देवताओं की पारंपरिक 'पाहंडी' यानी शोभायात्रा के साथ हुई, जो सुबह आठ बजे तक चली। देश के छत्तीसगढ़, यूपी, एमपी, बंगाल, गुजरात, त्रिपुरा के जगदलपुर, सूरत, अगरतला, बीरभूम, जैसे कई शहरों में स्नान अनुष्ठान का आयोजन हुआ।

# भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा

## पुरी सहित देशभर में साक्षी बने लाखों श्रद्धालु

## स्नान यात्रा वार्षिक रथ यात्रा का मानी जाती है पूर्व आयोजन


पुरी, ओडिसा

### 12वीं सदी में हुई स्नान अनुष्ठान की शुरुआत

स्कंद पुराण के अनुसार, 12वीं शताब्दी के इस मंदिर में काष्ठ प्रतिमाओं की स्थापना करने वाले राजा इंद्रद्युम्न ने ही इस स्नान अनुष्ठान की शुरुआत की थी। वेदी पर विराजमान किए जाने के बाद सेवायतों ने 'मंगला आरती' की, जो मंदिर के कपाट खुलने के बाद भगवान की पहली आरती होती है। स्नान पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं को खुले मंडप से मंगला आरती के दर्शन का अवसर मिलता है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर परिसर स्थित 'सुनाकुआ' (स्वर्ण कुएं) के पवित्र जल से भरे कुल 108 कलशों का जल भगवान की प्रतिमाओं पर अर्पित किया जाता है।


जगदलपुर, छत्तीसगढ़


अगरतला, त्रिपुरा


बीरभूम, बंगाल


सूरत, गुजरात

## खबर संक्षेप

### उद्धव ने बताया भाजपा को 'बाबर जनता पार्टी'

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी से बागी 6 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा, 'अगर देश में कानून का राज है तो इन सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। ये सांसद विकास के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए गए हैं।' उद्धव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर भाजपा का 'बाबर जनता पार्टी' बताया। उन्होंने कहा, 'बाबर ने राम मंदिर तोड़ा था।



### चीन ने बनाया दुनिया का सबसे ऊंचा डैम

**बीजिंग।** चीन ने दुनिया के सबसे ऊंचे डैम के हाइड्रोपावर स्टेशन के पहले यूनिट को बिजली ग्रिड से जोड़ दिया है। यह स्टेशन चीन के सिचुआन प्रांत में बना है। शुआंगजियांगकोउ हाइड्रोपावर स्टेशन 315 मीटर ऊंचा है। इसकी कुल क्षमता 20 लाख किलोवॉट है। इससे हर साल औसतन 7.7 अरब यूनिट बिजली बनेगी। यह प्रोजेक्ट बिजली बनाने के साथ यांग्त्जे नदी के ऊपरी हिस्से में बाढ़ का खतरा कम करने में भी मदद करेगा।



### गाजा में इजराइली अटैक चार फलस्तीनी की मौत

**दीर अल-बला।** गाजा पट्टी में रविवार को इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम चार फलस्तीनी नागरिक मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'फलस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी' के अनुसार पहला हमला उत्तरी गाजा के बैत लाहिया में लोगों के एक समूह पर किया गया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। वहीं दूसरा हमला दक्षिणी गाजा में हुआ जहां एक व्यक्ति की मौत हुई। इसकी पुष्टि नासिर अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने की।

## दोहा में बनेगी बात या खुला रहेगा जंग का अखाड़ा!

# अमेरिका और ईरान एक-दूसरे पर हमला रोकने पर राजी, कतर में आज फिर हाईलेवल मीटिंग

हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी बढ़ गई थी और दोनों मुल्कों ने एक दूसरे के ठिकानों पर जमकर बमबारी की थी। हालांकि अब ताजा डील के बाद दोनों देश एक दूसरे पर हमले नहीं करने पर सहमत हो गए हैं। बातचीत जारी रहने तक होर्मुज में कमर्शियल शिप्स की आवाजाही भी सामान्य रूप से जारी रहेगी। दोनों देशों के प्रतिनिधि मंगलवार को कतर में फिर मिलेंगे।

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मंगलवार को होने वाली बैठक से पहले वॉशिंगटन और तेहरान सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने सभी सैन्य गतिविधियों को रोकने का फैसला किया है। तकनीकी स्तर की बातचीत जारी रहने के दौरान जहाजों की आवाजाही बिना किसी बाधा के जारी रह सकेगी। व्हाइट हाउस ने जारी बयान में कहा कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर दोहा में होने वाली बैठक में शामिल होंगे। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि उच्चस्तरीय वार्ता के साथ-साथ तकनीकी स्तर की बातचीत भी होगी। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि शांति प्रक्रिया आगे बढ़ती रहे। दोहा, कतर में जहां हाई लेवल मीटिंग होनी है। इसका उद्देश्य हाल के दिनों में बढ़े सैन्य तनाव के बाद उस नाजुक शांति समझौते को बचाना है, जिस पर दोनों पक्षों के बीच मोहर लगी थी।

**फिलहाल होर्मुज से जारी रहेगा जहाजों का निकलना**



### यह कहा ट्रंप ने

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्टर कर कहा कि ईरान ने मीटिंग का अनुरोध किया है। वह हमसे बात करना चाहता है। यह मीटिंग कल कतर की राजधानी दोहा में होगी।

### पहले स्विटजरलैंड में होनी थी बैठक

यह बैठक शुरुआत में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर व्यापक वार्ता के तहत स्विट्जरलैंड में आयोजित की जानी थी लेकिन सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच नए सिरे से सैन्य तनाव बढ़ने के बाद राजनयिकों ने बैठक का स्थान बदलकर दोहा कर दिया और एजेंडे को सीमित करते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जुड़े विवादों के समाधान पर केंद्रित कर दिया।

### ईरान की इस मांग पर फंसा पेंच

दरअसल, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरा है। समझौते के अनुसार, ईरान ने इस समुद्री मार्ग से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का वादा किया था। बदले में अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने पर सहमति दी थी।

### होर्मुज की है बहुत अहमियत

ईरान के हमलों और धमकियों की वजह से होर्मुज से मालवाहक जहाजों और तेल टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। शांतिकाल में दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल और प्राकृतिक गैस का व्यापार इसी जलमार्ग से होता है। इस रुकावट ने वैश्विक ऊर्जा संकट को जन्म दिया।

### ईरान के हाथ लगेगा खजाना, कतर देगा छह अरब डॉलर

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने सोमवार को कहा कि कतर में फ्रीज ईरान के 12 अरब डॉलर की संपत्ति में से छह अरब डॉलर की संपत्ति जल्द ही डीफ्रीज की जाएगी। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल में फारस की खाड़ी में हुए हमलों की वजह से अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ताओं पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। कहा जा रहा है कि पेजेश्कियान का यह बयान देश की आवाम को अंतरिम समझौते के पक्ष में भरोसा दिलाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। खासकर तब, जब होर्मुज पर ईरान की पकड़ को चुनौती देने के लिए ओमान के समुद्री क्षेत्र को खाड़ी में आने-जाने वाले जहाजों के लिए खोलने की कोशिशें हो रही हैं।

## बेअदबी कानून पर संशोधन

# अकाल तख्त ने आप सरकार को दिया एक माह का 'समय'

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



श्री अकाल तख्त साहिब ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बेअदबी कानून जागत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट-2026 में एक महीने में संशोधन करने का आदेश दिया है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अकाल तख्त जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने कानून पर 6 एतराज जताए। उन्होंने कहा कि सरकार बेअदबी करने वालों को सजा देने के लिए कानून बनाए, इस पर कोई एतराज नहीं है, लेकिन सिख शब्दावली, मर्यादा और पंथ से जुड़े मामलों में विधानसभा फैसला नहीं कर सकती। तब तक इस कानून को होल्ड किया जाए। जत्थेदार ने 2 सवाल पूछे। इस दौरान विधायकों ने माना कि कानून को बिना पढ़े सहमति दी। सुनवाई से पहले जत्थेदार ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के दो वीडियो भी सुनवाए। पेशी के लिए आप के सभी सिख मंत्री और विधायक नंगे पैर लिखित स्पष्टीकरण के साथ अकाल तख्त पहुंचे। कांग्रेस, अकाली दल और निर्दलीय विधायक भी सुनवाई में मौजूद रहे।

### क्या है विवाद?

अकाल तख्त और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' पर यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि इसे सिख पंथ से परामर्श किए बिना लागू किया गया। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने इससे पहले पंजाब सरकार से कहा था कि वह कानून से उन प्रावधानों को हटाए जो 'गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और संगत (सिख समुदाय) की भावनाओं के खिलाफ' हैं। गड़गज ने पहले कहा था कि अकाल तख्त को बेअदबी के दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

## दो संदिग्ध गिरफ्तार

# जर्मनी के स्टाडे शहर में गोलीबारी, पांच की मौत



**स्टाडे।** उत्तरी जर्मनी के स्टाडे शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी की घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में दो संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। हालांकि, घटना के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि शहर के केंद्र से बाहर एक इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। ल्यूनेबर्ग पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट जारी कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव और सुरक्षा अभियान जारी है।

### गोलीबारी की वजह स्पष्ट नहीं

फिलहाल गोलीबारी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी शहर के सेंटर के दक्षिण में स्थित डैंकर्सस्ट्रासे की एक बिल्डिंग में हुई। पुलिस ने कहा कि आम जनता को कोई खतरा नहीं है। गोलीबारी के बाद के वीडियो फुटेज में एक रिहायशी सड़क पर भारी पुलिस बल, इमरजेंसी सर्विस के कर्मचारी और कई एंबुलेंस दिखाई दीं। दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से एक पर गोली चलाने का शक है। पुलिस ने कहा कि वे गोलीबारी की वजह और असल में क्या हुआ था इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## ईरान में विशेष आयोजन

# खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होंगे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के 4 जुलाई से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राजकीय अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल नहीं हो पाएंगे।



बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार और दफ्नाने की रस्मों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ईरानी सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन रस्मों में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था। लेकिन मोदी उसी दौरान वे इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की पहले से तय यात्रा पर होंगे, इसलिए वे इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे।

## काकरोच पार्टी के समर्थन में भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक ने कहा

# 'जरूरत पड़ी तो मेरी जान भी चली जाए, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर पेपर लीक और छात्रों से जुड़े अन्य मामलों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी लगातार आंदोलन कर रही है। अब इस आंदोलन ने अपना अगला पड़ाव शुरू कर दिया है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को सरकार अनसुना कर चुकी है। किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। ऐसे में आंदोलन को तेज करने के लिए क्लाइमेट चेंज एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक रविवार, यानी 28 जून को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।



### यह कहा वांगचुक ने

भूखहड़ताल के दूसरे दिन वांगचुक ने कहा कि वह फिर से आंदोलन करने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं होने और बातचीत की प्रक्रिया ठप पड़ जाने के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। यह आसान नहीं है। जरूरत पड़ी तो मेरी जान भी चली जाए, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगा।

रोका जा रहा किसानों को

### इधर दिल्ली पुलिस पर भड़के दीपके

इसी बीच काकरोच पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया है। दीपके ने एक्स पर लिखा कि सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर साफ-सफाई की सुविधा बंद कर दी है। वहां पानी का कनेक्शन और साफ-सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि बार-बार गुजारिश करने और वांगचुक जी की उम्र और सेहत से जुड़ी चिंताओं के बारे में बताने के बावजूद भी पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। हमें शक है कि ऐसी ही दूसरी बुनियादी सुविधाएं भी बंद कर दी जाएंगी।


## 1 जुलाई से बदल जाएंगे एलपीजी से जुड़े कई नियम, कई चीजों पर पड़ेगा प्रभाव

# सिलेंडर की डिलीवरी- सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हर महीने की पहली तारीख को कुछ न कुछ बदलाव जरूर होता है। जून का महीना खत्म होने में अब सिर्फ एक दिन बचा है और जुलाई में भी कुछ बदलाव होने जा रहे हैं। 1 जुलाई से एलपीजी (एलपीजी) से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने वाला है। अगर आपके घर में गैस सिलेंडर है, तो सुरक्षा और सब्सिडी जारी रखने के लिए आपको इन बदलावों के बारे में तुरंत जान लेना चाहिए। आइए जानते हैं कि 1 जुलाई से एलपीजी को लेकर कौन-कौन से नए नियम लागू होने वाले हैं।

**घर में सिलेंडर है, तो जान लें अपने काम की बात**



### एक घर, एक गैस कनेक्शन नियम

जिन घरों में पाइप वाली गैस (पीएनजी) की सुविधा मौजूद है, उन्हें अपना घरेलू एलपीजी सिलेंडर सरेंडर करना होगा। एक ही पते पर दोनों गैस कनेक्शन रखना गैर-कानूनी माना जा रहा है।

### सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

*सरकार और गैस कंपनियों, जैसे इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस ने सिलेंडर की डिलीवरी और सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी है। अगर आपने अभी तक इसे पूरा नहीं किया है, तो डिलीवरी रुक सकती है। एलपीजी कनेक्शन होल्डर्स के लिए ई-केवाईसी वेरिफाई करना भी जरूरी है, जिसकी लॉस्ट डेट 30 जून है। अगर आप इसे पूरा नहीं करते हैं, तो आपका कनेक्शन काटा जा सकता है। जिस कारण अगले सिलेंडर की बुकिंग करना मुश्किल हो जाएगा। जिन कस्टमर्स ने पहले ही अपना ई-केवाईसी पूरा कर लिया है, उन्हें आगे कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है।*

### सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी पर ओटीपी

कालाबाजारी रोकने के लिए अब बिना ओटीपी के सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होगी। गैस बुक करते समय रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी डिलीवरी बॉय को देना अनिवार्य होगा।

**सब्सिडी और बुकिंग में पाबंदी** : नए नियम के तहत उपभोक्ता 25 दिन के अंदर दूसरा गैस सिलेंडर बुक नहीं कर सकेंगे।

### कनेक्शन री-स्टोर करने की सुविधा

अगर आप किसी ऐसे इलाके में शिफ्ट होते हैं, जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो सरकार ने आपको अपना सरेंडर किया हुआ एलपीजी कनेक्शन वापस चालू करवाने की विशेष छूट दी है। गैस कनेक्शन से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या या अपने क्षेत्र में पीएनजी से जुड़े दिशानिर्देशों के लिए आप अपनी गैस एजेंसी या माईपीएनजी-डी पोर्टल पर संपर्क कर सकते हैं।

## 60 दिन में फैसला

# 65 साल के रेप के आरोपी को फांसी

एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले में 3 साल की बच्ची से रेप और हत्या करने के आरोपी 65 साल के दोषी भीमराव कांबले को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला वारदात के 60 दिन बाद आया है। अदालत ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी का बताते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य बेहद क्रूर, अमानवीय और बर्बर था। सोमवार सुबह 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को अदालत में पेश किया गया था। कांबले पेशे से मजदूर हैं। वह 7 बच्चों का पिता और 11 बच्चों के दादा हैं। यह घटना 1 मई को पुणे जिले के नसरापुर गांव में हुई थी। बच्ची गर्मियों की छुट्टियों में अपनी नानी के घर आई हुई थी। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच कांबले ने उसे खाने-पीने की चीजें और गाय का नवजात बछड़ा दिखाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद वह उसे मवेशियों के तबेले के पास बने एक शेड में ले गया, जहाँ उसने उसके साथ रेप किया और फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी।


■ पुणे में तीन साल के बच्ची से किया था दुराचार फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई सजा

रायपुर
मंगलवार 30 जून 2026
आषाढ़, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 24, अंक : 340
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 36.3
न्यून. 27.0

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## रोजगार नहीं मिला तो बेरोजगारी भत्ता

यदि योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले किसी आवेदक को उसके आवेदन प्राप्त होने की तिथि से अथवा अग्रिम आवेदन की स्थिति में जिस तिथि से रोजगार की मांग की की गई हो, उनमें से जो भी तिथि बाद की हो, उससे पंद्रह दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता, तो ▶▶| शेष पेज 7 पर

## राशि मिलने में देर पर मुआवजा भी

यदि मजदूरी का भुगतान मस्टर रोल के बंद होने की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो मजदूरी चाहने वाला व्यक्ति मस्टर रोल के बंद होने के सोलहवें दिन से परे विलंब के प्रतिदिन अवैतनित मजदूरी की 0.05 प्रतिशत की दर से विलंब के लिए मुआवजे का भुगतान पाने का हकदार होगा।

## बैंक, पोस्ट ऑफिस खातों में आएगी राशि

मजदूरी का भुगतान,श्रमिकों के संबंधित बैंकों अथवा डाकघरों में स्थित उनके व्यक्तिगत बचत खातों के माध्यम से किया जाएगा। भुगतान में विलंब पर क्षतिपूर्ति के लिए प्रावधान किए गए हैं। क्षतिपूर्ति देय दिनांक से पंद्रह दिन की अवधि के बाद भुगतान के विलंब को मजदूरी भुगतान में विलंब के समान ही माना जाएगा।

## कल से हो रहा लागू छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार परिषद बनेगी सीएम होंगे अध्यक्ष

# वीबी रामजी, 15 दिनों में मजदूरी का भुगतान, काम नहीं मिला तो बेरोजगारी भत्ता, ठेकेदारों के माध्यम से नहीं होगा कोई काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

1 जुलाई से मनरेगा की जगह वीबी-रामजी लागू होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के इस अधिनियम के प्रारूप का अनुमोदन कैबिनेट की बैठक में पहले ही कर दिया है। अब राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने के लिए अधिसूचित कर दिया है। खास बात ये है कि नए एक्ट के तहत 125 दिनों के काम के साथ ही 15 दिनों के अंदर काम का भुगतान किया जाएगा। अगर मांगने पर भी किसी को काम नहीं मिला, तो उसे बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में राज्य ग्रामीण रोजगार परिषद का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होंगे।



### अब ये है रोजगार की गारंटी

राज्य सरकार द्वारा, राज्य के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, प्रत्येक परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, इस योजना के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन से अन्यून गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति, जिसने योजना के तहत उसे दिया गया कार्य किया है, प्रत्येक कार्य दिवस के लिए निर्धारित मजदूरी की दर से मजदूरी प्राप्त करने का हकदार होगा।

### मजदूरी मिलेगी हफ्ते में, पेमेंट 15 दिन में

*दैनिक मजदूरी का संवितरण साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा। किसी भी दशा में दैनिक मजदूरी का भुगतान, कार्य करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर किया जाएगा। नियम में यह भी शामिल है कि अगर इस योजना के तहत ठेकेदारों के माध्यम से कोई काम नहीं होगा। नियम तोड़ने वालों अधिकतम 10 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है।*

## खबर संक्षेप

### 7.5 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार



**अगरतला।** त्रिपुरा के उत्तर जिले में 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। रविवार रात दमछड़ा थाना क्षेत्र में नियमित जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी के दौरान 1.5 लाख 'याबा' की गोलियां बरामद की गईं।

### नीट मामले में आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2026 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार 10 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश विजेता सिंह रावत मामले में आगे की जांच के लिए हिरासत बढ़ाने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी पर सुनवाई कर रही थीं।

### आकाशीय बिजली से छह लोगों की मौत




**रांची।** झारखंड के चार जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो नाबालिगों समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रांची और गढ़वा जिलों में दो-दो लोगों की मौत की खबर है जबकि गुमला और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में एक-एक व्यक्ति की जान गई है। रांची जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई।

### पेट्रोल-डीजल पर बड़ी राहत कल से हटेगी अस्थायी पाबंदी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल को लेकर आम जनता को सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री और वितरण पर लगाई गई अस्थायी पाबंदियां वापस लेने का फैसला किया है। यह फैसला 1 जुलाई 2026 से लागू होगा। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने और काला बाजारी रोकने के लिए 12 जून 2026 को कुछ अस्थायी नियम लागू किए थे। इसके तहत एक वाहन को एक दिन में पेट्रोल पंप से अधिकतम 200 लीटर डीजल ही दिया जा सकता था।

### वेनेजुएला में फिर भूकंप के झटके



**ला ग्वायरा।** वेनेजुएला में पिछले हफ़्ते विध्वंसकारी भूकंप आने के बाद आम लोगों एवं बचावकर्मियों के बचाव एवं राहत कार्य में जुटे रहने के बीच सोमवार तड़के एक और तेज झटका महसूस किया गया। अमेरिकी भूगर्भविज्ञान सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर एक मिनट पर भूकंप के बाद का झटका महसूस किया गया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 थी।

## यूपी-गुजरात की तर्ज पर पश्चिम बंगाल में पब्लिक सेफ्टी बिल

# बंगाल में दंगाइयों की अब खैर नहीं बिना मुकदमे के 12 महीने तक जेल

**असामाजिक तत्वों को हिरासत में रखने के प्रावधान वाला विधेयक पारित**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*उत्तर प्रदेश और गुजरात की तर्ज पर पश्चिम बंगाल विधानसभा ने पश्चिम बंगाल सार्वजनिक सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। इस सख्त कानून का उद्देश्य राज्य में संगठित अपराध और दंगों पर प्रभावी रोक लगाना है। इसमें असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिना मुकदमे के 12 महीने तक एहतियातन हिरासत में रखने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से मुआवजा वसूल करने का भी प्रावधान किया गया है।*

खास खबर

असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिना मुकदमे के 12 महीने तक एहतियाती हिरासत में रखने का प्रावधान करने वाला एक विधेयक सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में पारित हो गया। पश्चिम बंगाल लोक सुरक्षा एवं असामाजिक गतिविधि नियंत्रण विधेयक, 2026 को 41 के मुकाबले 176 मतों से सदन ने पारित कर दिया। विधेयक पर मत विभाजन के दौरान 20 विधायक अनुपस्थित थे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सदन में कहा कि 'पश्चिम बंगाल लोक सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण विधेयक, 2026' का उद्देश्य दंगों और अन्य तरह की हिंसा की रोकथाम करना है। यह विधेयक लाने का औचित्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा कानूनों में हिंसा में सीधे या किसी अन्य तरह से शामिल लोगों से ▶▶| शेष पेज 7 पर

### चल और अचल संपत्ति भी जब्त करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान लोग सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति का नुकसान करने में लगे हुए थे। उन्होंने कहा, हम इस कानून का दुरुपयोग नहीं करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक या निजी संपत्ति को कोई नुकसान न हो। इस कानून को सख्ती से लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है; इसलिए यह आवश्यक है।



### अन्य राज्यों का किया उल्लेख

*मुख्यमंत्री शुभेंदु ने कहा कि इसी तरह के विधेयक अन्य राज्यों में भी पेश किए गए हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और झारखंड ने इसे लागू किया है। उन्होंने कहा, इसे लागू करने से पहले, मैं बता दूं कि पिछली सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।*

### हिरासत में लिए गए व्यक्ति को क्या अधिकार मिलेंगे?

बिल में कहा गया है कि अगर कोई आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो जाता है, तो अदालत के जरिए उद्घोषणा जारी कर उसकी संपत्ति के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी। बिल में यह भी प्रावधान है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को निर्धारित समय के भीतर गिरफ्तारी के कारण बताए जाएंगे। उसे अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। हालांकि अगर सरकार को लगे कि किसी जानकारी का खुलासा सार्वजनिक हित के खिलाफ है, तो वह उसे साझा नहीं करेगी।

### गैर-जमानती होंगे अपराध

इस बिल के प्रावधानों के अनुसार, इस कानून के तहत दर्ज सभी अपराध संज्ञेय होंगे और सभी अपराध गैर-जमानती होंगे। इसका मतलब यह हुआ कि पुलिस बिना वारंट के ही गिरफ्तारी कर सकेगी और आरोपियों को आसानी से जमानत नहीं मिल सकेगी। इस कानून के तहत प्रशासन को अधिकार होगा कि वह किसी भी संदिग्ध शख्स की तलाशी ले, उसके दस्तावेज और संपत्ति जब्त करे और अपराध से जुड़ी चल-अचल संपत्ति को कुर्क या जब्त करे।

### ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7 फीसदी

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य में ओबीसी श्रेणी के तहत समुदायों के आरक्षण से जुड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार के 2012 के अधिनियम में संशोधन करने वाले दो विधेयक सोमवार को पारित कर दिए। आरक्षण ढांचे को 17 फीसदी से घटाकर सात प्रतिशत करते हुए 66 समुदायों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण प्रदान किया गया है। तृणमूल कांग्रेस के कुछ बागी विधायकों के सदन से बहिर्गमन करने के बीच पारित किए गए।

### यूसीसी विधेयक का मसौदा अगले माह

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को घोषणा की कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक का मसौदा दो जुलाई को राज्य मंत्रिमंडल के सामने पेश किया जाएगा। विधानसभा में इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई उस समिति की अध्यक्षता करेंगी, जो यूसीसी विधेयक तैयार करेगी।

## सिर पर चढ़ गया ट्रक का पहिया, दो की मौत

- एनएच 43 पर बासेन के समीप हादसा
- एक गंभीर रूप से घायल, क्षेत्र में शोक का माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेदम

- दशकर्म कार्यक्रम की सूचना देने निकले थे युवक

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार युवकों को पहले तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मारी जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक दो युवकों के सिर को कुचलते हुए फरार हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देर रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है इसके साथ ही घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात 8.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बासेन में सीतापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बतौली की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 1719 सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हेलमेट ने बचाई एक युवक की जान

इस खतरनाक सड़क हादसे में बाईक चला रहे अकलसाय की जान हेलमेट पहनने से बच गई जबकि पीछे बैठे दोनों युवकों के सिर ट्रक के पहिए से कुचल गए ।जबकि इस हादसे में बचे युवक अकल साय डर से कांप रहा था जिसे डॉक्टरों ने रिफर कर दिया है।

## त्रि-भाषा नीति के लिए सीबीएसई ने जारी की नई गाइडलाइन

# 10वीं के विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़ने से छूट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को अपनी त्रि-भाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें कक्षा 10वीं के मौजूदा बैच के विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़ने से छूट दी गई है। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को एक बार की राहत देते हुए, सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि मौजूदा बैच को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, लेकिन वे दो विदेशी भाषाएं और एक भारतीय भाषा पढ़ सकते हैं। ये घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब एक महीने से अधिक पहले सीबीएसई ने घोषणा की थी कि एक जुलाई से 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कम से कम दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। सीबीएसई के इस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 2028 से लागू होगी त्रि-भाषा नीति

सीबीएसई ने कहा था कि दो-स्तरीय (स्टैंडर्ड और एडवांस्ड) नयी व्यवस्था के तहत पहली 10वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष 2028 में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा वर्ष 2026-27 में 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए होगी। हालांकि, 15 मई को बोर्ड ने स्पष्ट किया था कि विदेशी भाषा चुनने वाले विद्यार्थी ऐसा तभी कर सकेंगे, जब वे कम से कम दो भारतीय भाषाओं का अध्ययन कर चुके हों। ऐसे में विदेशी भाषा या तो तीसरी भाषा के रूप में चुनी जा सकेगी या अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में पढ़ी जा सकेगी।

### 2028 से लागू होगी त्रि-भाषा नीति

सीबीएसई ने कहा था कि दो-स्तरीय (स्टैंडर्ड और एडवांस्ड) नयी व्यवस्था के तहत पहली 10वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष 2028 में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा वर्ष 2026-27 में 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए होगी। हालांकि, 15 मई को बोर्ड ने स्पष्ट किया था कि विदेशी भाषा चुनने वाले विद्यार्थी ऐसा तभी कर सकेंगे, जब वे कम से कम दो भारतीय भाषाओं का अध्ययन कर चुके हों। ऐसे में विदेशी भाषा या तो तीसरी भाषा के रूप में चुनी जा सकेगी या अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में पढ़ी जा सकेगी।

## 'प्रथम पूजा' के साथ शुरू हुई अमरनाथ यात्रा





**तीन जुलाई से पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना होंगे श्रद्धालु**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को दक्षिण कश्मीर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में 'प्रथम पूजा' की, जिसके साथ इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत हो गयी। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि प्रशासन, श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड, सेना, पुलिस, सुरक्षा बल, स्थानीय समुदाय, सेवा प्रदाता और स्वयंसेवक पूरी समन्वय भावना के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सिन्हा ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, हर-हर महादेव!

## शिक्षिका के पक्ष में बड़ा फैसला

# रिटायरमेंट से एक दिन पहले पदोन्नत पद पर होगी ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने रिटायरमेंट से एक दिन पहले शिक्षिका के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने शासन को आदेश दिया है कि 30 जून की सुबह 11 बजे तक उनतके पदोन्नत पद पर नए स्कूल में ज्वाइनिंग दी जाए। दरअसल याचिकाकर्ता मीना सिंह सरगुडा ते अंबिकापुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शाला बंधियाचुआ में पदस्थ थीं। विभाग द्वारा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आदेश के पालन की मानिटरिंग करेगा कोर्ट

याचिका की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ता मीना सिंह को 30 जून की सुबह 11 बजे तक हर हाल में पूर्व माध्यमिक शाला बंधा, ब्लॉक लखनपुर में पदोन्नत पद पर ज्वाइन करने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को यह भी निर्देश ▶▶| शेष पेज 7 पर

## केतन मर्डर केस में हुआ एक और खुलासा

# मंगेतर से एक करोड़ रुपए लेकर दे दिया प्रेमी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुणे

हरिभूमि फॉलोअप

पुणे के अमीर कारोबारी के बेटे केतन अग्रवाल की हत्या की जांच कर रही पुलिस इस केस से जुड़े हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। इस केस में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में पुलिस ने यह भी आरोप लगाया है कि सिया ने शॉपिंग की बात कहकर केतन से 1 करोड़ रुपए लिए थे और बाद में उसने इस पैसे को चेतन को दे दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चेतन इस फंड से अपना बिजनेस और करियर जमाना चाहता था. आरोप है कि उसकी योजना था कि वह इस पैसे की मदद से अगले तीन साल में अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 3 जुलाई तक हिरासत में सिया-चेतन

पुणे की अदालत ने मर्डर केस के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को जमानत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने दोनों की पुलिस हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। जांच में यह भी सामने आया है कि हत्या की साजिश मई के अंत तक पूरी तरह तैयार हो चुकी थी और 14 जून को केतन की हत्या का पहला प्रयास भी किया गया था।

### उदयपुर घूमने गए थे सिया और चेतन

अब तक हुई इन्वेस्टिगेशन के मुताबिक, सिया और चेतन फरवरी में केतन से फरवरी में होने वाली सगाई से कुछ दिन पहले ही एक ग्रुप के साथ उदयपुर घूमने गए थे। पुलिस को भरोसा है कि इस दौरे पर दोनों ने जितना समय एक साथ बिताया था उससे बाद में हुई घटनाओं के क्रम को समझने में मदद कर सकती है। इस केस की जांच कर रहे अधिकारी इस दौरे की डिटेल्स, डिजिटल सबूत और दूसरे फॉरेंसिक सामग्री का अध्ययन कर रही है।

### केतन से कभी शादी करना नहीं चाहती थी सिया?

पुलिस को दिए बयानों में सिया ने बताया है कि वह कभी भी केतन से शादी करना नहीं चाहती थी, जबकि सार्वजनिक तौर पर दोनों एक साथ खुश नजर आते थे। उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दोनों की ढेरों फोटोग्राफ और वीडियोज और रील्स मौजूद हैं, जिनमें दोनों एक साथ बहुत खुश दिखते नजर आते हैं। हालांकि पुलिस ने आरोप लगाया है कि सिया का उसे शादी का कोई इरादा नहीं था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिया ने पुलिस को बताया कि वह केतन से कभी शादी करना नहीं चाहती थी।

## खबर संक्षेप

### धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में नियम और मानकों का उल्लंघन मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब



**बिलासपुर।** रायगढ़ जिले के हाथी प्रभावित धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में नियम और मानकों का उल्लंघन कर 33 केवी लाइन विस्तार को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकार और बिजली कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान राज्य और केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने नोटिस स्वीकार किया। जबकि निजी कंपनी को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दे दी है। जवाब मिलने के बाद एक सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को रिजॉइंडर दाखिल करने की अनुमति दी।सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि निजी कंपनी की ओर से जवाब पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उस जवाब पर भी प्रत्युत्तर सबमिट करने की छूट दी। जनहित याचिका पर अगली सुनवाई 13 जुलाई 2026 को तय की गई है। याचिका में बताया है कि धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम भालूपखना स्थित धनबादा पावर की 7.50 मेगावाट लघु जल विद्युत परियोजना के लिए आवश्यक वन स्वीकृतियां प्राप्त किए बिना वन एवं राजस्व भूमि में गैर-वानिकी गतिविधियां संचालित की गईं तथा 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन विस्तार में भी नियमों की अनदेखी की गई। याचिका में दावा किया गया है कि भालूपखना से चरखापारा तक 11 केवी विद्युत लाइन के नवीनीकरण कार्य के दौरान सीएसपीडीसीएल के नए पोल लगाए गए।

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ देर से पहुंचे आग बुझाने, पांच निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलरामपुर

खास खबर

आग लगने की तुरंत सूचना के बाद भी देरी व आधी अधूरी तैयारी पहुंचना दमकल कर्मियों को महंगा पड़ गया है। कलेक्टर ने फायर इंचार्ज समेत पांच पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है।

सोमवार को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप एक मकान में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन इस दौरान कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। दमकल की टीम पहले तो घटना स्थल पर काफी विलंब से पहुंची। इसके साथ ही दमकल के वाहन में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद वाहन में पानी भरने की प्रक्रिया शुरू की गई । जिससे आग बुझाने के कार्य में अनावश्यक विलंब हुआ। आग पर नियंत्रण पाने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा। इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। इसके साथ ही मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने तत्काल रूप से जिला सेनानी नगर सेना को दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में अनुशासनहीनता एवं अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर फायर इंचार्ज सजय पटेल, सैनिक राजेन्द्र प्रसाद, बुद्धिनारायण दुबे, फासिस जेवियर, पंप आपरेटर कम वाहन चालक सुनील एक्का फायरमैन को होमगार्ड अधिनियम की धारा 13 नियम 12 में दिये गये प्रावधान के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**कलेक्टर के निर्देश पर फायर मैन, सैनिक, पंप ऑपरेटर पर की गई कार्रवाई**

### नगर सैनिक के घर में लगाई गई आग

बताया जा रहा है कि उक्त घर एक महिला नगर सैनिक का है। महिला नगर सैनिक शंकरगढ़ में पदस्थ है और बलरामपुर जिला मुख्यालय में पति के साथ किराए के मकान में रहती है। महिला नगर सैनिक दो दिन पूर्व ही वापस ड्यूटी पर लौटी थी। इधर लोगों का कहना है कि महिला नगर सैनिक के पति ने ही घर में आग लगाई थी और मौके से भाग गया। फिलहाल इस आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है।



कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज के ग्राम धवलपुर की घटना

# मवेशी खोजने गए युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोरबा

कटघोरा वन मंडल में अपना स्थायी ठिकाना बना चुके हाथियों का आतंक लगातार बढ़ते ही जा रहा है। रविवार की रात मवेशी की तलाश में जंगल पहुंचे एक युवक पर हाथी ने हमला कर मौत के घात उतार दिया है। हाथी हमले की घटना की सूचना पर वन अमले की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। वहीं घटना के बाद वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में 10 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि रविवार की रात ग्राम धवलपुर के बंधवापारा निवासी संतोष कुमार गोड़ पिता शिवमंगल गोड़ उम्र 40 वर्ष रात लगभग 9 बजे अपने मवेशियों की तलाश में गांव से लगे जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान कक्ष क्रमांक पी-270 बासीन परिसर में पहले से डेरा डाले हाथियों के झुंड में से एक एक दंतैल हाथी से संतोष का सामना हो गया और दंतैल हाथी ने संतोष को देखते ही उस पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। देर रात को हाथी हमले की सूचना मिलते ही कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर तत्काल वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को जंगल की ओर किसी तरह खदेड़ा गया। जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू की। पंचनामा के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। वहीं सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध कराई गई। वहीं हाथी हमले से ग्रामीण की मौत होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

**दस हाथियों का झुंड जटगा रेंज में कई दिनों से कर रहा है विचरण**

### एक सप्ताह के भीतर हमले से दूसरी मौत

कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जो अगल अलग झुंड में विभक्त हो गया है जिससे वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले में दूसरी मौत से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले एक लोनर हाथी ने केंदई रेंज के पतुरियाडांड में एक वृद्ध महिला को कुचल दिया था जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता है कि अब फिर से जटगा रेंज में दूसरी घटना सामने आयी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जंगल में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया उपलब्ध करानी चाहिए। वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं हालांकि वन अमले की टीम गांव गांव में मुनादी कर सतर्क जरुर कर रही है लेकिन जानमाल की नुकसान से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है।




### मवेशी खोजने या फिर हाथी खदेड़ने गए थे ग्रामीण



वन विभाग के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि ग्रामीणों ने संतोष को मवेशी खोजने जाने की बात उन्हें दी है लेकिन वन विभाग के प्रारंभिक जांच में हाथी आने की सूचना पर संतोष व कुछ अन्य ग्रामीण हाथी को खदेड़ने पहुंचे थे। इसी दौरान जब एक दंतैल हाथी ने पलट कर उन्हें दौड़ाया है तब संतोष हमले का शिकार हुआ है। हालांकि अधिकारियों ने इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा मुनादी कर हाथी के नजदीक ना जाने व घरों में रहने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और घटना के शिकार हो जाते हैं।

# दो पत्नी रखने की जिद टॉवर पर चढ़ा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुद





भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेंड्रा में रविवार शाम एक बार फिर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक बिजली टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर करीब ढाई घंटे बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बता दें कि उक्त युवक पहले भी टॉवर पर चढ़कर सनसनी फैला चुका है। दरअसल उसकी दो पत्नियां हैं, दोनों के बीच विवाद होते रहने से वह परेशान है। पिछली बार वह इसी शर्त पर उतरा था कि दोनों पत्नियां मिलजुलकर रहेंगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वह फिर टॉवर पर चढ़ गया।

■ पुलिस की समझाइश से टली बड़ी घटना

पुलिस के अनुसार ग्राम भेंड्रा निवासी यादराम साहू शाम को गांव के पास स्थित हाईटेंशन ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ गया था। युवक को ऊंचाई पर देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इसकी जानकारी भखारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक से बातचीत कर उसे नीचे आने के लिए समझाया। काफी देर तक चले प्रयास के बाद युवक नीचे उतरा। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई। इस घटना के बाद गांव में लोगों के बीच चिंता का माहौल बन गया।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी

सरपंच हिरेन्द्र मंडावी ने बताया कि युवक शाम करीब 5 बजे टावर पर चढ़ा था। पुलिस को सूचना देने के बाद टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद उसे सुरक्षित उतारा गया। भखारा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया है। मामले में नियमानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# रामगढ़ महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अम्बिकापुर

पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रामगढ़ महोत्सव प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, इतिहास, पुरातत्व, साहित्य और पर्यटन का अद्भुत संगम है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

■ रामगढ़ महोत्सव बनेगा आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली विरासत से जोड़ने का माध्यम : राजेश

मंत्री श्री अग्रवाल सोमवार को रार्मगढ़ में आषाढ़ के प्रथम दिवस पर आयोजित दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ महोत्सव के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि रामगढ़ केवल सरगुजा ही नहीं, बल्कि पूरे देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। राज्य सरकार इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि रामगढ़ भारत की प्राचीन सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल का समय यहां व्यतीत किया था। उन्होंने कहा कि महाकवि कालिदास ने भी यहीं मेघदूतम्‌ की रचना की थी। सीताबेंगरा, जोगीमारा, राम-जानकी मंदिर तथा हाथीपोल जैसे ऐतिहासिक स्थल विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने की क्षमता रखते हैं।

### समापन समारोह में आएंगे सीएम आज



उन्होंने कहा कि रामगढ़ महोत्सव क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ सरगुजा की ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष राम किशुन सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, जिपं सदस्य श्रीमती राधा रवि एवं श्रीमती रायमुनिया कुरियम, जनपद पंचायत अध्यक्ष आलोक सिंह, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, पार्षद आलोक दुबे, एल्डरमैन करता राम गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# युवक ने फांसी लगा दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उकारी निवासी 30 वर्षीय कन्हैया लाल सिंहा पिता स्व. बिदे सिंह सिन्हा 28 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने घर के परछी में सफेद रंग के गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# हैवान में विलेन बनकर सैफ से भिड़ेंगे अक्षय

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। सैफ अली खान ने अब अक्षय कुमार के किरदार के बारे में कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने खुलासा कर दिया है कि आखिर अक्षय का रोल फिल्म में कैसा होगा? सैफ ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार हैवान में एक नेगेटिव किरदार निभाने वाले हैं जो कि काफी खतरनाक होगा। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया, 'हम बहुत किस्मत वाले हैं कि वह फिल्म में यह रोल निभा रहे हैं। यह और भी रोमांचक है क्योंकि यह एक खतरनाक, नेगेटिव रोल है, और मैंने उन्हें ऐसा करते हुए बहुत कम देखा है।



## टीवी मसाला




# ऑटिज़्म और स्वीकार्यता की प्रेरणादायक कहानी 'जूही मुई'

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल 'जूही मुई' का प्रीमियर सोमवार 29 जून को हुआ। यह सीरियल हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इसमें प्रमुख कलाकार संजय सूरी, ईशा सिंह, विजयेंद्र कुमेरिया, साई देवधर, कुशाग घुगे और अयूब खान हैं। कहते हैं, 'हर दिमाग अपनी तरह से चमकता है।' ऐसे समय में जब समाज व्यक्तिगतता का जश्न मनाता है, लेकिन उसे समझने में अक्सर संघर्ष करता है। कलर्स लेकर आ रहा है 'जूही मुई' एक दिल छू लेने वाली कहानी एक युवा ऑटिस्टिक लड़की की, जो ऐसे संसार में जी रही है, जो उसे लगातार कम आंकता है। कहानी के केंद्र में है जूही सूरी एक तेज़ और उज्ज्वल युवती, जिसकी दुनिया को देखने का अनोखा तरीका उसकी सबसे बड़ी ताक़त भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। असाधारण याददाश्त और पैनी सोच से लैस जूही के पास ऐसी क्षमताएं हैं, जो उसे दूसरों से अलग बनाती हैं। लेकिन, अपनी प्रतिभा के बावजूद जूही अक्सर इस वजह से आंकी जाती है कि वह अलग है और समाज की संकीर्ण परिभाषा के हिसाब से 'नॉर्मल' नहीं मानी जाती। कानून के चेंबर के अनुशासन में अपने भाई करण के साथ पली-बढ़ी जुही ने बचपन से ही अपने स्नेही पिता राजेंद्र सूरी को देखा, जो एक सम्मानित वकील हैं और अपनी खुद की प्रैक्टिस चलाते हैं। वह रोज़ाना जिस दुनिया से लड़ते हैं, उससे जुही को बचाकर रखते हैं। जुही का दिमाग़ कानून के लिए ही बना है उसे धाराएं शब्दशः याद रहती हैं, वह मिसालों को तुरंत जोड़ लेती है और वे बारीकियां देख लेती हैं, जो दूसरों की नज़र से छूट जाती हैं। पिता का ओवरप्रोटेक्टिव स्वभाव और भाई की नज़र में 'जीनियस' कहलाने वाली जुही को सामान्य तरीके से देखने वाला एकमात्र इंसान है इंस्पेक्टर सन्यम सिंह। एक ज़मीन से जुड़ा, सहज प्रवृत्ति वाला पुलिस अफ़सर, जो उसका सबसे अप्रत्याशित साथी बनता है। इस सफ़र में कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या हमें लोगों से यह उम्मीद करनी चाहिए कि वे सिस्टम में फिट होने के लिए बदलें, या फिर अब समय आ गया है कि सिस्टम को बदला जाए।

## लाइफ Style

# अनन्या

## ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई


अनन्या पांडे ने हाल ही में बताया है कि वह ट्रेंड को क्यों नहीं फॉलो करती हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से एक अपील भी की है। सेलिब्रिटी पर हमेशा ट्रेंड्स के साथ चलने का दबाव रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फैंस उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। उन पर ये दबाव इसलिए भी रहता है कि क्योंकि ब्यूटी ट्रेंड्स रातों-रात बदल जाते हैं।

अनन्या पांडे के लिए, आज खूबसूरती का मतलब ट्रेंड्स को फॉलो करना नहीं, बल्कि अपनी असलियत को अपनाना है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि वह कभी भी ब्यूटी ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागतीं, बल्कि वही चीजें अपनाती हैं, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से पसंद आती हैं। 'कॉल मी बे' की एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं ट्रेंड्स को फॉलो वालों में से नहीं हूं। मुझे असल में ऑनलाइन सर्च करना पड़ता है कि अभी क्या ट्रेंड कर रहा है, वरना मुझे पता ही नहीं चलेगा। मुझे बस इतना पता है कि मेरे लिए क्या सही है।' अनन्या को फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' और 'चांद मेरा दिल' जैसी हालिया फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली, हालांकि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाईं। सफलता और असफलता दोनों का अनुभव कर चुकीं यह एक्ट्रेस बड़े पर्दे के जादू में पक्का यकीन रखती हैं। अनन्या पांडे कहती हैं 'मुझे लगता है कि सिनेमा हमेशा रहेगा। मुझे थिएटर में जाकर हर तरह की फिल्में देखना पसंद है। मुझे सबसे ज्यादा मजा हर हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्में देखने में आता है। मेरे लिए, फिल्में देखना मेरे बड़े होने का एक अहम हिस्सा रहा है। मैं नई पीढ़ी को थिएटर जाकर फिल्में देखने और हमारे सिनेमा को जिंदा रखने के लिए प्रोत्साहित करूंगी।'

# सीआईडी से पहले दूरदर्शन की जान था ये क्राइम शो

*आज जब भी भारतीय टीवी के सबसे लोकप्रिय क्राइम शोज की बात होती है तो सबसे पहले सीआईडी का नाम याद आता है। लेकिन, उससे कई साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा शो आया था, जिसने दर्शकों को हर रविवार टीवी के सामने बैठने पर मजबूर कर दिया था।*

**नई दिल्ली।** यह शो था 'तहकीकात', जिसमें हर हफ्ते एक नई मर्डर मिस्ट्री, नए किरदार और चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिलते थे। शानदार कहानी, सस्पेंस और बेहतरीन अभिनय ने इसे 90 के दशक का सबसे चर्चित क्राइम सीरियल बना दिया। खास बात यह थी कि इस शो में कई बॉलीवुड कलाकार भी गेस्ट रोल में नजर आते थे, जिससे हर एपिसोड को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ जाती थी।'तहकीकात' की सबसे बड़ी खासियत इसकी अलग-अलग कहानियां थीं। हर एपिसोड में एक नया केस होता था, जिसमें हत्या या किसी रहस्यमय अपराध की गुत्थी सुलझाई जाती थी। जांच के दौरान कई संदिग्ध सामने आते थे और कहानी ऐसे मोड़ लेती थी कि असली अपराधी का अंदाजा लगाना आसान नहीं होता था। यही वजह थी कि दर्शक शुरुआत से लेकर अंत तक टीवी स्क्रीन से नजरें नहीं हटाते थे। उस दौर में जब क्राइम और इन्वेस्टिगेशन आधारित शो बहुत कम थे, तब 'तहकीकात' ने अपनी अलग पहचान बनाई।



इस शो में मशहूर फिल्मकार और अभिनेता विजय आनंद ने जासूस सैम डिसिल्वा का किरदार निभाया था, जबकि सौरभ शुक्ला उनके सहायक गोपी के रोल में नजर आए थे। दोनों की शानदार केमिस्ट्री और केस सुलझाने का अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया। गंभीर जांच के बीच हल्का-फुल्का हास्य भी देखने को मिलता था, जिससे शो और भी मनोरंजक बन जाता था। इन दोनों कलाकारों की दमदार एक्टिंग ने

# सामंथा की फिल्म ने तोड़ा अनुष्का का रिकॉर्ड

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की हालिया रिलीज फिल्म 'मां इंटी बंगारम' पर लगातार पैसों की बारिश हो रही है। इसके साथ ही अब यह महिला प्रधान दक्षिण भारतीय फिल्मों की लिस्ट में 'अरुंधति' को पछाड़ कर पहले नंबर पर आ गई है। अब तक इस लिस्ट में 2009 में रिलीज हुई अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म 'अरुंधति' पहले स्थान पर थी। यह साउथ सिनेमा की उन महिला प्रधान फिल्मों में से एक है, जिसने बॉक्स आफिस पर तगड़ा कलेक्शन किया था। 'अरुंधति' ने उस दौर में वर्ल्ड वाइड लगभग 70 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद कई वर्षों तक यह



तेलुगु सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म बनी रही। अब हालिया रिलीज 'मां इंटी बंगारम' ने महज 10 दिनों के अंदर 70 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया। ऐसे में अब यह फिल्म तेलुगु सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म बन चुकी है। फिल्म 'मां इंटी बंगारम' ने दसवें दिन अपने दूसरे रविवार को भी 5 करोड़ 30 लाख रुपए का कारोबार किया। फिल्म का वर्ल्ड वाईड कलेक्शन 78.71 करोड़ रुपए हो चुका है जबकि भारत में फिल्म की ग्रॉस कमाई 55.86 करोड़ रुपये है।



# करुप्पु की कामयाबी के बाद मिली नई मूवी

**मुंबई।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत 29 जून 2 को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए।

## लॉक अप 2 में राम के बर्ताव की आलोचना

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप' का नया सीजन अभी शुरू ही हुआ है, मगर



इसने तीखी बहस, अचानक झगड़ों और ढेर सारे ड्रामे से दर्शकों को बांधा है। हाल ही में एक टास्क के दौरान होस्ट और जेलर रितेश देशमुख के साथ एक्टर राम कपूर की तीखी बहस हो गई। इसके बाद ऑनलाइन चर्चा शुरू हो गई। शो में राम कपूर ने पानी मांगा। जब उन्हें पानी नहीं मिला, तो वह आपा खो बैठे और मेकर्स को चेतावनी देते हुए कहा 'मैं काफी देर से पानी मांग रहा हूं। आप लोग हमसे यह सब करवा रहे है, लेकिन पानी नहीं दे रहे। यह सही नहीं है।

# आवारापन 2 का धमाकेदार टीजर रिलीज एक्शन अवतार में नजर आए इमरान



**मुंबई।** विशेष फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर 29 जून को 'आवारापन 2' का टीजर रिलीज कर दिया है। 2007 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'आवारापन' के 19 साल के लंबे समय बाद आखिरकार इसका सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। टीजर में इमरान हाशमी जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। वहीं दिशा पाटनी की प्यारी झलक भी सामने आई है। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' के टीजर की शुरुआत इन लाइन से शुरू होती है- 'कछ लोगों की कहानिंया उनकी मर्जी से खत्म नहीं होती है, उनकी कहानी दूसरों के लिए लिखी जाती है।' इसी के साथ फिल्म में इमरान को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके साथ ही शबाना आजमी और दिशा पाटनी की खास झलक भी दिखाई गई है। विशेष फिल्म्स ने आज आधिकारिक तौर पर 'आवारापन 2' के टीजर को रिलीज करके इमरान हाशमी के प्रशंसकों को खुश कर दिया है। 'आवारापन 2' 14 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है।

# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं मिली बॉबी ब्राउन

मुंबई। हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'एनोला होम्स 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह एक बार फिर मशहूर यंग डिटेक्टिव के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में एक्शन, रोमांस, ड्रामा और कॉमेडी सब कुछ है, और इसी वजह से



मिली को लगता है कि वह हिंदी फिल्मों के लिए भी परफेक्ट हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में मिली ने बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल, मैं कभी मना नहीं करूंगी। इंडिया मेरी बकेट लिस्ट में है। मैं वहां जाना चाहती हूं। मैं कुछ भी करने के लिए तैयार हूं, खासकर कॉमेडी क्योंकि मैं एक फनी गर्ल हूं।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वह हिंदी फिल्मों में डांस करने के लिए तैयार होंगी, तो उन्होंने तुरंत हां कहा। उन्होंने खुशी-खुशी बताया, 'मुझे डांस करना बहुत पसंद है।' मिली ने बहुत छोटी उम्र में एक्टिंग शुरू कर दी थी और उन्हें असली पहचान नेटफ्लिक्स के शो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' से मिली, जिसमें उन्होंने 'इलेवन' का किरदार निभाया। इस रोल के बाद वह दुनिया भर में मशहूर हो गईं। इसके अलावा मिली गॉडजिला: किंग ऑफ द मॉन्सटर्स और गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। बाद में उन्होंने एनोला होम्स में लीड रोल निभाया और इस फिल्म की प्रोड्यूसर भी बनीं, जो उनके करियर का एक बड़ा कदम माना जाता है।

HEALTH INITIATIVE
Meril Treatment Zaroori Hai
Issued in public interest, for you and your loved ones, by Meril.

# घुटनों के उपचार का नया दौर, आर्थराइटिस के मरीजों को दे रहा है नई उम्मीद

आजकल घुटने का दर्द बहुत आम हो गया है, खासकर बड़ों में, उम्र बढ़ने, लाइफस्टाइल में बदलाव, वज़न से जुड़े स्ट्रेस और लंबे समय तक जोड़ों में खिंचाव की वजह से। कई मरीज़ों में, यह हालत धीरे-धीरे बढ़ती है क्योंकि घुटने का जोड़ समय के साथ घिसता जाता है, जिससे लगातार दर्द, अकड़न और चलने, बैठने या सीढ़ियाँ चढ़ने जैसे रोज़ाना काम करने में दिक्कत होती है। जब दवाइयों, फिजियोथेरेपी और इंजेक्शन जैसे नॉन-सर्जिकल इलाज से काफ़ी आराम नहीं मिलता, तो अक्सर घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बारे में सोचा जाता है।

आजकल, जोड़ों की रिप्लेसमेंट सर्जरी मरीज़ों को अलग-अलग तरह के इलाज देती है, जिसमें पारंपरिक टोटल नी रिप्लेसमेंट (TKR) और रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट शामिल हैं। दोनों तकनीकें दर्द से राहत देने, चलने-फिरने की क्षमता वापस लाने और खराब जोड़ों की सतहों को आर्टिफिशियल इम्प्लांट से बदलकर जोड़ों के काम को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। तकनीक का चुनाव कई बातों पर निर्भर करता है, जिसमें मरीज़ की शारीरिक बनावट, आर्थराइटिस की गंभीरता, विकृति, पूरी सेहत की स्थिति और सर्जन का क्लिनिकल असेसमेंट शामिल है। जैसे-जैसे सर्जिकल तकनीकें बेहतर हो रही हैं, आज मरीज़ों के पास ऐसे इलाज के ऑप्शन हैं जिन्हें उनकी अपनी ज़रूरतों और रिकवरी के लक्ष्यों के हिसाब से बनाया जा सकता है।




**डॉ. सुशील शर्मा**
**जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, मेडिशाइन हॉस्पिटल, रायपुर**

"मैं जिन ज़्यादातर मरीज़ों को एडवांस्ड आर्थराइटिस के साथ देखता हूँ, वे पहले ही ऐसी स्टेज पर पहुँच चुके होते हैं जहाँ दर्द रोज़ाना के कामों पर भी असर डालता है। ऐसे मामलों में, कन्वेंशनल TKR एक बहुत भरोसेमंद प्रोसीजर है। सही प्लानिंग और बैलेंस्ड इम्प्लांट पोज़िशनिंग के साथ, हम अलाइनमेंट ठीक कर पाते हैं और दर्द को काफ़ी कम कर पाते हैं, जिससे मरीज़ स्टेबिलिटी के साथ वापस चल पाते हैं। इसका मकसद सिर्फ़ डैमेज जॉइंट को ठीक करना ही नहीं है, बल्कि मरीज़ों को मूवमेंट में कॉन्फिडेंस वापस लाने और ज़्यादा एक्टिव लाइफस्टाइल में लौटने में भी मदद करना है।"




**डॉ. सचिन मॉल**
**रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, श्री शंकरा हॉस्पिटल, रायपुर**

"रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी में मैंने जो देखा है, वह यह है कि यह हड्डी तैयार करते समय कितनी सटीकता देती है। अकड़न या गंभीर डिफॉर्मिटी वाले मामलों में, उस गाइडेड कंट्रोल से मुझे ज़्यादा सोच-समझकर सुधार करने में मदद मिलती है और सर्जरी का पूरा कॉन्फिडेंस बढ़ता है। इससे मैं सर्जिकल प्लान को ज़्यादा सटीकता से पूरा कर पाता हूँ, खासकर एनाटॉमिकली मुश्किल घुटनों में। ऐसी सटीकता तब खास तौर पर काम आती है जब गंभीर डिफॉर्मिटी वाले मरीज़ों का इलाज किया जाता है, जहाँ बैलेंस और अलाइनमेंट पाना टेक्निकली ज़्यादा मुश्किल हो सकता है।"



**डॉ. प्रीतम अग्रवाल**
**रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, श्री नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर**

"घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में, मेरे लिए सिर्फ़ टेक्निक ही नहीं, बल्कि हर केस को प्लान करने का तरीका भी बदला है। पहले, ज़्यादातर अलाइनमेंट असेसमेंट सर्जरी के दौरान ही हो जाता था। आज, मैं ऑपरेशन से पहले जॉइंट मैकेनिक्स और संभावित डिफॉर्मिटी को समझने में ज़्यादा समय बिताता हूँ। इससे मुझे हर केस को ज़्यादा क्लैरिटी से देखने में मदद मिलती है और सर्जरी के दौरान अनप्रेडिक्टेबलनेस कम होती है। ध्यान से प्लानिंग करने से मुझे पहले से चैलेंज का अंदाज़ा लगाने और ज़्यादा सोच-समझकर फ़ैसले लेने में मदद मिलती है, खासकर उन मरीज़ों में जिन्हें लंबे समय से आर्थराइटिस, अकड़न या कॉम्प्लेक्स जॉइंट डिफॉर्मिटी है।"



**डॉ. अंकुर गुप्ता**
**जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, सद्भावना हॉस्पिटल, नया रायपुर**

"घुटने के आर्थराइटिस का हर मामला अलग होता है, और नतीजे सर्जरी से पहले ध्यान से जांच करने पर बहुत ज़्यादा निर्भर करते हैं। आज भी, जब अलाइनमेंट, बैलेंस और सॉफ्ट टिशू को ठीक से संभाला जाता है, तो पारंपरिक नी रिप्लेसमेंट बहुत भरोसेमंद और अंदाज़े वाले नतीजे देता है। मेरा ध्यान हमेशा इस बात पर रहता है कि सर्जरी के बाद रोज़ाना के कामों के दौरान जोड़ स्थिर महसूस हो और नैचुरली काम करे। उतना ही ज़रूरी है सही उम्मीदें तय करना और एक ऐसा पर्सनल ट्रीटमेंट प्लान बनाना जो हर मरीज़ की खास ज़रूरतों, लाइफस्टाइल और मोबिलिटी के लक्ष्यों को पूरा करे।"

जैसे-जैसे जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आगे बढ़ रही है, सर्जन इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि रोबोटिक-असिस्टेड और कन्वेंशनल नी रिप्लेसमेंट तकनीकें, दोनों ही मॉडर्न ऑर्थोपेडिक केयर में ज़रूरी भूमिका निभाती हैं। आखिरी मकसद वही रहता है यानी दर्द से राहत, मूवमेंट वापस लाना, और मरीज़ों को ज़्यादा एक्टिव और खुशहाल ज़िंदगी जीने में मदद करना।

## जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लाभ




*दिखाई गई तस्वीरें केवल प्रतिनिधित्व के उद्देश्य से हैं और घुटने की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती हैं। किसी भी उत्पाद से समानता मात्र संयोग है।

डिस्क्लेमर: यह लेख सामान्य जागरूकता के लिए सार्वजनिक हित में लिखा गया है और इसका उद्देश्य पेशेवर चिकित्सा सलाह या किसी चिकित्सीय स्थिति के उपचार/इलाज का विकल्प नहीं है। इसमें व्यक्त किए गए विचार प्रामाणिक स्रोतों के अध्ययन पर आधारित हैं। कृपया कोई भी उपचार/दवा शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर / पंजीकृत चिकित्सक से परामर्श जरूर करें।

## चिंतन

# छात्रों पर नहीं हो बेवजह का दबाव

आज के प्रतियोगी जमाने में छात्रों पर अनावश्यक दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ज्ञान बढ़ाने के लिए तो अतिरिक्त भाषा ठीक है, लेकिन इसे बेवजह दबाव के रूप में लिया जाना किसी भी रूप में ठीक नहीं होगा। एक तरह से देखा जाए तो त्रिभाषा को लेकर सरकार का फैसला ठीक है। इससे बच्चों पर दबाव कम होगा और छात्र अपनी मर्जी के मुताबिक तीसरी भाषा को चुन पाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सीबीएसई द्वारा तीन-भाषा नीति को लेकर जारी नई गाइडलाइन ने लाखों छात्रों और अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान 10वीं के छात्रों के साथ-साथ अभी 7वीं, 8वीं और 9वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों को 10वीं बोर्ड में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। हालांकि सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि 2026-27 में कक्षा छह में प्रवेश लेने वाले नए बैचों पर तीन-भाषा नीति पूरी तरह लागू होगी। यह निर्णय इसलिए उचित माना जा सकता है, क्योंकि इन छात्रों के पास नई व्यवस्था के अनुसार पढ़ने के लिए पर्याप्त समय होगा। साथ ही स्कूल स्तर पर तीसरी भाषा के मूल्यांकन और आवश्यक छूट का प्रावधान यह संकेत देता है कि बोर्ड चरणबद्ध तरीके से बदलाव लागू करना चाहता है। शिक्षा सुधार में यही संतुलन सबसे अधिक आवश्यक होता है। यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षा सुधार का उद्देश्य छात्रों की क्षमता को बढ़ाना होना चाहिए, न कि उन पर ऐसा अतिरिक्त बोझ डालना, जिससे पढ़ाई तनाव का कारण बन जाए। आज का छात्र पहले ही कई मोर्चों पर दबाव झेल रहा है। बोर्ड परीक्षाएं, जेईई, नीट, सीयूईटी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कोचिंग का बढ़ता चलन और करियर की अनिश्चितता उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में यदि अचानक नई भाषा को बोर्ड परीक्षा के साथ जोड़ दिया जाता, तो यह लाखों छात्रों के लिए अतिरिक्त तनाव का कारण बन सकता है। इसलिए सीबीएसई ने संक्रमण काल के छात्रों को राहत देकर व्यावहारिक और संवेदनशील निर्णय लिया है। अब सरकार को जेन जी विशेषकर स्कूली छात्रों पर फोकस करने की जरूरत है, क्योंकि यह वर्ग हर मामले में सरकार से 100 प्रतिशत डिलीवरी की उम्मीद करता है। कम्प्यूटर युग में पैदा हुए इस वर्ग को तकनीक से भी कोई दिक्कत नहीं है और इसे अपनाने के लिए वह हमेशा से तैयार है। सरकार को भी चाहिए कि वह परीक्षाओं में तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग करे और परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखे। इसमें तकनीक का अहम योगदान हो सकता है और आज का युवा इससे डरता भी नहीं है। सरकार को यह भी समझना होगा कि आज का छात्र केवल डिग्री नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षा और स्पष्ट करियर अवसर चाहता है। यदि नई शिक्षा नीति इन तीनों अपेक्षाओं को पूरा करती है, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य सफल माना जाएगा। शिक्षा में सुधार का अर्थ केवल पाठ्यक्रम बदलना नहीं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता को भी हर तरह से मजबूत करना होता है। भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं होती, बल्कि संस्कृति और पहचान का आधार भी मानी जाती है। इसलिए भाषा नीति को किसी भी बोझ के बजाय अवसर के रूप में लागू किया जाना चाहिए। यदि सरकार और शिक्षा बोर्ड पर्याप्त संसाधनों, प्रशिक्षित शिक्षकों और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ इस नीति को आगे बढ़ाते हैं, तो यह भारतीय भाषाओं को मजबूत करने के साथ-साथ छात्रों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



अल नीनो

राज कुमार सिन्हा

# भारत के भविष्य पर मंडराता संकट

साल के आखरी महीनों में एक अत्यधिक शक्तिशाली अल नीनो उभरने की पूरी आशंका है। वैज्ञानिकों ने भारत पर पड़ने वाले इस संभावित अल नीनो के प्रभाव को चार प्रमुख तिमाहियों में विभाजित किया है, जो देश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने पर असर डालेगा। पहला जून से सितंबर 2026 में मॉनसून पर संकट और बुवाई में देरी, दूसरा अक्टूबर से दिसंबर तक खरीफ फसलों को नुकसान और बढ़ती महंगाई और तीसरा जनवरी से मार्च 2027 तक गर्म सर्दियां और रबी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव शामिल है। प्रशांत महासागर में विकसित होने वाली जलवायु घटना अल नीनो केवल भारत की कृषि, जल, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाली वैश्विक जलवायु प्रक्रिया है।

ताजा पूर्वानुमानों के अनुसार, 2026 के आखरी महीनों में एक अत्यधिक शक्तिशाली अल नीनो उभरने की पूरी आशंका है। वैज्ञानिकों ने भारत पर पड़ने वाले इस संभावित अल नीनो के प्रभाव को चार प्रमुख तिमाहियों में विभाजित किया है, जो देश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने पर असर डालेगा। पहला जून से सितंबर 2026 में मॉनसून पर संकट और बुवाई में देरी, दूसरा अक्टूबर से दिसंबर तक खरीफ फसलों को नुकसान और बढ़ती महंगाई और तीसरा जनवरी से मार्च 2027 तक गर्म सर्दियां और रबी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव शामिल है। प्रशांत महासागर में विकसित होने वाली जलवायु घटना अल नीनो केवल एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि भारत की कृषि, जल, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाली वैश्विक जलवायु प्रक्रिया है।

वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण अल नीनो की तीव्रता और अनिश्चितता दोनों बढ़ रही हैं, जिससे भारत जैसे मानसून-निर्भर देश के लिए इसके खतरे और गंभीर हो गए हैं। सामान्य परिस्थितियों में प्रशांत महासागर की व्यापारिक पवनें (ट्रेड विन्डस) गर्म जल को पश्चिम की ओर एशिया और ऑस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं। जब ये पवनें कमजोर पड़ जाती हैं, तब मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर का समुद्री तापमान सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इसी स्थिति को अल नीनो कहा जाता है। यह घटना वैश्विक वायुमंडलीय परिसंचरण को बदल देती है और भारतीय मानसून को कमजोर कर सकती है। भारत की लगभग आधी कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। देश के जलाशय, भूजल पुनर्भरण, बिजली उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दक्षिण-पश्चिम मानसून पर निर्भर हैं। अल नीनो सीधे मानसून को प्रभावित करता है, इसलिए इसका प्रभाव बहुआयामी होता है। अल नीनो का सबसे बड़ा प्रभाव भारतीय मानसून पर पड़ता है।

विगत कई वर्षों के मानसून अध्ययन से पता चलता है कि भारत में बड़े सूखे अल नीनो आए हैं। मानसून कमजोर होने पर वर्षा की मात्रा घटती है और उसका वितरण भी असमान हो जाता है। देर से मानसून आगमन लंबे "ड्राई स्पेल" हैं और अचानक अत्यधिक वर्षा की घटनाएं सूखा और बाढ़ दोनों का जोखिम बढाता है, अर्थात जलवायु परिवर्तन के कारण अब "कम बारिश" के साथ "अत्यधिक बारिश" की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। यानी मानसून कमजोर हो सकता है, लेकिन कुछ दिनों में अत्यधिक बारिश से विनाशकारी बाढ़ भी आ सकती है। पर्यावरण क्षेत्र में काम करने वाले इशांत अग्रवाल का कहना है कि आमतौर पर मानसून के इस तरह अचानक रूठ जाने या थम जाने का सारा दोष 'ग्लोबल वॉर्मिंग', अल-नीनो या समुद्र के गर्म होने के सिर मढ़ दिया जाता है। भारत के बेहतरीन वैज्ञानिकों की लगातार आ रही रिसर्च ने एक ऐसा कड़वा सच सामने रखा है, जिसके जिम्मेदार कहीं न कहीं हम खुद हैं। विज्ञान कहता है कि मानसून के इस तरह कमजोर होने की एक बहुत बड़ी वजह हमारे ठीक सामने है। बढ़ते शहरीकरण, वनों की कटाई, आर्द्रभूमियों के विनाश और एकल फसल आधारित कृषि पद्धतियों ने स्थानीय जल चक्र को कमजोर किया है। इससे भूमि की नमी घट रही है और



मानसून के पैटर्न में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। भूमि उपयोग में परिवर्तन और वनस्पति आवरण में कमी भी मानसून की अनिश्चितता बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण कारक बनते जा रहे हैं। भारत को अल नीनो के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। इसमें वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, जलग्रहण क्षेत्र विकास, फसल विविधीकरण, सूखा-रोधी बीजों को बढ़ावा, रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करना, प्राकृतिक एवं जलवायु-अनुकूल कृषि को प्रोत्साहित करना, स्थानीय जल निकायों का संरक्षण और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। साथ ही शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाकर और हीट एक्शन प्लान लागू करके गर्मी के प्रभाव को कम किया जा सकता है। लगभग 315 जिलों में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना है और इन जिलों में सिंचाई की व्यवस्था बहुत सीमित है। इनमें से अधिकांश जिले मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के हैं। भारत सरकार ने किसानों के हित और खेती को सुरक्षित रखने के लिए जल प्रबंधन, बीज की उपलब्धता, और वैकल्पिक फसलों पर रणनीति तैयार की गई है। 315 संवेदनशील जिलों को चिन्हित कर विशेष रूप से खरीफ फसलों जैसे धान और मक्का की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। कम बारिश होने की स्थिति में किसानों को कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों और सूखे के प्रति सहनशील बीजों की आपूर्ति की जा रही है। राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई गई हैं, जो बारिश, जल स्तर और बीज-खाद की आपूर्ति पर लगातार नजर रख रही हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि अभी भी केंद्रीय भूमिका निभाती है। कमजोर मानसून का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ता है। धान, गेहूं, दाल, गन्ना और तिलहन उत्पादन में गिरावट होती है, खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित और सिंचाई लागत में वृद्धि होती है। हाल के वर्षों में सरकार को चीनी निर्यात रोकने जैसे कदम उठाने पड़े क्योंकि कमजोर मानसून से गन्ना उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ी है। जल संकट और भूजल पर दबाव कम वर्षा का सीधा असर नदियों, बांधों और भूजल स्तर पर पड़ता है। भारत में महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बुंदेलखंड और तेलंगाना पहले से ही भूजल दोहन के गंभीर संकट से जूझ रहा है। अल नीनो इस संकट को और गहरा कर सकता है। अल नीनो वाले वर्षों में वैश्विक तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बनने वाले अल नीनो वैश्विक तापमान को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा सकता है। इस कारण लंबी और तीव्र हीटवेव, शहरी "हीट आइलैंड" प्रभाव,श्रमिकों की कार्यक्षमता में कमी, लू से मौतें होगी और गरीब और असंगठित क्षेत्र के मजदूर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इससे ग्रामीणों का पलायन, आय असमानता और सामाजिक असुरक्षा बढ़ने का खतरा पैदा होता है। कम जल उपलब्धता और बढ़ती गर्मी ऊर्जा क्षेत्र को भी प्रभावित करती है। कमजोर मानसून का असर जीडीपी वृद्धि पर भी पड़ सकता है क्योंकि भारत की बड़ी आबादी कृषि आधारित है। अल नीनो समुद्री तापमान को बढ़ाकर समुद्री जैव विविधता को प्रभावित करेगा।

प्रशांत महासागर में पनप रहा अल नीनो भारत के लिए केवल मौसम संबंधी घटना नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, जल संकट, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा राष्ट्रीय खतरा है। जलवायु परिवर्तन ने इस खतरे को और जटिल बना दिया है। यदि भारत ने समय रहते जल, कृषि और ऊर्जा नीतियों में व्यापक परिवर्तन नहीं किए, तो भविष्य में अल नीनो जैसी घटनाएं करोड़ों लोगों की आजीविका और जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

-डॉ. अशोक कुमार जायसवाल




# पंचायतीराज संस्थाओं का ई-गवर्नेंस युग

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा का साकार स्वरुप आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की स्थापना के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे हुए व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाने एवं समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के आय की वृद्धि करने से दृष्टि गोचर हुआ, जिसमें संविधान के 73 वॉ संशोधन ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का 73वॉ संशोधन पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ 11 वीं अनूसूची में सौंपे गए 29 विषयों पर कार्य योजना तैयार करने का आधार प्रदान किया, यही संवैधानिक मान्यता पंचायतों में डिजिटल तकनीक, साक्ष्य आधारित निर्णय और तय समय सीमा में नागरिक केन्द्रित सेवाएं प्रदान करने के माध्यम से ई-गवर्नेंस युग का प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में पंचायतीराज संस्थाओं का चयन इसका जीता जागता प्रमाण है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार ने पंचायतों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान ही नहीं दी है, बल्कि यह सिद्ध किया है, कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में पंचायतीराज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एआई-साक्ष्य आधारित डिजिटल आंकडे, डिजिटल सु-शासन की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। पंचायतीराज संस्थाओं में डिजिटल प्रौद्योगिकी आंकडों के विश्लेषण, निर्णय लेने एवं मजबूत साइबर सुरक्षा, कुशल तथा सुरक्षित और नागरिक केन्द्रित सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के पंचायतीराज संस्थाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 हेतु 07 पुरस्कार श्रेणियों में 17 परियोजनाओं में 10 स्वर्ण पुरस्कार, 06 रजत पुरस्कार और 01 जूरी पुरस्कार सम्मिलित है। पंचायतीराज से संबंधित 04 नवाचारों को राष्ट्रीय ई-गवर्नेस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित किया गया है, जो डिजिटल सु-शासन और नागरिक केन्द्रित सेवा वितरण को बढ़ावा देने में पंचायतीराज संस्थाओं की बढ़ती भूमिका को उजागर करती हैं। विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 हेतु राष्ट्रीय स्तर पर पंचायतीराज, मंत्रालय को पंचायत उन्नति सूचकांक (पी.ए.आई) पहल पर डिजिटल प्लेटफार्म में आंकडों के विश्लेषण एवं उपयोग के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं में डिजिटल परिवर्तन हेतु स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ। पंचायत उन्नति सूचकांक देश की 2.66 लाख ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए मापने का एक पैमाना है। पंचायत उन्नति सूचकांक स्थानीय सतत विकास के लक्ष्यों (एल.एस.डी.जी.) के 09 थीमों से जुड़े संकेतकों पर ग्राम पंचायतों का आंकलन करता है, जिससे ग्राम स्तर पर सु-शासन और साक्ष्य आधारित की तस्वीर प्राप्त होती है, जो योजना निर्माण और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 सूचकांकों का नवीनतम और आधुनिक संस्करण है, जिसमें 150 संकेतकों और 230 साक्ष्य आधारित आंकडों के बिन्दुओं का उपयोग किया गया है, जिसमें पंचायतों के परफार्मेन्स की प्रतिबिंब दिखाई पड़ती है। महाराष्ट्र के सांगली जिले के कादेगांव जनपद पंचायत की कांदेपुर ग्राम पंचायत ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेस पुरस्कार 2026 में ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों द्वारा सेवा वितरण को जमीनी स्तर पर विस्तारित करने के नवाचार हेतु स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया। कादेपुर ग्राम पंचायत ने डिजिटल सु-शासन प्रणाली विकसित कर 4300 से अधिक लाभार्थियों को 1355 से अधिक सेवाएं डिजिटल माध्यम से प्रदान की जा रही है, जिसमें प्रमुख रुप से पेपर लेस ई-ऑफिस, एआई आधारित प्रशासनिक अनुप्रयोग, ब्लॉक चेन आधारित रिकार्ड प्रबंधन, जी.आई.एस. आधारित सम्पत्तियों का जियों-टैगिंग। ग्राम पंचायत कादेपुर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्लॉक चेन, नैनो तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स पर औपचारिक रुप से नीतियों को बनाने प्रयोग करने वाली देश की एक मात्र ग्राम पंचायत है। त्रिपुरा में पश्चिम त्रिपुरा जिले की मोहनपुर जनपद पंचायत की बीजॉनगर ग्राम पंचायत ने रजत पुरस्कार प्राप्त किया है। बीजॉनगर ग्राम पंचायत ने सहभागी सु-शासन, वित्तीय जवाबदेही और समावेषी डिजिटल तकनीक अपनाने का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर स्वयं के आय स्त्रोत (ओ.एस.आर.) में 194 प्रतिशत की वृद्धि कर ई-ऑफिस के माध्यम से 100 से अधिक सेवायें ऑन-लाइन, महिलाओं में 100 प्रतिशत डिजिटल साक्षरता तथा ग्राम वार्ता प्लेटफार्म प्रत्येक घर के साथ वास्तविक समय-सीमा में ध्वनि संचार को सक्षम बनाया है। महाराष्ट्र के नन्दुरबार जिला पंचायत को ई-गवर्नेस में जिला स्तर पर नवाचार हेतु स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नन्दुरबार जिला पंचायत के स्वास्थ्य विभाग ने ई-आरोग्य धमनी में ई-गवर्नेंस के तहत आधुनिक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके नन्दुबार जिले के आदिवासियों और दुरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की है। नन्दुरबार जिला पंचायत ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता करायी है, जो पंचायतीराज संस्थाओं की सामाजिक न्याय की स्थापना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, तथा पंचायतों की पहचान ''बेस्ट प्रेक्टिस'' और ''पंचायत लर्निंग सेन्टर हब'' के मॉडल के तौर पर विकसित हो रही है। महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज का जो स्वप्न देखा था, वह ई-गवर्नेंस के माध्यम से आकार लेकर आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और सामुदायिक सहभागिता के रुप में विकसित हो रही है, जो डिजिटल तकनीक से संभव हुआ है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में 30 राज्यों से 1.65 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने भाग लिया। ग्राम पंचायतों की यह भागीदारी पंचायती राज मंत्रालय की पंचायतीराज संस्थाओं में क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन और डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कांदेपुर ग्राम पंचायत और बीजॉनगर ग्राम पंचायत ने यह सिद्ध किया है, कि विकसित भारत 2047 की राह ग्राम पंचायतों के भागीदारी से ही संभव है।

*-लेखक संकाय सदस्य (पंचायती राज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित

दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है।

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़यि कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोले- गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### 'अग्नि-जाल' में फंसते शहरी भवन

भारत आज विश्व के सबसे तेजी से शहरीकरण करने वाले देशों में शामिल है। आर्थिक विकास, औद्योगीकरण, सेवा क्षेत्र के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर निरंतर हो रहे पलायन ने भारतीय शहरों का स्वरूप तेजी से बदला है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक बहुमंजिला इमारतें, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, कोचिंग संस्थान, होटल, अस्पताल और मिश्रित-उपयोग वाले भवन विकास के नए प्रतीक बनकर उभरे हैं। किंतु इस विकास के पीछे एक गंभीर सच्चाई भी छिपी है- शहरी नियोजन की अनदेखी, सुरक्षा मानकों की उपेक्षा और प्रशासनिक शिथिलता। परिणामस्वरूप आज अनेक शहरी भवन आर्थिक प्रगति के केंद्र होने के साथ-साथ संभावित 'अग्नि-जाल' भी बनते जा रहे हैं। हाल के वर्षों में हुई अग्नि-दुर्घटनाओं ने इस संकट की भयावहता को उजागर किया है। *- रमेश यादव, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# यूरोप में पड़ रही भीषण गर्मी आखिर क्या है इसकी वजह


यूरोप में चिलचिलाती धूप के कारण तापमान के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और पूरा महाद्वीप भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। मंगलवार और बुधवार को फ्रांस में इतिहास के सबसे गर्म दिन दर्ज किये गए। देश के पश्चिमी हिस्सों में अधिकतम तापमान 39 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। बुधवार ब्रिटेन के इतिहास में जून का सबसे गर्म दिन रहा, जहां तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, स्पेन, जर्मनी, ऑसट्रिया, नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड में भी कई स्थानों पर जून के तापमान के रिकॉर्ड टूट गए हैं। और यह सिलसिला अभी थमा नहीं है। इस बीच, लोगों की जान भी गई है। एक अध्ययन में, जून 2025 में दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड में पड़ी भीषण गर्मी का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि यदि मानव गतिविधियों से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रभाव न होता, तो ऐसी भीषण गर्मी लगभग 50 वर्षों में केवल एक बार आती। लेकिन मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में हुई 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पाया गया कि ऐसी भीषण गर्मी की स्थिति अब 50 वर्ष में एक बार नहीं, बल्कि कम से कम हर पांच वर्ष में एक बार देखने को मिल रही है।



## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?

पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है।



आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

## ट्रेंड

### भारत की स्थिरता



अपनी संरचनात्मक कमज़ोरियों के बावजूद, भारत ने वैश्विक स्तर पर मुश्किल और चुनौतीपूर्ण समय में भी ज़बरदस्त स्थिरता दिखाई है। यह पिछले दशक में मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता बनाए रखने और साथ ही नीति-निर्माण को संवेदनशील और फुर्तीला बनाने से हासिल हुआ है।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना



हमने जो सपना देखा था, वह आज हर धड़कन में बसता है। एक नया भारत बनाने का संकल्प हमारे दिलों में है। अटल जी के इसी संकल्प के तहत, आज हम 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के ज़रिए एक नए भारत को आकार लेते हुए देख रहे हैं।

- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### तरुण चुघ को बधाई



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, तरुण चुघ को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपका संगठनात्मक अनुभव और राष्ट्र-हित के प्रति समर्पण अब संसदीय कर्तव्यों के माध्यम से देश सेवा को नई दिशा प्रदान करेगा।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### विकास को प्राथमिकता



हिमाचल का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं रहना चाहिए; यही हमारी प्राथमिकता है। जिन इलाकों को दुर्गम बताकर बरसों तक नज़रअंदाज़ किया गया, हमारी सरकार अब उन्हें प्राथमिकता दे रही है और उनका विकास कर रही है।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कार से गांजा का अवैध परिवहन, 5 पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने कार से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो नाबालिगों सहित पांच लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए का नौ किलो गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से गांजा परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ग्राम रेहटीखोल पहुंची, जहां कुछ समय इंतजार करने बाद मुखबिर के बताये एक सफेद कलर का होंडा अमेज कार क्रमांक एमएच 34 एएम 7642 आई, जिसे रोका गया। वाहन में 05 व्यक्ति सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम शाहिद खान पिता मोहम्मद खान (22 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर महाराष्ट्र, तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शुभम केशकर पिता विजय केशकर (22 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर महाराष्ट्र, पीछे सीट में बैठे व्यक्तियों ने अपने नाम रोहित केशकर पिता धरमराज केशकर (23 साल) बल्लारपुर थाना चंद्रपुर महाराष्ट्र बताए। वहीं आरोपी दो विधि से संघर्षरत (नाबालिग) हैं। संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन के पीछे डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया।

## पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सनसनीखेज वारदात का किया खुलासा

# मछली व्यवसायी की हत्या, पांच हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

योजना बनाकर कातिलों ने जंगल में घात लगाकर मछली व्यवसायी के आने का इंतजार किया। उनके आते ही लाठी, चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। नकदी लूटकर फरार हुए पांचों आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार नगरी क्षेत्र के गोरेगांव, भैंसामुड़ा मार्ग के सुनसान जंगल में शनिवार की देर शाम मछली व्यवसायी विप्लव मंडल उम्र 55 वर्ष की अज्ञात आरोपियों ने लाठी व धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी मछली व्यवसायी से नकदी रकम व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात से अंचल में दहशत फैल गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार व एएसपी के मार्गदर्शन में एसडीओपी नगरी व थाना प्रभारी एवं साइबर थाना की की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक, सुरेन्द्र यादव, जगदीश विश्वकर्मा सहित दो नाबालिग सभी बोईरगांव निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

जंगल में धात लगाकर की थी हत्या



### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

*नगरी पुलिस व साइबर की टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर की सूचना व वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। सघन पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक पिता यशवंत उम्र 19 वर्ष, सुरेन्द्र यादव पिता रमन 26 वर्ष व जगदीश विश्वकर्मा पिता धनीराम 50 वर्ष सभी ग्राम बोईरगांव थाना मैनपुर जिला गरियाबंद निवासी को गिरफ्तार कर विधिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया। इस प्रकरण में संलिप्त दो नाबालिग को चिन्हित कर किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया है।*

### पहले भी बनी थी योजना

*एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि मृतक विप्लव मंडल निजी फिश फार्म का संचालन करता था। मजदूरी बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होने तथा मृतक द्वारा लगातार अपमानजनक व्यवहार व गाली-गलौज किए जाने से आरोपी रंजिश रखने लगे थे। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने 25 जून को हत्या की योजना बनाई थी लेकिन कुछ परिस्थितिवश उसे अंजाम नहीं दे सके।*

### नकद-हथियार बरामद

*पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूट की कुल रकम 37800 रूपये, मृतक के मोबाइल फोन, योजना व आपसी संपर्क में इस्तेमाल 4 मोबाइल, तीन लकड़ी का डंडा, 2 नग धारदार चाकू, दो मोटर साइकिल सहित घटना में प्रयुक्त अन्य सामान को जब्त कर लिया है।*

# कारों की सीधी भिड़ंत होने से एक की मौत, 5 घायल

**हादसाः** तेज रफ्तार को माना जा रहा हादसे का प्राथमिक कारण

**कवर्धा/कुई-कुकदुर।** जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत कारों की सीधी भिड़ंत में ग्राम लोखान के पास सोमवार सुबह एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तखतपुर के समीप स्थित दशरंगपुर निवासी एक हादसे में दूसरी कार के चालक पुनाराम विश्वकर्मा, निवासी बिरकोना, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनों वाहनों में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदूर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# माओवादियों की हथियार फैक्ट्री को गढ़चिरौली पुलिस ने किया ध्वस्त

## कांकेर सीमा से सटे जंगल में स्थापित था कारखाना

**कांकेर/पखांजूर।** यह क्षेत्र कांकेर जिले के बांदे से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने यहां से हथियार निर्माण में उपयोग होने वाली भारी लेथ मशीन सहित बड़ी मात्रा में घातक सामग्री बरामद की, जिसे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि माओवादियों ने बालबेड़ा के घने जंगल में हथियार बनाने का कारखाना स्थापित कर रखा है तथा वहां बड़ी मात्रा में हथियार निर्माण सामग्री और विस्फोटक उपकरण छिपाकर रखे गए हैं।


## झारखण्ड सरकार
## क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)**
ई–निविदा प्रसंग सं0:–RCD/FSD/AP/DUM/01/2026-27
दिनांक:–29.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Consultancy services for preparation of viability and financial option analysis/Feasibility Study of following Roads in PPP/HAM/BOT Mode.<br>1.Bagodar-Barmasia-KhorimahuaRoad (Tentative Length= 60 Km)<br>2. Giridih-Jamua-Domchach-KodermaRoad (Tentative Length= 98 Km)<br>3. Hazaribagh-Barkagaon-Tandwa-Khalari-Bijupara Road (Tentative Length= 108 Km)<br>4.Jamtara- Dumka Road (Tentative Length= 75 Km) |
| 2. | अनुमानित लंबाई | 341.00कि०मी० |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 30 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 01.07.2026,12.00 बजे अपराह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.07.2026, 04.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.07.2026, 12.30 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0 | 8292901787 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका।

PR.NO.383568 Road(26-27):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0– प0नि0वि0/राँची–03/2026–27 दिनांक :– 29.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | कटहल मोड़ से दलादली चौक (रिंग रोड) पथ के चैनेज कि0मी0 0.00 से कि0मी0 2.070 (कुल लम्बाई– 2.070 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ पुनर्निर्माण कार्य वर्ष 2026–27 |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 1770.92094 लाख (रूपये सत्रह करोड़ सत्तर लाख बानबे हजार चौरानबे) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 17.71 लाख (रूपये सत्रह लाख एकहत्तर हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छ:) माह |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.07.2026<br>10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 22.07.2026<br>12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 23.07.2026<br>12.30 बजे अपराह्न। |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता<br>पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,<br>मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

PR 383577 Road Construction Dept Road Division Ranchi (26-27)_D



## Government of Maharashtra
### Office of the Executive Engineer
### World Bank Project Division, Nagpur

E-mail – wbnagpur.ee@mahapwd.gov.in

**Tender Notice No. 02 /2026-27**

Online E-Tenders invited by Executive Engineer World Bank Project Division, Nagpur for the following works from the contractor/Bidder who satisfy the qualifying criteria. The tender documents should be downloaded from the Government Website **https://mahatenders.gov.in** Executive Engineer, World Bank Project Division, Nagpur reserves the right to accept or reject any or all the tenders. Conditional Tenders will not be accepted.

| Sr. No. | Name of work | Project Cost (Rs.in Lakh) | Cost of Tender Form | Type of Tender |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Railway Flyover from Manish Nagar to Radisson Blu Hotel in Nagpur City, Dist. Nagpur, Lane-1 Railway Over Bridge (ROB) and Lane-2 Railway Under Bridge (RUB). | Rs. 4911.29 | Rs. 3540/- | EPC Form |
| 1. Download Project of online Tender | | As per e-tender schedule uploaded on e-portal | | |
| 2. Pre-Bid Meeting | | As per online schedule at Chief Engineer, P.W.Region, Nagpur | | |
| 3. Place Date and timing of opening request of Proposal | | As per online schedule at Superintending Engineer, P.W. Circle, Nagpur | | |

All information of e-tendering is available on the following websites/ Notice Board.

1. **https://mahatenders.gov.in** (If there is any changes in the notice, then the information will be communicated on the above websites) Online Time Table will be applicable and it will be Final.
2. Executive Engineer, World Bank Project Division, Nagpur Office Notice Board.

(Krusha S. Gharde)
Executive Engineer,
World Bank Project Division Nagpur

आरओसी 2026-27/ क्र.-5/ C 1375


# कलेक्टर टीम बनाकर विवादित भूमि का नए सिरे से सीमांकन कराएं : एचसी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए बिना भू-अधिग्रहण प्रक्रिया और बिना मुआवजा दिए किसान की कृषि भूमि का उपयोग करने के आरोपों पर बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर को निर्देशित किया है कि वे राजस्व अधिकारियों की एक टीम बनाकर 30 दिनों के भीतर विवादित भूमि का नए सिरे से सीमांकन कराए।

याचिकाकर्ता सीमा शर्मा ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिका के अनुसार, वे बिलासपुर जिले के बोदरी तहसील के ग्राम मुढ़ीपार में स्थित खसरा नंबर 352/5 की 0.25 एकड़ कृषि भूमि की स्वामी है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राजस्व अधिकारियों ने 'भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013' के तहत किसी भी कानूनी प्रक्रिया को शुरू किए बिना और बिना मुआवजा दिए, उनकी उपजाऊ जमीन पर नेशनल हाईवे का निर्माण कर दिया। याचिकाकर्ता ने बाजार मूल्य के अनुसार 18% ब्याज के साथ मुआवजे और पुनर्वास लाभ की मांग की थी।

याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से सहमति जताई कि इस विवाद की मुख्य विवाद जमीन की सही पहचान और स्थिति को लेकर है। यदि राजस्व अधिकारियों द्वारा इस जमीन का दोबारा निष्पक्ष सीमांकन करा लिया जाए, तो यह साफ हो जाएगा कि क्या वाकई याचिकाकर्ता की जमीन हाईवे निर्माण की जद में आई है या नहीं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/RPWS/Med-04/2026-27 (1st Call) (पाण्डू ग्रामीण जलापूर्ति योजना) जो PR No. 382286 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 19/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 10.07.2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 2 | प्री बीड की तिथि एवं समय | 24/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 13/07/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन में। | 24.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 383477 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म.प्र.)
Web Site: www.mppwd.gov.in, email:-eepwdumaria1@gmail.com
Phone No. - 07653-292716, Fax No.- XXXXX XXXXXX

**निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना :- 05/व.ले.लि./2026-27 उमरिया दिनांक: 23/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु आन लाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तो पर आमंत्रित की गई है।

| स. क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (रु. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWD RB_517266_1 | ददरा पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.20 किमी. एवं करौंदी से ऑगनबाड़ी पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 किमी.। कुल लंबाई 3. 20 किमी.। | 292.82 रू. दो करोड़ ब्यान्नवें लाख बयासी हजार मात्र | 15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र | 2,92,820 रू. दो लाख ब्यान्नवें हजार आठ सौ बीस मात्र | सिविल | 04 माह वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण |
| 2 | 2026_PWD RB_517267_1 | सिलौड़ी मिडिल रोड से कारीमाटी पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.65 किमी.। | 209.48 रू. दो करोड़ नौ लाख अड़तालिस हजार मात्र | 15,000 रू. पन्द्रह हजारमात्र | 2,09,480 रू. दो लाख नौ हजार चार सौ अस्सी मात्र | सिविल | 04 माह वर्षाकाल | तृतीय आमंत्रण |
| | | योग | 502.30 | रू. पाँच करोड़ दो लाख तीस हजार मात्र | | | | |

(1) निविदा प्रपत्र का मूल्य बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें। (2) निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 06.07.2026 10:30 से 17.07.2026 शाम 17:30 बजे तक है। (3) ऑनलाईन में अमानत राशि की स्केन कापी एवं अन्य डाक्यूमेन्ट स्केन कापी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.07.2026 शाम 17:30 बजे तक है। (4) टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 17.07.2026 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। (5) निविदा खुलने का दिनांक 20.07.2026 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा में खोली जावेगी। (6) म.प्र. शासन लो.नि.वि. के ज्ञाप क्र. एफ-53/02/2011 / यो / 19 / 524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा परिपत्र के अनुसार।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स)
संभाग उमरिया (म.प्र.)

G-15032/26


# म्यूल बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों की हेराफेरी, 7 को 3-3 साल की सश्रम कैद

**महासमुंद।** साइबर अपराध और म्यूल बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों रुपयों की हेराफेरी करने वाले एक गिरोह के 7 सदस्यों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, आनंद बोरकर के न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से महासमुंद पुलिस को साइबर अपराधों में प्रयुक्त होने वाले संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर महासमुंद थाने में अपराध दर्ज किया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक शरद दुबे की विस्तृत विवेचना में यह तथ्य सामने आया था कि आरोपियों ने केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा, पीएनबी और आईडीबीआई जैसे विभिन्न बैंकों में अपने नाम से चालू और बचत खाते खुलवाए थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त करोड़ों रुपयों के अवैध लेन-देन के लिए किया जा रहा था। आरोपियों के खातों से 95 लाख, 24 लाख और 1.6 करोड़ रुपये जैसी बड़ी रकमों का ट्रांजेक्शन हुआ था।

आरोपियों द्वारा इन करोड़ों रुपयों के संव्यवहार का कोई वैध स्पष्टीकरण न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जा सका। न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर रविंदर सिंह चावला, महेश जैस उर्फ महेश साहू, राज चंद्राकर, शीतल कुमार साहू, रामनारायण साहू, प्रीतम उर्फ प्रेम मारकण्डे, नौशाद साहू को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2) और 61(2) के तहत आपराधिक षड्यंत्र कर बेईमानीपूर्वक चुराई गई संपत्ति प्राप्त करने का दोषी माना। न्यायालय ने उक्त लोगों को धारा 317(2) के तहत 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही, धारा 61(2) के तहत 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।


## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्रान्तर्गत शिवानी भूमिगत खदान के खनन कार्य हेतु ग्राम बंशीपुर के निम्नलिखित भू–विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल मे रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। तत्सम्बंध में भूस्वामियों एवं प्रस्तावित व्यक्तियों द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है :–

ग्राम–बंशीपुर

| स क्र | 1A & 1B भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू–स्वामी का नाम | खसरा न0 | रकबा (हे0) | उम्मीदवार का वास्तविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम –<br>(अ) बुधमान सिंह आ0 सुन्दर,<br>(ब) गुलाब सिंह आ0 सुन्दर (स) लोरी पति सुन्दर<br>राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम –<br>(अ) बुधमान सिंह आ0 सुन्दर,<br>(ब) गुलाब सिंह आ0 सुन्दर, (स) लोरी पति सुन्दर<br>राजस्व दस्तावेजों (बी–1) में नाम –<br>(अ) बुधमान सिंह पिता सुन्दर,<br>(ब) गुलाब सिंह पिता सुन्दर, (स) लोरी पति सुन्दर<br>आधार कार्ड में नाम –<br>(अ) बुधमान सिंह आ0 सुन्दर साय<br>(ब) गुलाब सिंह आ0 सुन्दर,(स) लोरी पति सुन्दर<br>वोटर कार्ड मे नाम – (अ) बुधमान सिंह आ0 सुन्दर (ब) गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>(स) लोरी पति सुन्दर<br>वंशवृक्ष मे नाम – (अ) बुधमान सिंह आ0 सुन्दर<br>(ब) गुलाब सिंह आ0 सुन्दर,(स) लोरी पति सुन्दर | 1473<br>1524P<br>1525P<br>1525P<br>1558<br>1575<br>1578<br>1652<br>1672 | 0.44<br>0.02<br>0.15<br>0.55<br>0.20<br>0.33<br>0.05<br>0.45<br>0.65 | 1. मोहरसाय आ0 बुधमान सिंह | नामांकन मे नाम – मोहरसाय आ0 बुधमान सिंह<br>वंश वृक्ष में नाम – मोहरसाय आ0 बुधमान सिंह<br>आधार कार्ड मे नाम – मोहर साय आ0 बुधमान सिंह<br>मतदाता परिचय मे नाम – मोहर साय आ0 बुधमान सिंह<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – मोहर साय आ0 बुधमान सिंह<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – मोहर साय आ0 बुधमान सिंह<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – MOHAR SAY S/O BUDHMAN |
| | | | | 2. लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह | नामांकन मे नाम – लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>वंश वृक्ष में नाम – लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>आधार कार्ड मे नाम – लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>मतदाता परिचय मे नाम – लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम– लालमन सिंह आ0 बुधमान सिंह<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – LALMAN SINGH S/O BUDHMAAN SINGH |
| | | योग (हे0)– | 2.84 | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम –<br>आन्दोलन आ0 तिलोचन<br>राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम –<br>आन्दोलन आ0 त्रिलोचन<br>राजस्व दस्तावेजों (बी–1) में नाम –<br>आन्दोलन आ0 तिलोचन<br>आधार कार्ड में नाम – आन्दोलन आ0 त्रिलोचन<br>वोटर कार्ड मे नाम –<br>आन्दोलन गोंड़ आ0 त्रिलोचन गोंड़<br>वंशवृक्ष मे नाम – आन्दोलन आ0 तिलोचन | 1154/2<br>1581<br>1588/2<br>1635/2<br>1643/2<br>1648/2<br>1702/3 | 0.07<br>0.31<br>0.20<br>0.30<br>0.11<br>0.08<br>0.20 | 3. दलसिंगार आ0 पवनसाय | नामांकन मे नाम – दलसिंगार आ0 पवनसाय<br>वंश वृक्ष में नाम – दलसिंगार आ0 पवनसाय<br>आधार कार्ड मे नाम–दल सिंगार कँवर आ0 पवन साय कँवर<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम–दल सिंगार कँवर आ0 पवन साय कँवर<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – दलसिंगार कँवर आ0 पवन साय कँवर<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – NA |
| | | योग (हे0)– | 1.27 | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम –<br>अर्जुन आ0 सरजू<br>राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम –<br>अर्जुन आ0 सरजू<br>राजस्व दस्तावेजों (बी–1) में नाम –<br>अर्जुन आ0 सरजू<br>आधार कार्ड में नाम – अर्जुन आ0 सरजू<br>वोटर कार्ड मे नाम – अर्जुन आ0 सरजू कंवर<br>वंशवृक्ष मे नाम – अर्जुन आ0 सरजू | 1451/1 | 1.25 | 4. गुलाब सिंह आ0 सुन्दर | नामांकन मे नाम – गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>वंश वृक्ष में नाम – गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>आधार कार्ड मे नाम – गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>मतदाता परिचय मे नाम – गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – गुलाब सिंह आ0 सुन्दर<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – गुलाब सिंह आ0 स्व. सुन्दर<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – GULAB SINGH S/O SUNDAR |
| | | योग (हे0)– | 1.25 | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम –<br>दलसिंगार आ0 पवनसाय<br>राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम –<br>दलसिंगार आ0 पवन साय<br>राजस्व दस्तावेजों (बी–1) में नाम –<br>दलसिंगार आ0 पवनसाय<br>आधार कार्ड में नाम –<br>दल सिंगार कँवर आ0 पवन साय कँवर<br>वोटर कार्ड मे नाम – दल सिंगार कँवर आ0 पवन साय कँवर<br>वंशवृक्ष मे नाम – दलसिंगार आ0 पवनसाय | 1341/2 | 0.20 | 5. श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह | नामांकन मे नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>वंश वृक्ष में नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>आधार कार्ड मे नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>मतदाता परिचय मे नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – श्यामलाल आ0 गुलाब सिंह<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – SHYAMLAL S/O GULAB SINGH |
| | | योग (हे0)– | 0.20 | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम –<br>पवनसाय आ0 जयकरन<br>राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम –<br>पवनसाय आ0 जयकरन<br>राजस्व दस्तावेजों (बी–1) में नाम –<br>पवनसाय आ0 जयकरन<br>आधार कार्ड में नाम – पवन साय आ0 जायकारण<br>वोटर कार्ड मे नाम –<br>पवन साय कंवर आ0 जयकरन कंवर<br>वंशवृक्ष मे नाम – पवनसाय आ0 जयकरन | 1341/1<br>1446/7 | 0.85<br>0.08 | 6. रामरतन आ0 आन्दोलन | नामांकन मे नाम – रामरतन आ0 आन्दोलन<br>वंश वृक्ष में नाम – रामरतन आ0 आन्दोलन<br>आधार कार्ड मे नाम – रामरतन आ0 ऑदोलन<br>मतदाता परिचय मे नाम – रामरतन आ0 आंदोलन<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – रामरतन आ0 आंदोलन<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – रामरतन आ0 आंदोलन<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – RAMRATAN S/O ANDOLAN, MOTHER'S NAME - DASMET |
| | | | | 7. देवलाल पैकरा आ0 अर्जुन | नामांकन मे नाम – देवलाल पैकरा पिता श्री अर्जुन<br>वंश वृक्ष में नाम – देवलाल पैकरा पिता श्री अर्जुन<br>आधार कार्ड मे नाम – देवलाल पैकरा पिता अर्जुन<br>मतदाता परिचय मे नाम – देवलाल पैकरा पिता अर्जुन<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम – देवलाल पैकरा पिता अर्जुन<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – देवलाल पैकरा पिता अर्जुन<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम – देवलाल पैकरा पिता अर्जुन, माता–परमेश्वरी |
| | | | | 8. शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार | नामांकन मे नाम – शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार<br>वंश वृक्ष में नाम – शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार<br>आधार कार्ड मे नाम – शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार<br>मतदाता परिचय मे नाम – शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार<br>जाति, प्रमाण पत्र में नाम–शोभनाथ पैकरा आ0 दलसिंगार पैकरा<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – शोभनाथ आ0 दलसिंगार<br>शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम– SOBHANATH S/O DALSINGAR, MOTHER'S NAME - MANBASIYA |
| | | योग (हे0)– | 0.93 | | |
| | | कुल योग (हे0)– | 6.49 | 08 रोजगार | |

अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय–उपक्षेत्रीय प्रबंधक, कल्याणी उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगॉव क्षेत्र, पो0ऑ0 भटगांव कॉलरी, तहसील–प्रतापपुर, जिला–सूरजपुर छ0ग0 मे इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।

SECL/26-27/73

उपक्षेत्रीय प्रबंधक, कल्याणी उपक्षेत्र,एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ के लिए डेलीगेशन ऑफ फाइनेंशियल पावर्स-2026 (डीएफपी-2026) जारी किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नई व्यवस्था से रणनीतिक रक्षा परियोजनाओं में तेजी आएगी, स्वदेशी रक्षा तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा और सशस्त्र बलों में नई प्रणालियों की तैनाती तेज होगी।

डीआरडीओ को वित्तीय शक्तियां सौंपने की व्यवस्था (डीएफपी-2026) जारी

# डिफेंस में बड़ा सुधार! रक्षा मंत्री ने जारी किया डीएफपी 2026, डीआरडीओ को मिली और ज्यादा वित्तीय ताकत

रक्षा क्षेत्र में बड़ा गेमचेंजर! राजनाथ सिंह के फैसले से डीआरडीओ को मिलेगी नई रफ्तार

रणनीतिक परियोजनाओं में आएगी तेजी, उद्योग और शिक्षा जगत के साथ बढ़ेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई गति देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बड़ा कदम उठाया। उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के लिए डेलीगेशन ऑफ फाइनेंशियल पावर्स-2026 ( डीएफपी-2026 ) जारी किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह बड़ा सुधार डीआरडीओ की रणनीतिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में दक्षता, जवाबदेही और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लागू होने से डीआरडीओ की ओर से विकसित रक्षा प्रणालियों, प्लेटफॉर्म और अत्याधुनिक तकनीकों का उत्पादन और उन्हें सशस्त्र बलों में



शामिल करने की प्रक्रिया पहले से अधिक तेज होगी। इससे रक्षा अनुसंधान से लेकर सेना तक तकनीकों के पहुंचने में लगने वाला समय कम होगा और परियोजनाओं का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि नया वित्तीय ढांचा उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ डीआरडीओ के सहयोग को और मजबूत करेगा। इससे रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को नई मजबूती मिलेगी। सरकार का उद्देश्य देश में अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों का स्वदेशी विकास सुनिश्चित करना है।

### आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक और राष्ट्रीय सुरक्षा को मिलेगा बल

*रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, संशोधित डीएफपी-2026 ढांचा देश की रक्षा तकनीकों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारियों को भी मजबूत करेगा। सरकार का मानना है कि यह सुधार भविष्य की रक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डीआरडीओ की कार्यक्षमता बढ़ाएगा और देश की सामरिक क्षमता को नई मजबूती प्रदान करेगा।*

### नए फ्रेमवर्क की खासियत

*डीएफपी-2026 में कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं, जैसे- ट्रायल, टेस्टिंग और ईवैल्यूएशन के लिए अलग वित्तीय प्रावधान. प्री-प्रोजेक्ट आर एंड डी गतिविधियों को मंजूरी देने का अधिकार। एक्स्ट्रा-म्यूरल रिसर्च प्रोजेक्ट्स, डिफेंस इनोवेशन एक्सीलरेटर-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीडीएफ) प्रोजेक्ट्स के लिए सहायता अनुदान से जुड़ी वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है।*

### ऐसे होंगे फायदे

- रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नया फ्रेमवर्क डिफेंस रिसर्च प्रोजेक्ट्स की मंजूरी प्रक्रिया को तेज करेगा
- नए रक्षा सिस्टम, प्लेटफॉर्म और तकनीकों का उत्पादन और सेनाओं में शामिल करने की प्रक्रिया में तेजी लाएगा
- इंडस्ट्री, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग को मजबूत करेगा
- आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी रक्षा तकनीकों के विकास को बढ़ावा देगा
- देश की रक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाएगा

## सेशेल्स की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ में शामिल हुए पीएम मोदी

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** बीते 27 जून से जारी अपनी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान सोमवार को



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित किए गए समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जिसके लिए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उन्हें खास तौर पर आमंत्रित किया था। इस वर्ष सेशेल्स अपनी आजादी की स्वर्ण जयंती यानी 50 वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। यह समारोह सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया के यूनिटी स्टेडियम में हुआ था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 2026 भारत और सेशेल्स के लिए कई मायनों में बेहद खास है। एक ओर हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित भारत का यह द्वीपीय देश अपनी स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। तो वहीं, दूसरी ओर इसी दौरान दोनों अपने राजनयिक संबंधों के भी पांच दशक पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

## क्या भारत और पाक के बीच श्रीलंका में हुई थी 'ट्रैक-2' वार्ता?

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इसे निजी संस्थाओं का आयोजन बताया

# सरकार ने साफ किया रुख, कहा नहीं थी आधिकारिक संलिप्तता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाक के बीच ट्रैक-2 वार्ता को लेकर चल रही अटकलों के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी का बड़ा बयान सामने आया है। इस बयान में भारत ने पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के राजनायिक संबंधों में सुधार की खबरों का खंडन किया है। विदेश सचिव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से भारत सरकार का कोई आधिकारिक संबंध नहीं है। ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोग सरकार के प्रतिनिधि नहीं होते। मिसरी ने साफ किया कि दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के कार्यक्रम और बैठके आयोजित होती हैं। इस तरह की बैठकों में कुछ भी नया नहीं है यह पहले भी होती रहीं हैं। मिसरी ने साफ किया कि ये बैठक पूरी तरफ से प्राइवेट संस्थाओं द्वारा आयोजित की गई थी जिसका भारत सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। भारत-पाकिस्तान संबंधों पर विदेशों में आयोजित चर्चाओं में व्यक्तिगत हैसियत से भाग लेने वाले रिटायर्ड राजनयिकों और सैन्य अधिकारियों से सरकार का कोई संबंध नहीं है।

*अनौपचारिक बातचीत में पूर्व अधिकारी और शिक्षाविद शामिल थे*



### दावा : कोलंबो में हुई थी सीक्रेट मीटिंग

एक टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक कोलंबो के एक होटल में करीब दो दिनों तक चली इस बातचीत में भारत की तरफ से पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे, इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राम माधव और पूर्व राजनयिक रुचि घनश्याम शामिल हुए। पाकिस्तान की ओर से वहां के विदेश मंत्रालय के अधिकारी सज्जाद हैदर खान, पूर्व राजदूत शेरी रहमान और रिटायर्ड मेजर जनरल इसफंदियाम अली खान पटौदी मौजूद थे। रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस बैठक में सीमा पार आतंकवाद, पानी बंटवारे और भविष्य में सैन्य टकराव को रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

### हमारे लिए इस बैठक की कोई वैल्यू नहीं: एमईए

विदेश सचिव ने कहा, मैं पाकिस्तान सरकार की ओर से तो कुछ नहीं कह सकता, लेकिन भारत सरकार की बात करें तो इन दौरों में कोई आधिकारिक भागीदारी, समर्थन या शामिल होना नहीं है. भारत से जो भी लोग इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं- चाहे वे रिटायर्ड राजनयिक हों, रिटायर्ड सैन्य अधिकारी हों या सिविल सोसाइटी के सदस्य हों, वे अपनी बात रखते हैं और अपना नजरिया पेश करते हैं।

### भारत ने साफ किया रूख

*मिसरी ने साफ किया कि 'ट्रैक 2' बातचीत कूटनीति का एक अनौपचारिक तरीका है जिसमें गैर-सरकारी लोग, जैसे कि शिक्षाविद, रिटायर हो चुके अधिकारी और सिविल सोसाइटी के नेता शामिल होते हैं। यह सरकारी स्तर की बातचीत के साथ-साथ चलती है, जिससे इसमें शामिल लोग बिना किसी राजनीतिक दबाव के पॉलिसी के विकल्पों पर विचार कर सकते हैं और तनाव कम करने के तरीकों पर चर्चा कर सकते हैं।*

### भारत ने वार्ता में लिया था हिस्सा

*भारत और पाकिस्तान के बीच यह बातचीत कोलंबो के एक होटल में लगभग दो दिनों तक अलग-अलग सत्रों में हुई। इस बैठक में भारत की ओर से पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष और बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राम माधव और पूर्व राजनयिक रुचि घनश्याम ने हिस्सा लिया।*

ग्वालियर में डिजिटल अरेस्ट की ऐसी वारदात

## 32 दिन तक वीडियो कॉल पर बंधक रहे मां और बेटे 1.57 करोड़ रु.की ठगी

- नासिक का लोहा कारोबारी गिरफ्तार
- ग्वालियर पुलिस को बड़ी कामयाबी




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर से साइबर ठगी का एक बेहद सनसनीखेज और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शातिर जालसाजों ने एक रिटायर्ड महिला तकनीशियन और उनके बेटे को पूरे 32 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। खुद को जांच एजेंसियों का बड़ा अफसर बताकर ठगों ने मां-बेटे से 1.57 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। ग्वालियर साइबर सेल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के नासिक से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला ग्वालियर की रहने वाली मीनाक्षी नाखरे और उनके बेटे अनुभव के साथ घटा। ठगों ने पीड़ित परिवार से फोन पर संपर्क कर खुद को पुलिस, सीबीआई और आरबीआई का वरिष्ठ अधिकारी बताया। ठगों ने मां-बेटे को डराया कि उनका नाम एक बड़े मनी लॉड्रिंग केस में आया है और उन्हें तुरंत जेल जाना पड़ेगा।

### कमीशन के लालच में कारोबारी ने दिया ठगों का साथ

ठगी गई रकम में से 19.50 लाख रुपए नासिक के एक लोहा कारोबारी विठ्ठल फालके की फर्म के करंट अकाउंट में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर विठ्ठल को उसके घर से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी विठ्ठल ने बताया कि उसके लोहे के धंधे में भारी नुकसान हुआ था। वह ऑनलाइन लोन ढूंढ रहा था, तभी उसका संपर्क इन ठगों से हुआ। ठगों ने लोन का लालच देकर उसकी फर्म का खाता इस्तेमाल करने के बदले मोटे कमीशन का झांसा दिया था।

## 'मोदी सरकार ने नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार कर विश्वास का वातावरण बनाया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को तेलंगाना के हनमकोंडा में आदिवासी नेताओं और समुदाय के नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकारों और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनजातीय महापुरुषों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि सरकार ने जनजातीय विकास का बजट बढ़ाया, पीएम जनमन योजना, एकलव्य मॉडल विद्यालय, जनजातीय संग्रहालय तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार जैसे अनेक कदम उठाए हैं। नबीन ने नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और तेलंगाना सहित जनजातीय क्षेत्रों के विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए विकसित भारत एवं विकसित तेलंगाना का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर तेलंगाना भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एन. रामचंद्र राव सहित अन्य गणमान्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



सरला भट्ट हत्याकांड

## 35 साल बाद मलिक समेत पांच आतंकियों पर चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर में आतंकवाद के शुरुआती दौर के सबसे जघन्य अपराधों में शामिल कश्मीरी हिंदू नर्स सरला भट्ट के अपहरण और हत्या मामले में 35 वर्ष बाद बड़ी जांच कार्रवाई हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने अपनी जांच में जेकेएलएफ के पांच आतंकवादियों की संलिप्तता पाई है और संगठन के पूर्व कमांडर मोहम्मद यासीन मलिक तथा उनके सहयोगी खुर्शीद अहमद चाल्कू के खिलाफ 737 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया है। एसआईए के अनुसार, मामले में पांच आतंकवादियों- यासीन मलिक, अब्दुल हमीद शेख, गुलाम मोहम्मद टपलू, मोहम्मद यूसुफ उर्फ इदरीस और खुर्शीद अहमद चाल्कू की भूमिका सामने आई है। इनमें अब्दुल हमीद शेख, गुलाम मोहम्मद टपलू और मोहम्मद यूसुफ की पिछले वर्षों में मृत्यु हो चुकी है। एजेंसी का कहना है कि खुर्शीद चाल्कू करीब दो दशक पहले पाकिस्तान भाग गया था। यासीन मलिक और चाल्कू के विरुद्ध उद्घोषणा (प्रोक्लेमेशन) की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है।




## भारत की चिंताओं के बीच चीन ने बांग्लादेश को दिया समर्थन, कहा- तीसरे पक्ष का प्रभाव न हो

तीस्ता नदी परियोजना पर मंथन

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

भारत की गंभीर रणनीतिक चिंताओं के बावजूद, चीन ने बांग्लादेश में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और बहाली परियोजना के लिए अपना मजबूत समर्थन दोहराया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने स्पष्ट किया कि चीन-बांग्लादेश का यह आपसी सहयोग किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाता है और इसे किसी भी बाहरी प्रभाव से मुक्त होना चाहिए। चीनी प्रवक्ता ने भारत की सुरक्षा चिंताओं से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि तीस्ता नदी का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण आजीविका परियोजना है, जिसे बांग्लादेश बेहद महत्व देता है। चीन इस परियोजना को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास और तकनीकी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के अनुसार, दोनों देशों के विशेषज्ञ पहली बार इस परियोजना के लिए एक तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन करेंगे। नदी प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों पक्ष सहमत हो चुके हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू बंजरपारा में स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 2 कर्मचारी अनाजलाईन दाल मिल अनुभवी प्राथमिकता वेतन 15000/- से आरंभ, एक दालमिल मिस्त्री जिसको सारटेक्स/कम्प्रेशर मशीन चलाने का अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, 1 मिल इंचार्ज जो Account/ मिल का भी काम कर सके वेतन 18000से 20000 संपर्क 9826141178.(RO-872)

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

**पैकिंग/लोडिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ती में पैकिंग कार्य के लिए लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लिए पुरुष की आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल :- 74699-80000, 0771-4075490.(RO-873)

**पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करे, डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109135400, 9179380728. (RO-756)

**कुक/स्टाफ**

आवश्यकता है- कुक/स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ़-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (RO-103)

**टाइल्स शोरूम कार्य**

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यकता है संपर्क -मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा, थाने के सामने, रायपुर। मोबाइल - 9827109679.(RO-166)

**मशीन ऑपरेटर**

आवश्यकता है- जे.सी.बी. 3DX टायर मशीन चलाने हेतु 2 ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन - योग्यतानुसार लायसेंस हैवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता (रहने+गैस की सुविधा उपलब्ध) जय हनुमान ट्रेडर्स ऊपरवारा नया रायपुर मो. 9098515239, 9399440771. (RO-875)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबांधा, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर 9575042814.(RO-40)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन एंव सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं। वेतन 8000 से 15000 तक मोबाइल नं. 9131315998. संपर्क करें:-राजेश कलेक्शन मालवीय रोड जवाहर बाजार के सामने (RO-271)

**ऑफिस स्टाफ**

आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैं- लड़के, लड़कियों की 8वीं 10वीं पास सैलरी 12000 से 15000 हजार, रहना फ्री, मिलेः- AMBITION COMPNY सुंदर नगर रायपुर Mob. No. 9098100628, 8435887784.(RO-A)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611.(RO-094)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 12000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 8982834337. (RO-529)

हरिभूमि क्लासीफाईड

शीघ्र आवश्यकता - जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085533493. (Ro-367)

**अकाउन्टेंट/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान और गोदाम में काम के लिए लड़के चाहिए। अकाउंट, कंप्यूटर और सेल्स वाले भी संपर्क करें। सैलरी 14,000 से शुरू। जगह - नहरपारा & बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें - 9302702087.(RO-4146)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ कमीशन वीकली बोनस से कमाए 15,000 से 20,000 पता - रामनगर भिलाई Mo.no.- 8103147651 .(RO-876)

**अन्य**

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु ( 10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 42) सैलरी- 26500/- से 45500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891. (RO-102)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Services सर्विसेस**

हॉस्टल / भवन चाहिए - रूंगटा आर 1 इंजीनियरिंग कॉलेज कोहका भिलाई को बॉयज के लिए 30 सीटर हॉस्टल/भवन की आवश्यकता है। संपर्क करें। 9229155526, 9229355523. (आरो न - 306)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152






## जैकेट के शेष

### मानसून को निगल गया ...

गई है। रिपोर्ट के अनुसार अल-नीनो की वजह से भारत में भीषण गर्मी बढ़ सकती है और मानसून कमजोर हो सकता है। इसका सीधा असर खेती पर पड़ेगा। बारिश कम होने से फसलों का उत्पादन घट सकता है, सिंचाई की जरूरत बढ़ेगी और बिजली की मांग भी बढ़ सकती है। इससे खाद्य कीमतों और महंगाई पर भी असर पड़ने की आशंका है।

### गाज की चपेट में आने से ...

कुमारी रानी आ.मोहर साय (9वर्ष) अपने रिश्तेदार के घर ग्राम डुमकी खूटीपारा आई थी। सोमवार को शाम 4 बजे गरज-चमक के साथ तेज हवा चलने के कारण पेड़ के नीचे बिखरे आम बिन रही थी। उसके साथ पांच वर्षीय सागर, पिता रामसाय एवं श्रद्धा पिता राजनाथ (12वर्ष) भी आम बिनने पहुंचे थे। इस दौरान बूंदाबांदी होने पर पास में मवेशियों को चरा रहा रामसाय पिता टिरकू (36वर्ष) भी बारिश से बचने के उद्देश्य से पेड़ के नीचे आकर खड़ा हो गया। तेज गरज-चमक के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े ग्रामीण सहित तीनों बच्चे चपेट में आ गए।

### राम मंदिर के दोषी जेल में होंगे, न वजीर बचेगा...

हम आहत हुए हैं। राम जन्मभूमि में जो चढ़ावा आता है, कानूनन भी वो श्रीराम जी की अकेले की संपत्ति है। उसमें से एक भी रुपया का चोरी होना, ये तो बहुत अनैतिक है, बहुत दुखद है। ये होना नहीं चाहिए था। मैंने देखा कि ये बात जब ट्रस्टियों के ध्यान में आई, उन्होंने कुछ लोगों से जांच करी। जांच में वो पुष्ट हुई, तो पहला काम और तुरंत करने वाला काम ट्रस्ट ने किया कि मुख्यमंत्री जी को कहा, मामला गड़बड़ है। उच्च पदस्थ लोगों की एसआईटी बनाकर के जांच होना चाहिए। ट्रस्टियों की प्रार्थना पर एसआईटी बनी। जब ये कहा गया कि अगर चंपत जी अपने स्थान पर बने रहे तो जांच प्रभावित हो सकती है, चंपत जी और अनिल जी ने त्यागपत्र दिया है।

0: आपने बताया कि आहत हैं आप, हर राम भक्त दुखी है। पर जब ये शिकायत सार्वजनिक हुई कि राम मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा जो भेंट अर्पित की जा रही है, उसमें हेरा-फेरी की जा रही है... तो क्या आप नहीं मानते कि ट्रस्ट ने मामले की संजीदगी को समझने के स्थान पर उसको ढकने, छुपाने की कोशिश की? चंपत राय जी तो 10 या 11 तारीख को टीवी पर अपना स्टेटमेंट दे रहे थे कि कहीं कुछ गलत नहीं है, कहीं कुछ ऐसा पाया नहीं गया है। जबकि यादव, जो उनका ड्राइवर था, उससे राशि बरामद हो चुकी थी उससे पहले ही। क्या आप नहीं मानते हैं कि जिस संजीदगी के साथ इस पर कार्रवाई होनी थी, उसके स्थान पर बदनामी के भय से पहले ढाकने-छुपाने की कोशिश हुई?

00: ढाकने-छुपाने की कोई कोशिश नहीं हुई। केवल तथ्यों को प्राप्त करना और धन को रिकवर करना था। दोनों पद्धतियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने दो निर्णयों में कहा है। एसआईटी कुछ तथ्य इकट्ठा कर ले और उसके बाद एफआईआर हो, सुप्रीम कोर्ट ने इस पद्धति को भी ठीक माना है। और उसमें से एक रास्ता चुनना था, उन्होंने चुना। और वह रास्ता कानून सम्मत है।

0: मतलब तुरंत एफआईआर न कराना कोई गंभीर विषय आपको नहीं लगता? आपको लगता है कि एसआईटी ज्यादा बेहतर चरण था और चंपत राय जी जो उससे एक दिन पहले ही सब कुछ ठीक-ठाक होने का दावा किए, तो उसमें भी आपको कुछ गलत नहीं लगता, आलोक जी?

00: कोई निष्क्रियता नहीं थी। कानूनी और ठोस मार्ग चुनना था। केवल पुलिस के ऑफिसर नहीं, जो रेवेन्यू का काम जानते हैं, जिनको इस तरह के इन्वेस्टिगेशन का अनुभव है, ऐसी तीन लोगों की और बहुत वरिष्ठ लोगों की एसआईटी बनाना था। वही किया गया। अगर कोई इसे गलती मानेगा तो मैं कहूंगा कि यह अज्ञान है।

0: तो मैं अपने अगले सवाल पर आता हूं। एक आपने बताया कि एसआईटी की जांच हुई, एसआईटी की जांच में जो तथ्य आए उसमें तुरंत एफआईआर हुई। एफआईआर के बाद में फिर यह हुआ कि निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है, तो चंपत राय जी और अनिल मिश्रा जी ने इस्तीफा दे दिया। जितनी देरी इस्तीफे के संदर्भ में हुई, क्या इसे आप नैतिकता के तहत उचित मानते हैं?

00: मैं पहले तो इस बात को नहीं मानता कि विकल्प नहीं रहा। अभी-अभी एक सज्जन अयोध्या गए थे, काफी आग उगली है। पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। शराब घोटाले के आरोप लगे थे। जमानत की अर्जी रद्द हो गई थी, जेल गए। लोगों ने कहा, आप त्यागपत्र दोगे? कहने लगे, मैं जेल में रहकर के मुख्यमंत्री का काम करूंगा। हमको ध्यान है नरसिम्हा राव के समय में जब कुछ सांसदों को धन देकर के, रिश्वत देकर अपने पक्ष में करने की बात थी, और खुल गई थी, उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया था। बोफोर्स में 64 करोड़ की दलाली का आरोप लगा, राजीव गांधी जी ने त्यागपत्र नहीं दिया था। ब्रीच ऑफ ट्रस्ट के आरोप राहुल गांधी और उनकी माताजी के खिलाफ भी हैं। अपनी ही पार्टी की नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को पार्टी से हटाकर अपने नाम कर लेने का अपराध। दोनों जमानत पर हैं, त्यागपत्र नहीं दिया है। परंपरा त्यागपत्र देने की नहीं थी। चंपत जी ने दिया और एफआईआर होने के दो दिन बाद ही दिया है। तो न तो मैं यह मानता हूँ कि कोई रास्ता नहीं बचा था और न मैं यह मानता हूँ कि उसमें देरी हुई है।

0: आलोक जी, आपने मुझे कई सारे नाम गिनाए। अरविंद केजरीवाल से आप शुरू हुए, नरसिम्हा राव, राजीव गांधी, फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी तक पहुँचे। तो क्या विश्व हिंदू परिषद के लिए अब रोल मॉडल गांधी परिवार, अरविंद केजरीवाल और नरसिम्हा राव हैं? या आपकी पाठशाला से निकले लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेता हैं, जिनका नाम हवाला की डायरी में उल्लेखित हुआ था, तो उन्होंने न केवल लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था, बल्कि साथ-साथ यह ऐलान भी किया था कि "जब तक पाक-साफ साबित नहीं हो जाऊंगा, इस मंदिर में कदम नहीं रखूंगा, तो क्या वक्त गुजरने के साथ आपने अपने आदर्श, अपने निष्ठाओं में बदलाव ला दिया है कि अब अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी, सोनिया गांधी आपके रोल मॉडल हो गए?

00: अगर मैं उनको रोल मॉडल मानता तो चंपत जी को त्यागपत्र नहीं देने देता। उन्होंने नहीं दिया, हमने तो दिया है। मैं अंतर स्पष्ट कर रहा था। जो प्रेस कॉन्फ्रेंस में गला फाड़ कर के कह रहे हैं इस्तीफो मैं उनको शीशा दिखा रहा था। और जो आडवाणी जी ने किया, वह इस बार भी हुआ। त्यागपत्र दिया है और जब तक निर्दोषिता साबित नहीं होगी, तब तक उनके लौटकर आने का कोई रास्ता नहीं है।

0: वह तो ठीक है पर जो भी नाम आए हैं, वह तो सारे प्यादे हैं। इतना बड़ा मसला और वजीर का कहीं कोई उल्लेख नहीं। आलोक जी को यह बात जनसाधारण के बीच संदेश की दृष्टि से क्या ठीक लगती है? जैसे इस समय का जैसा वातावरण है, क्या आलोक जी को महसूस नहीं हो रहा कि एक धारणा यह बन रही है कि अब चूंकि मामला सार्वजनिक हो गया है, तो कुछ लोगों को गुनहगार बताते हुए असल किरदारों के संदर्भ में ढांकने-छापने की कोशिश है। क्योंकि बड़ा चेहरा तो कोई सामने आया नहीं एफआईआर में। एफआईआर में रख किसे रहे हैं? कैशियर, ड्राइवर, सेवादार।

00: न वजीर बचेगा, न राजा बचेगा। जिसने गलती की है, उसको दंड मिलना चाहिए। किसी को भी नहीं बचाएंगे। और उस जांच के स्कोप में यह सब आता है। जो नाम थे, वह दिए। आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, सबके आचरण की जांच होगी। और अगर मेरे बार-बार कहने के बाद भी आपको लगता है कि किसी को बचाया गया है, तो मैं कहूंगा कि जांच की रिपोर्ट की प्रतीक्षा करिए। हम एक कॉमप्रिहेंसिव जांच चाहते हैं और जिन लोगों पर भी आरोप है, उन सब आरोपों की भी बारीकी से जांच चाहते हैं और मेरी समझ में इस एफआईआर में यह मांगा गया है।

0: तो मेरा आखिरी सवाल इतना ही है कि विश्व हिंदू परिषद ने एक बड़ी भूमिका राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के संदर्भ में निभाई। अब जब से यह वाला प्रकरण सामने आया है, तब से अलग-अलग तरीके से जिनको इस आंदोलन के साथ सद्भावना नहीं थी, उनके स्वर मुखर हो रहे हैं। आपका संघर्ष कृष्ण जन्मभूमि के संदर्भ में, बाबा विश्वनाथ के संदर्भ में, इस प्रकरण के चलते कुछ कठिन तो नहीं हो जाएगा? क्या अनुभूति है आपकी इस संदर्भ में?

00: मेरी इच्छा है, आग्रह भी है, सार्वजनिक रूप से मैंने व्यक्त किया है कि इसका जल्दी पटाक्षेप होना चाहिए। और इसलिए मैंने कहा कि वरिष्ठ, अनुभवी पुलिस अधिकारी जांच करें, जांच को जल्दी पूरा करें, चालान फास्ट ट्रैक कोर्ट में या स्पेशल कोर्ट में जाए, रोज-रोज की सुनवाई हो और मैं चाहूंगा कि अब से लेकर चार-पांच महीने में न्यायालय का निर्णय आना चाहिए। और हिंदू समाज को संतोष होगा अगर इतने समय में निर्णय आकर हम इन सब लोगों को, जिनको दोषी माना जाएगा, जेल की कोठरी में जाते हुए देखेंगे। और दूसरा, हमको संतोष तब होगा जब वहां एक-एक पैसे की सुरक्षित व्यवस्था बना ली जाएगी। और हम चाहेंगे कि इन दोनों कामों में देरी नहीं हो। यही ट्रस्टीज का प्रायश्चित होगा।

## पेज एक के शेष

### रोजगार नहीं मिला तो बेरोजगारी...

वह इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिदिन बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

### बंगाल में दंगाइयों की अब खैर...

संपत्ति के नुकसान की भरपाई करने का कोई प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री ने सदन को भरोसा दिलाया कि प्रस्तावित कानून गुंडों के प्रति लक्षित है और इसका किसी भी तरह से, यहां तक कि राजनीतिक मकसद के लिए भी, दुरुपयोग नहीं किया जाएगा।

### सिर पर चढ़ गया ट्रक का पहिया...

गिर गए। इसी समय सीतापुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने दो युवकों कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आकर दो युवकों का सिर कुचल गया जिससे उनकी मौके अपर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद पिकअप और ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। भीषण सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सड़क पर युवकों के खून से सने शव बिखरने के बाद एनएच 43 पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी व बतौली पुलिस टीम पहुंची और घायलों को डायल 112 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जबकि शवों को उठाकर मर्च्युरी में रखने के साथ ही आवागमन बहाल कराया गया। इस घटना में मरने वालों की पहचान बतौली थाना अंतर्गत मानपुर निवासी 30 वर्षीय नान्हू आ.शिवबोध व 35 वर्षीय जयप्रकाश आ. सुखराम के रूप में की गई। दोनों ही युवको के सिर कुचल गए थे।

### 10वीं के विद्यार्थियों को तीन...

आदेश के खिलाफ कई विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अदालत का रुख किया था। सीबीएसई की अकादमिक निदेशक प्रज्ञा एम सिंह ने कहा, कक्षा 10वीं के मौजूदा बैच को त्रि-भाषा नीति का पालन नहीं करना होगा।

### रिटायरमेंट से एक दिन पहले पदोन्नत...

उनका प्रमोशन कर उन्हें नए स्थान पूर्व माध्यमिक शाला बंधा ब्लाक लखनपुर में पदोन्नत किया गया। इसके बाद शिक्षिका को उनके मूल स्कूल बंधियाचुआ से तो कार्यमुक्त कर दिया गया था, लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ अंबिकापुर द्वारा तकनीकी रूप से रिलिव नहीं किए जाने के कारण वे लखनपुर के नए स्कूल में वे अपनी जॉइनिंग नहीं दे पा रही थी।

### आदेश के पालन की मानिटरिंग...

दिया कि वे आज ही मतलब कि सोमवार की दोपहर 2:15 बजे तक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी और स्कूल प्रशासन को इस आदेश की आधिकारिक सूचना आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित करें। हाईकोर्ट ने मामले की शिकायतों को देखते हुए याचिका को 30 जून को दोबारा कोर्ट में लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोर्ट के आदेश का पालन हुआ है या नहीं।

### मंगेतर से एक करोड़ रुपए...

करने के बाद वह शादी का प्रस्ताव लेकर सिया के परिवार से मिलेगा। गौरतलब है कि 18 जून को केतन अपनी मंगेतर सिया गोयल संग पुणे के लोहागढ़ किले में घूमने पहुंचे थे। यहां उन्हें गहरी खाई में धक्का देकर उनकी हत्या कर दी गई।

## हाइराइज बिल्डिंग में लगी भीषण आग

# नोएडा में फिर 'एसी ब्लास्ट' का कहर!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आग का तांडव जारी है। अब एनसीआर के तहत आने वाले उत्तर प्रदेश के नोएडा में आग लगने की घटना हुई है। नोएडा की एक हाईराइज सोसाइटी में सोमवार की सुबह भीषण आग लग गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग की विकराल लपटों पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना नोएडा के सेक्टर 119 स्थित एक सोसाइटी की है। जानकारी के मुताबिक नोएडा सेक्टर 119 की अरण्य सोसाइटी के एक टावर से सोमवार की सुबह धुआं उठता दिखा. देखते ही देखते इसने आग की लपटों का रूप ले लिया। आग लगने की जानकारी आसपास के लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को दी और अपने स्तर से भी आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दीं।

### एकदम से भड़की आग

आग की लपटों ने देखते ही देखते पास के एक फ्लैट को भी अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने आसपास के लोगों से भी फ्लैट खाली करने की अपील की। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं. फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग की विकराल लपटों पर काबू पाया। आग 22वीं मंजिल पर लगी थी और इसकी वजह से आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नोएडा के चीफ फायर अफसर भी खुद मौके पर पहुंचे. सीएफओ के साथ ही पुलिस भी मौके पर मौजूद है। इस घटना के पीछे एसी ब्लास्ट को वजह बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि 22वें फ्लोर पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी में लगी एसी में विस्फोट हुआ. इसके बाद लगी आग ने पास के एक फ्लैट को भी आगोश में ले लिया।

## पाकिस्तान : अफगान नागरिकों की हो रही गिरफ्तार

**पेशावर।** पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने देशभर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ व्यापक अभियान के निर्देश दिए हैं साथ ही बिना वैध वीजा के पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिकों को 10 जुलाई से गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया है। गृह मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, मुख्य सचिवों, चारों प्रांतों के पुलिस महानिदेशकों (आईजीपी) तथा इस्लामाबाद प्रशासन को अवैध विदेशी नागरिक प्रत्यावर्तन योजना का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 11 जुलाई से सभी प्रांतीय प्रशासन को गिरफ्तारियों और कार्रवाई से संबंधित दैनिक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजनी होगी।

## ओडिशा के बुक में छपा 'निंबूड़ा-निंबूड़ा' सॉन्ग

# 5वीं के बच्चे पढ़ रहे हैं ऐश्वर्या राय का हिट गाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा से एक बार फिर हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। क्लास 5 के बच्चे एक्ट्रेस एश्वर्या राय बच्चन की मूवी का निंबूड़ा-निंबूड़ा गाना पढ़ रहे हैं। माना जा रहा है कि क्लास 5 की इंग्लिश बुक में गलती से 1999 की सुपरहिट फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के फेमस गाने निंबूड़ा-निंबूड़ा के बोल छाप दिए गए हैं। इसके बाद से एडिटिंग और क्वालिटी कंट्रोल पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ओडिशा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, यह गलती तब सामने आई जब पाठ्यपुस्तक की तस्वीरें ऑनलाइन सामने आईं, जिनमें प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए शैक्षिक सामग्री के



स्थान पर गाना के बोल छपे हुए दिखाई दे रहे थे। अब इस गलती के खिलाफ कड़ी प्रक्रिया सामने आ रही है। पाठ्यपुस्तक में कथित गलती का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इस पर मीम्स बना रहे हैं और हैरानी जता रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे मजाक में लिया, जबकि कई लोगों का कहना है कि ऐसी गलती शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है।

### शिक्षा अधिकारियों पर सवाल

इस गलती ने स्कूल की किताबों को तैयार करने, उनकी समीक्षा करने और उन्हें छापने के दौरान अपनाए जाने वाली क्वालिटी केंट्रोल के तरीकों पर सवाल उठ रहे हैं। शिक्षा विशेषज्ञों और अभिभावकों ने सवाल उठाया है कि छात्रों तक पहुंचने से पहले संपादन के कई चरणों से गुजरने के बावजूद इतनी बड़ी गलती कैसे हो गई? हालांकि, अधिकारियों ने इस गलती को लेकर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है।

# उड़ीसा में ड्रोन उड़ाकर बनाया लिंगराज मंदिर का वीडियो

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित प्रसिद्ध लिंगराज मंदिर के ऊपर बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने के आरोप में पुलिस ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का ड्रोन और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ड्रोन और उसकी मोटरसाइकिल जब्त कर ली। आरोपी को नोटिस भी जारी किया गया है। फिलहाल मामले की आगे जांच जारी है। लिंगराज मंदिर ओडिशा के सबसे प्रमुख और श्रद्धेय शिव मंदिरों में से एक है। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित स्मारक है। ऐसे संरक्षित स्थलों के ऊपर बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने ड्रोन किस उद्देश्य से उड़ाया था और क्या उसने संबंधित अधिकारियों से कोई अनुमति ली थी।

■ युवक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला दर्ज

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/07/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 0134150700013664, दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 0134110700021310, 0134110730032765, 2793, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, 0112310700026264, 0112310730047531, 7721, कृष्णा थियेटर रोड, 0125930700025665, 0125930730025432, महाराजा चौक, 0116770700017309, 0116770730020993, 4282, 4376, नेहरू नगर भिलाई, 0125780700022561, 2612, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220700017929, 0126220730019198, पावर हाउस चौक भिलाई, 0134030700038721, 8774, 8791, 8819, 8820, 8853, 8868, 0134030730045608, 5682, 5683, स्मिति नगर भिलाई, 0115830700019504, 9539, कवर्धा, इंदिरा गाँधी चौक कवर्धा, 0134560700012147, 0134560730016727, महासमंद, बस स्टैंड महासमुंद छत्तीसगढ़, 0129980700023855, 0129980730025789, 9330, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490700003753, रायपुर, बडाईपाडा, 0113640700024656, बनपुरी, 0114590730025859, बंसताल रायपुर, 0124250730006528, देवेंद्रनगर रायपुर, 0124680700016122, 6946, कटोरा तालाब रायपुर, 0131700700018302, 8343, 8356, मोवा रायपुर, 0129340700020000, 0129340730027084, 0083, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 0128700730026339, 6354, 6392, पंडरी रायपुर, 0114140730024609, 4676, सदार बाजार भतापरा, 0134460700011999, 2026, संतोषी नगर रायपुर, 0131480730032858, 2859, 2906, 3024, तेलीबंधा रायपुर, 0123840730028049, 8097, राजनंदगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 0133670700012883, 2900, लालबाग राजनंदगाँव, 0133880730047170, 7171, 7172,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## भारत में कनाडा के एनआरआई की करतूत

# पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी, रेप का केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

मुरादाबाद से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एनआईआई व्यक्ति के खिलाफ अपनी पहली शादी छिपाकर दूसरी महिला से शादी करने का मामला दर्ज किया गया है। एक एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने उस पर दहेज के लिए परेशान करने, रेप, हत्या की कोशिश और अन्य अपराधों के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस के अनुसार पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी रामपुर जिले के गगनदीप सिंह ने अप्रैल 2022 में उनकी बेटी से शादी की थी, जबकि वह पहले से ही कनाडा में एक महिला से शादीशुदा था।

### लगातार किया उत्पीड़न

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि जब महिला को पहली शादी के बारे में पता चलने के बाद उसने अपने पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया, तो उसने उसके साथ रेप किया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि लगातार उत्पीड़न से उसकी मानसिक सेहत पर असर पड़ा और अभी उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने लगभग 2 करोड़ रुपये का दहेज लिया था। शादी की रात, जब महिला को उसकी पहली शादी के बारे में पता चला और उसने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया, तो उसने उसके साथ रेप किया।

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई,www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6272



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु. उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली - 6271 का हल



## सूडोकु नवताल - 6282

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6281 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर में 11% से अधिक की गिरावट





**नई दिल्ली।** पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर में सोमवार को 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कंपनी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उसने जर्मनी की डिजिटल इंजीनियरिंग कंपनी 'नागारो' का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 11.20 प्रतिशत टूटकर 4,298.25 रुपये पर बंद हुआ।

### रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 94.54 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.54 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अनुकूल कीमतों और विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार के कारण रुपये ने सकारात्मक शुरुआत की। अमेरिका-ईरान के बीच फिर से सैन्य संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव बना।

### टर्टलमिंट सूचीबद्ध होने के बाद 11 प्रतिशत टूटा




**नई दिल्ली।** बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस का शेयर सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 152 रुपये के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 136.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो इसके निर्गम मूल्य से 10.39 प्रतिशत कम है।

### सीमैक्स रिसोर्सेज का एसएमई आईपीओ आज खुलेगा




**नई दिल्ली।** वडोदरा स्थित सीमैक्स रिसोर्सेज मंगलवार को अपना एसएमई आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करेगी, जिसके लिए मूल्य दायरा 134-141 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। एक बयान के अनुसार, 19.74 करोड़ रुपये का यह सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से 14 लाख नए शेयरों का निर्गम है और यह दो जुलाई को बंद होगा।

### जेरोधा निवेश बैंकिंग क्षेत्र में कदम रखने की तैयारी में




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जेरोधा ने अपनी वित्तीय सेवाओं का दायरा बढ़ाने के मकसद से बाजार नियामक सेबी के पास मर्चेंट बैंकिंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। सेबी के अनुसार, जेरोधा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेरोधा कॉरपोरेट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से यह आवेदन किया गया है।

### एक्सिस बैंक के सीएफओ शर्मा ने दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पुनीत शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा ने अपने पेशेवर जीवन की यात्रा के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए इस्तीफा देने का फैसला किया है। बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूचना में कहा कि 31 अगस्त, 2026 को कामकाज का समय समाप्त होने के बाद सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा। इसके बाद वह बैंक के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक और वरिष्ठ प्रबंधन का हिस्सा नहीं रहेंगे।

# चीन ने बना डाला 'एंथ्रोपिक माइथोस' जितना पावरफुल मॉडल, अमेरिका को झटका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- पहले भी डीपसीक मॉडल के साथ चीन धमाका मचा चुका

एआई मॉडल की रेस में चीन लगातार सरप्राइज दे रहा है। पहले डीपसी मॉडल के साथ तहलका मचाने वाले चीन ने एक और धमाके की तैयारी कर ली है।

रिसर्चर का कहना है कि चाइनीज स्टार्टअप जिनपिक एआई ने एक नया जीएलएम-5.2 मॉडल तैयार किया है, जो बग ढूंढने के मामले में एंथ्रोपिक के पावरफुल माइथोस मॉडल को टक्कर दे सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, झिंपु एआई ने इसी महीने अपने जीएलएम-5.2 मॉडल को रिलीज किया है। इसे जेड आई भी कहा जा रहा है और सॉफ्टवेयर में खामियां ढूंढने के मामले में यह कई अमेरिकी मॉडल को टक्कर दे सकता है। हालांकि, रीजनिंग और जनरल एआई कैपेबिलिटीज को लेकर यह ओपन एआई और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों से पीछे है, लेकिन जानकारों का मानना है कि साइबर सिक्योरिटी के फील्ड में अब अमेरिकी और चाइनीज मॉडल में अंतर लगातार कम होता जा रहा है।

## चीन लगातार एआई मॉडल की रेस में सरप्राइज दे रहा

### अमेरिकी कंपनियों के लिए बजी खतरे की घंटी

जीएलएम-5.2 को लेकर हैरान कर देने वाले दावे ऐसे समय सामने आए हैं, जब दुनियाभर की कंपनियां सस्ते एआई मॉडल की तरफ देख रही है। माइक्रोसॉफ्ट समेत कई कंपनियां इस बात पर विचार कर रही हैं कि क्या उन्हें अपने प्लेटफॉर्म्स पर चाइनीज एआई मॉडल अवेलेबल करवाने चाहिए. अगर यह ट्रेंड जोर पकड़ता है तो कंपनियों का झुकाव चाइनीज मॉडल्स की तरफ होगा और यह अमेरिकी कंपनियों के लिए खतरे की घंटी बन सकता है।




### गलत हाथों में पड़ जाए तो खतरा

जीएलएम-5.2 एक ओपन वेट मॉडल है। इसका मतलब है कि यूजर बिना किसी क्लाउड एक्सेस के इसे अपने डिवाइस पर डाउनलोड, मॉडिफाई और रन कर सकते हैं। इससे डेवलपर्स और एंटरप्राइजेज को ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है, लेकिन अगर यह गलत हाथों में पड़ जाए तो इसके खतरे भी हैं।

### मुकाबले में किसने मारी बाजी?

ओपन राउटर ने चाइनीज मॉडल को दुनिया के 10 सबसे ज्यादा यूज होने वाले एआई मॉडल्स में शामिल किया है। साइबर सिक्योरिटी कंपनी सेमग्रेप ने भी पाया कि कई बेंचमार्क टेस्ट में चाइनीज मॉडल ने एंथ्रोपिक के क्लाउड ओपस 4.8 मॉडल को पछाड़ दिया था।

## उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लागू की व्यवस्था

# सरकार ने लागू की 'सुधार नोटिस' व्यवस्था : पहली चूक पर राहत

**पहली नोटिस में खामियां सुधारने का अवसर**

**नोटिस में खामी का विवरण दिया जाएगा**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत 'सुधार नोटिस' व्यवस्था लागू की है। इसके तहत पहली बार प्रक्रियागत नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों को दंडात्मक कार्रवाई से पहले अपनी खामियां सुधारने का अवसर दिया जाएगा।

विभाग ने सोमवार को बयान में कहा कि यह बदलाव सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (कारोबार करने में सुगमता) लक्ष्य के तहत जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 के माध्यम से किया गया है।

### नियामकीय कमी का पता लगाना

नई व्यवस्था के तहत यदि कोई विधिक मापविज्ञान अधिकारी पहली बार किसी निर्धारित प्रक्रियागत या नियामकीय कमी का पता लगाता है, तो वह संबंधित इकाई को सुधार नोटिस जारी कर सकेगा। नोटिस में खामी का विवरण दिया जाएगा और उसे दूर करने के लिए उचित समय सीमा निर्धारित की जाएगी।

## दोबारा गलती करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

### अनावश्यक मुकदमेबाजी कम करना

सरकार ने कहा कि इस सुधार का उद्देश्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना, अनावश्यक मुकदमेबाजी कम करना, अनुपालन लागत घटाना और उद्योग के लिए नियामकीय स्पष्टता बढ़ाना है। विभाग ने कहा, ''यह सुधार ईमानदार कारोबारियों को नियमों के अनुपालन में सहयोग देने और साथ ही विधिक मापविज्ञान प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के बीच संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है।''




### समय के भीतर सुधार पर कार्रवाई नहीं होगी

यदि संबंधित इकाई तय समय के भीतर सुधार कर लेती है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। विभाग ने बयान में कहा, ''यदि सुधार नोटिस का पालन नहीं किया जाता है या नियमों का दोबारा उल्लंघन होता है, तो विधिक मापविज्ञान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।''

### अन्य मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

विभाग ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से उपभोक्ता संरक्षण या कानून के प्रवर्तन को कमजोर नहीं किया गया है और धोखाधड़ी, छेड़छाड़, बार-बार नियमों का उल्लंघन और उपभोक्ताओं के हितों को प्रभावित करने वाले अन्य मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### अन्य इकाइयों पर लागू होगा

यह सुधार विनिर्माताओं, आयातकों, पैकिंग करने वालों, डीलर, मरम्मतकर्ताओं, व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) तथा अधिनियम के तहत विनियमित अन्य इकाइयों पर लागू होगा।

### नोटिस इन उल्लंघनों पर लागू होगी

*सुधार नोटिस पहली बार होने वाले उन उल्लंघनों पर लागू होगा, जो पंजीकरण संबंधी आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण, मॉडल अनुमोदन, बाट एवं माप उपकरणों के निर्माण, बिक्री और मरम्मत, आयात, पैक बंद वस्तुओं के लेनदेन तथा वैधानिक जानकारी और 'रिटर्न' दाखिल करने से जुड़े हैं।*

### उपभोक्ता के हित प्रभावित न हो

*विभाग ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रवर्तन एजेंसियों को जानबूझकर और बार-बार होने वाले ऐसे उल्लंघनों पर अपने संसाधन केंद्रित करने में सक्षम बनाना है, जो उपभोक्ताओं के हितों को प्रभावित करते हैं।*

## केंद्रीय बैंक ने जारी किए आंकड़े

# भारत का विदेशी कर्ज बढ़कर 762.8 अरब डॉलर : आरबीआई

एजेंसी ▸▸ मुंबई




- आरबीआई ने जारी आंकड़ों में दी जानकारी
- एक वर्ष पहले की तुलना में 26 .3 अरब डॉलर अधिक है
- अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मूल्यांकन प्रभाव दर्ज किया गया

देश का कुल विदेशी ऋण मार्च, 2026 के अंत तक बढ़कर 762.8 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 26.3 अरब डॉलर अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

'मार्च, 2026 के अंत तक भारत का विदेशी ऋण' संबंधी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रुपये तथा अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण 24.6 अरब डॉलर का मूल्यांकन प्रभाव दर्ज किया गया।

### विदेशी ऋण और जीडीपी का अनुपात बढ़ा है

आरबीआई ने कहा, /''यदि इस मूल्यांकन प्रभाव को शामिल न किया जाए, तो मार्च, 2025 की तुलना में मार्च, 2026 के अंत तक विदेशी ऋण में 26.3 अरब डॉलर के बजाय 51 अरब डॉलर की वृद्धि होती। केंद्रीय बैंक ने यह भी बताया कि विदेशी ऋण और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात मार्च, 2026 के अंत में बढ़कर 20.8 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 19.8 प्रतिशत था।

### दीर्घकालिक ऋण 613.5 अरब डॉलर रहा

आरबीआई के अनुसार, मार्च, 2026 के अंत में दीर्घकालिक ऋण (एक वर्ष से अधिक की मूल परिपक्वता वाला) 613.5 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 अरब डॉलर अधिक है।

### सरकार का बकाया कर्ज घटा है

इसके बाद भारतीय रुपये (29.4 प्रतिशत), येन (6.4 प्रतिशत), एसडीआर (विशेष आहरण अधिकार) (4.3 प्रतिशत) और यूरो (3.7 प्रतिशत) में दर्ज कर्ज का स्थान रहा। आरबीआई ने बताया कि एक साल पहले के स्तर की तुलना में मार्च, 2026 के अंत में सामान्य सरकार का बकाया कर्ज घटा है, जबकि गैर-सरकारी कर्ज में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# इवेको का अधिग्रहण सितंबर तक पूरा करेगी टाटा मोटर्स




- संयुक्त आय 35 अरब डॉलर होने का अनुमान
- जुलाई-सितंबर तक यह सौदा पूरा होने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि इवेको के अधिग्रहण के लिए ज्यादातर जरूरी मंजूरियां हासिल हो गई हैं और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर तक यह सौदा पूरा होने की उम्मीद है।

चंद्रशेखरन ने कंपनी की ऑनलाइन हुई दूसरी सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि विलय के समय टाटा मोटर्स और इवेको का संयुक्त राजस्व 25 अरब डॉलर होगा और इसके अगले पांच साल में 35 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। चेयरमैन ने कहा, ''अगले पाच साल में, संयुक्त राजस्व 35 अरब डॉलर तक पहुंचने की काफी संभावना है। इसलिए, इसमें विकास के बहुत सारे अवसर हैं...।'' प्रस्तावित अधिग्रहण टाटा मोटर्स के वैश्विक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम रणनीतिक कदम है। टाटा मोटर्स ने जुलाई, 2025 में इटली की वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी इवेको समूह को 3.8 अरब यूरो में खरीदने की घोषणा की थी। इसमें कंपनी का रक्षा कारोबार शामिल नहीं था।

**कंपनी का कारोबार कई देशों में फैला है**

चंद्रशेखरन ने कहा, ''कंपनी का कारोबार कई देशों में फैला है। ऐसे में इतने बड़े सौदे के लिए कई जरूरी नियामकीय मंजूरियों की जरूरत होती है।''

### अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी मिलेगी

चंद्रशेखरन ने कहा कि इवेको को खरीदने से कंपनी को अत्याधुनिक इंजन और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियां मिलेंगी। इसके अलावा, इससे अलग-अलग देशों में टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों के लिए बेहतर उत्पाद क्षमता और मौजूदगी को और बढ़ावा मिलेगा।

## प्रिस्टीन लॉजिस्टिक्स ने जमा किए आईपीओ के लिए दस्तावेज



**नई दिल्ली।** रेल आधारित लॉजिस्टिक्स कंपनी प्रिस्टीन लॉजिस्टिक्स एंड इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग के तहत प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रस्तावित आईपीओ को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की गोपनीय प्रक्रिया के तहत दाखिल किया गया है। इस व्यवस्था के तहत कंपनियां निर्गम के आकार समेत प्रस्ताव से जुड़ी जानकारी को शुरू में सार्वजनिक नहीं करती हैं। यह प्रक्रिया कंपनियों को नियामकीय सुझावों और बाजार की परिस्थितियों के अनुसार निर्गम की संरचना में बदलाव करने की सुविधा भी देती है।

# सोने में 1,300 रुपए की तेजी और चांदी 2,000 रुपए टूटी

- सोना बढ़कर हुआ 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी टूटकर 2,24,000 रुपए प्रति किलो ग्राम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को कारोबारियों की ओर से कम कीमत पर लिवाली बढ़ाने के कारण सोने की कीमतों में 1,300 रुपये का सुधार दर्ज हुआ और यह 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जिससे इसमें तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि बृहस्पतिवार को यह 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 'मुहर्रम' के कारण शुक्रवार को सराफा बाजार बंद थे। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और यह 2,000 रुपये टूटकर 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।

# इलेवन ने वित्तीय कारोबार ने 216 करोड़ किए निवेश

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्रों में कारोबार करने वाले विविधीकृत समूह इलेवन ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) सहित वित्तीय सेवा कारोबार में 216 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इस ताजा निवेश के साथ पिछले चार वर्षों में उसके वित्तीय सेवा कारोबार में कुल निवेश बढ़कर 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह निवेश वित्तीय सेवा कारोबार के विस्तार की उसकी दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है। बयान के अनुसार, कंपनी की एनबीएफसी इकाई एसवीसीएल ने अब तक कुल 19 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दी है और स्थापना के बाद से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज वितरित कर चुकी है।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बाजार में गिरावट

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- सेंसेक्स 372, निफ्टी 110 अंक टूटा
- कच्चे तेल के दाम में फिर तेजी

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने और कच्चे तेल के दाम में तेजी से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 372 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 110 अंक के नुकसान में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा कुछ शेयरों में मुनाफावसूली तथा आईटी, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 372.10 अंक टूटकर 76,728.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 478.72 अंक तक लुढ़क कर 76,621.75 अंक पर आ गया था। निफ्टी 109.75 अंक के साथ 23,946.25 अंक पर बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''सप्ताहांत वैश्विक स्तर पर तनाव तेजी से बढ़ा।



**इन शेयरों में रही लाभ-हानि**

*सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सर्वाधिक 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और एनटीपीसी शामिल हैं।*

## दुनिया की सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों में शामिल

# तंबाकू कंपनी में एआई की वजह से 9 हजार लोगों की छंटनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों में शामिल ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको (बीएटी) ने एक बड़ा फैसला लिया है। तंबाकू बनाने वाली इस कंपनी ने वैश्विक स्तर पर करीब 9,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि बदलते बाजार और लगातार घटती सिगरेट की डिमांड को देखते हुए अब वह अपने कारोबार का फोकस रेगुलर सिगरेट से हटाकर वेप, ई-सिगरेट और निकोटीन पाउच जैसे नए उत्पादों की ओर ले जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीएटी इस साल के अंत तक 5,500 कर्मचारियों की नौकरी खत्म करेगी, जबकि करीब 3,500 पदों को आउटसोर्स किया जाएगा, यानी कई विभागों का काम दूसरी कंपनियों को सौंप दिया जाएगा। कंपनी के अमेरिका से बाहर करीब 47,000 कर्मचारी हैं और यह छंटनी उनमें से लगभग 20 प्रतिशत कर्मचारियों को प्रभावित कर सकती है।

## घटती सिगरेट की मांग को देखते हुए ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको कंपनी ने घोषणा की

**बिक्री में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट**

*बीएटी ने यह भी अनुमान लगाया है कि साल 2026 में दुनिया भर में रेगुलर सिगरेट की बिक्री में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यही वजह है कि कंपनी भविष्य की तैयारी अभी से कर रही है। छंटनी के साथ-साथ बीएटी अपनी कई फैक्ट्रियों को भी बंद कर रही है। इसी साल जनवरी में कंपनी ने दक्षिण अफ्रीका में स्थित अपनी एक सिगरेट फैक्ट्री बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी का कहना था कि अवैध तंबाकू कारोबार के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा था।*




**एआई, ऑटोमेशन और डेटा का बड़े पैमाने पर उपयोग**

इसके अलावा बीएटी अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमेशन और डेटा एनालिटिक्स का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रही है।

### कंपनी हर साल 6,800 करोड़ से अधिक बचाना चाह रही

कंपनी का टारगेट साल 2028 तक हर साल करीब 600 मिलियन पाउंड (करीब 6,800 करोड़ रुपए से अधिक) की लागत बचत करना है। इसके लिए बीएटी अपने पूरे बिजनेस मॉडल में बड़े बदलाव कर रही है। बीएटी का मानना है कि दुनिया भर में लोग धीरे-धीरे सिगरेट छोड़ रहे हैं और अब धूम्रपान के विकल्प के तौर पर वेप और निकोटीन पाउच जैसे उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यही वजह है कि कंपनी आने वाले सालों में अपनी कुल आय का आधे से ज्यादा हिस्सा इन नए उत्पादों से कमाना चाहती है। कंपनी पहले ही अपने लोकप्रिय ब्रांड वुसे (वेपिंग डिवाइस) और वेलो (निकोटीन पाउच) पर बड़ा निवेश कर चुकी है। बीएटी की रणनीति फिलिप मॉरिस जैसी दूसरी बड़ी तंबाकू कंपनियों से मिलती-जुलती है, जो तेजी से स्मोक-फ्री उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- उत्पादन मई में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हुआ

विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन में मई में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पिछले महीने अप्रैल में इसमें 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि नई श्रृंखला के तहत मई के लिए औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के ताजा आंकड़े उत्पादन उत्पादक कीमत सूचकांक (पीपीआई) पर आधारित हैं। यह सूचकांक पहले इस्तेमाल होने वाले थोक मूल्य सूचकांक प्रणाली की तुलना में कीमतों का अधिक सटीक विवरण देता देता है। यह नयी श्रृंखला 2022-23 पर आधारित औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का दूसरा मासिक आंकड़ा है। आईआईपी सूचकांक में 463 मद समूह हैं और पीपीआई को अपनाने से 234 मद समूह पर असर पड़ा है।

# पैसों का दम नहीं आया काम, खाड़ी देशों की फुटबॉल क्रांति फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों ने फुटबॉल और उसके बुनियादी ढांचे पर काफी पैसा लगाया था, लेकिन इसका असर विश्व कप में देखने को नहीं मिला, जहां उन्हें शर्मनाक हार के साथ बाहर होना पड़ा। इससे यह साबित हो गया कि खेल के सबसे बड़े मंच पर बड़ी रकम सफलता की गारंटी नहीं देती है।

सऊदी अरब फिर से ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया। वह उस ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें केप वर्दे भी था, जो विश्व कप में भाग लेने वाला तीसरा सबसे छोटा देश है और पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा है।

## सऊदी अरब ने रोनाल्डो और नेमार को जोड़ा

सऊदी अरब ने अपनी फुटबॉल में बदलाव लाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो, नेमार और करीम बेंजेमा जैसे खिलाड़ियों को अपने क्लबों से जोड़ा था। उसने 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी भी हासिल की लेकिन अमेरिका में खेले जा रहे टूर्नामेंट में उसके प्रदर्शन को देखते हुए स्पष्ट हो गया कि उसे अब भी काफी लंबा सफर तय करना है।



## खाड़ी देश अपनी छाप छोड़ने में असफल

*चार साल पहले विश्व कप की मेजबानी करने वाला कतर भी महज तीन मैचों के बाद वापस लौट रहा है। यही हाल अन्य खाड़ी देशों ईरान और इराक का भी है। मौजूदा विश्व कप में, जहां अफ्रीकी महाद्वीप की 10 में से 9 टीम नॉकआउट राउंड में पहुंची वहीं खाड़ी देश अपनी छाप छोड़ने के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं। अफ्रीकी देशों के पास खाड़ी देशों की तरह फुटबॉल पर अंधाधुंध खर्च करने के लिए साधन नहीं हैं। केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ ने सऊदी अरब की 1994 के बाद पहली बार ग्रुप चरण से आगे बढ़ने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उसने तीन मैच में दो ड्रॉ खेले और अपने ग्रुप में चौथे स्थान पर रहकर बाहर हो गया।*



## आज के मुकाबले

**जर्मनी vs पराग्वे**
2:00 एएम बोस्टन स्टेडियम

**नीदरलैंड्स VS मोरक्को**
6:30 एएम एस्टाडियो मॉन्टेरे

**आइवरी कोस्ट VS नॉर्वे**
10:30 पीएम लास स्टेडियम

## प्रदर्शन हमारी उम्मीद के मुताबिक नहीं : सऊदी अरब के कोच डोनिस

सऊदी अरब के कोच जॉर्जोस डोनिस ने कहा, 'यह प्रदर्शन हमारी उम्मीद के मुताबिक नहीं था क्योंकि जब हम अपने लगभग समान स्तर की टीम के खिलाफ मैच में खेलते हैं, तो हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं होता। इसलिए यह चिंता का विषय है।' कतर के कोच जुलेन लोपेटेगुई ने कहा, 'मुझे लगता है कि इससे पता चलता है कि कम से कम हम इस तरह के मैचों में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। हम फुटबॉल में अपने भविष्य को लेकर निश्चित रूप से आशावादी हैं।'

## नॉकआउट में ईरान मामूली अंतर से चूका

ईरान 1978 से विश्व कप में खेल रहा है। अमेरिका के साथ युद्ध के कारण यात्रा और वीजा संबंधी परेशानियों के बावजूद उसने अपने तीनों मैच ड्रॉ कराए और वह नॉकआउट में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूक गया। विश्व कप में सात बार भाग लेने के बावजूद यह टीम कभी भी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई है। इराक पर भी यही बात लागू होती है, जिसने 40 साल के अंतराल पर विश्व कप में दो बार उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे समय में जब 48 टीमों वाले विश्व कप में केप वर्दे और कांगो जैसे देशों के पास इतिहास रचने के अवसर हैं, खाड़ी देश अभी भी अपने पल का इंतजार कर रहे हैं।

# विंबलडन : सिनर ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

### पहले दौर में केकमानोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

गत चैंपियन यानिक सिनर ने विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में शानदार वापसी करते हुए दुनिया के 50वें नंबर के खिलाड़ी मियोमिर केकमानोविच को पांच सेटों में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में तीन घंटे 30 मिनट में 4-6, 6-3, 6-7 (6), 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन में एक महीने पहले मिली निराशाजनक हार के बाद यह सिनर का पहला आधिकारिक मुकाबला था।

## राडुकानु ने इंजरी के कारण नाम लिया वापस

**लंदन।** ब्रिटिश खिलाड़ी एम्मा राडुकानु दाहिने पैर में चोट लगने के कारण विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। अमेरिकी ओपन 2021 की चैंपियन राडुकानु ने इंस्टाग्राम पर इस फैसले की घोषणा की।

वह इस महीने क्वींस क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी लेकिन इस दौरान चोटिल हो गई थी। उन्होंने हालांकि संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्हें अब भी विंबलडन में खेलने की उम्मीद है।




आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
योग्यता - स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क : 9522283349, 07714242252
हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि आवश्यकता है inh
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए
विडियो एडिटर्स
FCP या Adobe Premier की जानकारी अनिवार्य
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9522283349

## कनाडा ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

# इंजरी टाइम में यूस्टाक्वियो का गोल, कनाडा की ऐतिहासिक जीत, दक्षिण अफ्रीका बाहर

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

स्टीफन यूस्टाक्वियो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल किया, जिससे कनाडा ने विश्व का फुटबॉल के पहले नॉकआउट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

सोफी स्टेडियम में 90 मिनट से अधिक समय तक निराशा और दक्षिण अफ्रीका की रक्षात्मक रणनीति का जवाब देने में नाकामी के बाद कनाडा ने एक पल में इतिहास रच दिया जब एलिस्टर जॉनसन ने यूस्टाक्वियो का पेनल्टी बॉक्स में ऊंचा पास दिया। लॉस एंजिलिस एफसी के लिए खेलने वाले मिडफील्डर यूस्टाक्वियो ने गेंद को सीने से रोका और फिर नेट के निचले कोने में जोरदार शॉट मारकर गोल कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स के पास इसे रोकने का कोई मौका नहीं था।

यूस्टाक्वियो इसके बाद कनाडा के अन्य खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाने के लिए दौड़ पड़े। स्टेडियम में मौजूद कनाडा के दर्शक झूमने लगे जबकि दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसक मायूस हो गए। कनाडा ने पहली बार विश्व कप के इतिहास में नॉकआउट मैच जीता।



## यूस्टाक्वियो रहे कनाडा की जीत के नायक

कनाडा की जीत की नायक निश्चित तौर पर यूस्टाक्वियो थे जिन्होंने तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा। दक्षिण अफ्रीका यही प्रयास कर रहा था। यूस्टाक्वियो ने कहा, 'हमने इसके लिए मेहनत की थी। यह एक विशेष टीम है। हम एक दूसरे के लिए खेलते हैं। हम बेहद खुश हैं लेकिन मैं अभी यह नहीं कहूंगा कि काम पूरा हो गया है।' कनाडा अंतिम 16 में शनिवार को ह्यूस्टन में नीदरलैंड या मोरक्को का सामना करेगा।



## डेविस ने दिया बेहतरीन पास

दर्शकों में कनाडा के समर्थक अधिक थे लेकिन टीम दक्षिण अफ्रीका की मजबूत रक्षापंक्ति को नहीं भेद पाई। कनाडा को 75वें मिनट में तब मजबूती मिली जब स्टार डिफेंडर अल्फोंसो डेविस विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरे। वह मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ग्रुप चरण के मैच नहीं खेल पाए थे। डेविस ने तुरंत ही दिन का सबसे बेहतरीन पास देकर प्रॉमिस डेविड को एक सुनहरा मौका दिया, लेकिन इस फॉरवर्ड ने शॉट बाहर मार दिया। इसके बाद खेल फिर से धीमा पड़ गया।

# ओलंपिक गेम्स में छाएगा क्रिकेट 6-6 टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालीफाई करना है तो वर्ष 2026 के आखिर में आईसीसी टी20 रैंकिंग में एशिया में शीर्ष पर रहना होगा जबकि महिला वर्ग में इंग्लैंड में चल रहे विश्व कप की शीर्ष चार टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने क्वालीफिकेशन मानदंडों की घोषणा की। क्रिकेट ओलंपिक में 100 साल बाद लौट रहा है और पुरुष तथा महिला वर्गों में छह-छह टीमें भाग लेंगी। विभिन्न महाद्वीपों से चार कोटा स्थान रैंकिंग से तय होंगे।





## महाद्वीपों के आधार पर टीम रैंकिंग

आईसीसी ने कहा ,' आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में महाद्वीपों के आधार पर सबसे ऊंची रैंकिंग वाली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को ये चार कोटा स्थान आवंटित किए जाएंगे।' कट आफ की तारीख 31 दिसंबर 2026 रखी गई है। महिला वर्ग में चार कोटा स्थान टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली चार टीमों को दिए जाएंगे। इस मानदंड के तहत आस्ट्रेलिया (ओशियाना), दक्षिण अफ्रीका (अफ्रीका) और इंग्लैंड (यूरोप) सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ये कोटा हासिल कर चुके हैं।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**यत्सुशिरो।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत का अभियान सोमवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 1-2 से मिली हार के साथ समाप्त हो गया। भारत को पहले मैच में देव रुपारेलिया और तन्वी पत्री ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहला गेम 55-44 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि हांगकांग के कैन यि हेइ ने रुपारेलिया को 11-8 से हराया और आईपी सुम याउ ने बढ़त 22-16 की कर दी। निर्णायक गेम में रुपारेलिया ने चान को 11-9 से हराया लेकिन याउ ने अंतर 22-21 का कर दिया। चियुंग साइ शिंग और विंग चि चू के खिलाफ मैच 11-11 से बराबर रहने पर ब्योर्न जैसन और डियांका वाल्डिया ने भारत को 33-32 की बढत दिलाई। तन्वी रेड्डी और बरुनी पर्शवाल हालांकि चू और यि कियू यू से 5-11 से हार गए, जिससे भारत ने सेट 43-55 से गंवा दिया।



## न्यूजीलैंड ने खत्म किया 4 साल का सूखा, इंग्लैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| नाटिंघम

न्यूजीलैंड ने तीसरा टेस्ट 160 रन से जीतकर इंग्लैंड में चौथी बार टेस्ट श्रृंखला अपने नाम की और इसके साथ ही मेजबान कप्तान बेन स्टोक्स की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई को भी यादगार नहीं बनाने दिया।


जीत के लिए 373 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 103 रन से आगे खेल रही इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन लंच के बाद 212 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला 2-1 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड में न्यूजीलैंड ने 1986, 1999 और 2021 में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा,' जीत के साथ विदा लेना अच्छा होता लेकिन यह परफेक्ट दुनिया में होता है और यह दुनिया परफेक्ट नहीं है।'



## श्रीकांत ने दी कड़ी टक्कर, फिर भी ट्रॉफी से चूके

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

भारत के किदांबी श्रीकांत को अपने से 9 साल छोटे चीनी ताइपे के सु ली यांग के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में तीन गेम तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन वह विश्व में 46वें नंबर के खिलाड़ी सु की गति का मुकाबला नहीं कर पाए और आखिर में एक घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 15-21, 21-16, 9-21 से हार गए।



## पुराने रंग में लौट आएंगे चोपड़ा : अंजू बॉबी जॉर्ज

**नई दिल्ली।** दिग्गज एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का मानना है कि भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जल्द ही अपने पुराने रंग में लौट आएंगे तथा इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में फिर से शानदार प्रदर्शन करेंगे। एथलीट अंजू ने कहा, 'जहां तक नीरज का सवाल है तो वह प्रतियोगिता का स्तर बढ़ने के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर देंगे। वह ओलंपिक चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। ऐसा कारनामा आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया है। समय आने पर उसका अनुभव काम आएगा।' अंजू ने कहा, ' वह लगभग 10 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हैं। हम यह नहीं कह सकते कि वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में नहीं हैं या अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चरम पर रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।



HDFC BANK **HDFC Bank Ltd.**
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**
**नीलामी की तिथि एवं समय :- 22-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे**
**(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| स. क्रं. | (A) ऋणी(यों) का नाम | (B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | (C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | (D) कब्जे का प्रकार | (E) आरक्षित मूल्य (रु.) | (F) ब्याना जमा राशि (रु.) | (G) बोली वृद्धि राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** द्वारा-एम अलागेसन, नंबर 32, चिनराज नगर, करायनचावडी, अय्यप्पनथंगल, एस पी महिला छात्रावास के पास, पूनामल्ली, पूनामल्ली-चेन्नई, तमिलनाडु, पिन - 600056& **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** पुत्र स्व. श्री गंगा प्रसाद पाठक, हिंदी हाई स्कूल के पास, शास्त्री नगर, सरशातली हीरापुर, बर्दवान, पश्चिम बंगाल- 713055. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** महानिदेशालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चेन्नई, 77 बीएन सीआरपीएफ उप जेल परिसर, करायंचवडी, पूनामल्ले - चेन्नई - 600056. **श्रीमती मिश्रा विभा** फ्लैट-ए-1/9-ए-108, फ्लोर-1, लोटस टावर ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 32611, 17, 19, 23, 20 भाग, मकान नं. 105, ग्राम-मठपुरेना रायपुर छ.ग.-492001. **श्रीमती मिश्रा विभा** पुत्री नरेश मिश्रा, ई 44, राधास्वामी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. | **₹ 16,35,423/- 30 अप्रैल 25* की स्थिति में** | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की हाऊसहोल्ड फ्लैट जिसका क्षेत्रफल सुपर बिल्टअप एरिया-820 वर्ग फुट, बिल्टअप एरिया-800 वर्ग फुट है, प्रथम मंजिल, फ्लैट-ए-1/9-ए-108, पहली मंजिल, लोटस टावर कॉम्प्लेक्स, ढेबर सिटी ब्लॉक, प.ह.नं. 105/47, खसरा संख्या 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, वार्ड संख्या 61, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, ग्राम-मठपुरेना, रायपुर छत्तीसगढ़। **चौहद्दी**:-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर में फ्लैट संख्या ए-1/10, दक्षिण में खुला स्थान, पूर्व में लॉबी, सीढ़ियाँ और रास्ता, पश्चिम में खुला स्थान। फ्लैट सुपर बिल्टअप एरिया-820 वर्गफीट, बिल्टअप एरिया - 800 वर्गफीट, **लेटिट्यूड-21.205558, लांगिट्यूड-81.624968.** | **भौतिक** | **₹15,95,000/-** | **₹1,59,500/-** | **₹ 5,000/-** |
| 2. | **श्री साहू खिलेश्वर** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006. **श्रीमती साहू दीपिका** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006. | **₹ 5,75,548/- 31 मई 2023* की स्थिति में** | फ्लैट-एलआईजी-309, ग्रुप-5, फ्लोर-3, दीनदयाल आवास, योजना कौरिनभाटा, क्र.सं., ख. क्रमांक 328; ग्राम-कौरिनभाटा, तहसील-राजनांदगांव छ.ग., कुल बुआ क्षेत्रफल=487 वर्गफीट। (45.26 वर्गमीटर) **लेटिट्यूड-21.088282, लांगिट्यूड-81.009706.** | **भौतिक** | **₹3,50,000/-** | **₹35,000/-** | **₹ 5,000/-** |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 06-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-20-जुलाई-2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।


दिनांक: 30 जून, 2026
स्थान: रायपुर, राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

भारत की आध्यात्मिक परंपरा में कुछ नाम ऐसे हैं, जिन्होंने सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति, योग और ध्यान की शक्ति से परिचित कराया। छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गांव पांडुका में जन्मा एक साधारण बालक आगे चलकर विश्वभर में करोड़ों लोगों के लिए शांति और चेतना का प्रतीक बन गया। महेश प्रसाद श्रीवास्तव से महर्षि महेश योगी बनने तक की यह यात्रा केवल एक संत की कहानी नहीं, बल्कि भारत की उस वैदिक विरासत की कहानी है जिसने दुनिया को "भावातीत ध्यान" का मार्ग दिखाया। आज विरासत में बात उस महान आध्यात्मिक विभूति की, जिसने भारत को नई वैश्विक पहचान दिलाई और विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाया।

# ध्यान क्रांति के जनक महर्षि महेश योगी




महर्षि महेश योगी


## राजिम के पांडुका में जन्म जबलपुर से मिले संस्कार

राजिम के पास बसे पांडुका गांव में महर्षि जी के बचपन के शुरुआती दिन गुजरे। इन्ही गलियों से निकलकर उन्होने ध्यान और आध्यात्म के क्षेत्र में देश विदेश में ज्ञान की पताका फहराई। 12 जनवरी 1918 को पांडुका में पिता रामप्रसाद श्रीवास्तव के यहां एक बालक का जन्म हुआ। नाम रखा गया महेश। पिता राजस्व विभाग में नौकरी पर थे तो उन्ही बचपन के दिनों में रामप्रसाद जी का तबादला जबलपुर हो गया। तबादला होने के बाद पूरा श्रीवास्तव परिवार जबलपुर के गोसलपुर आ गया। महर्षि का बचपन का पूरा हिस्सा यहीं बीता।




## सम्मोहित करने वाले एक प्रवचन ने बदला जीवन

जबलपुर के हितकारिणी स्कूल में मैट्रिक पास करने के बाद महेश ने इलाहबाद विश्वविद्यालय से बीएससी किया। बीएससी के बाद गन कैरिज फैक्ट्री में उच्च श्रेणी लिपिक के पद नियुक्ति हासिल की। इसी दौरान एक ऐसा वाकया हुआ जिसने महेश प्रसाद के जीवन को पूरी तरह बदलकर रख दिया। एक दिन महेश जी साइकिल से अपने बड़े भाई के घर जा रहे थे तभी गानों में किसी संत के समधुर प्रवचन की आवाज आई। उस सम्मोहन करने वाली आवाज के पीछे महेश प्रसाद खींचते हुए चले गए। महेश जी ने साइकिल वही रखी और प्रवचन में जाकर बैठ गए। प्रवचनकर्ता संत कोई और नहीं बल्कि स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती थे। स्वामी जी ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य थे। स्वामी जी के प्रवचन में महेश अपनी सुधबुध खो बैठे। उनके मन में वैराग्य जाग्रत हो गया। इसी क्षण से उन्होंने अपना जीवन गुरु को सौंप दिया। उस दिन के बाद महेश जी कभी घर नहीं गए क्योंकि उनके लिए पूरा विश्व एक परिवार की तरह हो गया था। गुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी से आध्यात्म साधना ग्रहण करने के बाद महेश जी भावातीत ध्यान की अलख जगाने के लिए दुनिया के भ्रमण पर निकल पड़े ।




श्री मां आनंदमई के साथ महर्षि जी

### दुनिया के विभिन्न देशों का दौरा

महर्षि ने पांचों महाद्वीपों में ज्ञानोदय युग के उदय का शुभारंभ करने के लिए एक वैश्विक दौरे पर प्रस्थान किया महर्षि ने स्विट्जरलैंड में मेरु महर्षि यूरोपीय अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना की। इस वैश्विक उद्घाटन ने नए ज्ञान के युग की शुरुआत की। महर्षि ने हजारों वर्षों के बाद योग के संपूर्ण सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान को पुनर्जीवित किया, और इंटरलेकन और स्विट्जरलैंड के अन्य सुंदर क्षेत्रों में सैकड़ों प्रतिभागियों के साथ, महर्षि ने चेतना को 'सभी संभावनाओं के क्षेत्र' के रूप में जीवंत करने के लिए छह महीने के पाठ्यक्रम आयोजित किए। 1976 में महर्षि योगी ने चेतना के क्षेत्र में संप्रभुता और प्राकृतिक नियम की अजेय शक्ति में अधिकार के साथ ज्ञानोदय युग की विश्व सरकार का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य विश्व चेतना को शुद्ध करना और मानव जाति के भाग्य का मार्गदर्शन करना था। महर्षि जी ने योगिक उड़ान सहित पारलौकिक ध्यान सिद्धी कार्यक्रम का परिचय दिया जिसका उद्देश्य व्यक्ति के ज्ञानोदय की ओर विकास को गति देना है और विश्व चेतना को शुद्ध करना है। एक जानकारी के मुताबिक विश्व भर में पांच लाख से ज्यादा लोगों ने महर्षि के पारलौकिक ध्यान सिद्धि कार्यक्रम को सीखा था। महर्षि ने ज्ञानोदय युग के चार वार्षिक मौसमी त्योहारों की रचना की। साल 1977 में महर्षि ने 108 देशों में योगिक पर्चे भेजकर अपने आदर्श समाज अभियान का शुभारंभ किया। जहाँ भी ये पर्चे गए, वहां की पुलिस ने अपराध दर में कमी लाने का श्रेय प्राप्त किया।


## भावातीत ध्यान से करोड़ों का जीवन संवारा

महर्षि योगी ने भावातीत ध्यान के माध्यम से पूरी दुनिया को वैदिक वांग्मय की संपन्नता की सहज अनुभूति कराई। नालंदा और तक्षशिला के अकादमिक वैभव को साकार करते हुए विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय की परंपरा को गति दी। महर्षि जी की भावातीत ध्यान एक विशिष्ठ व अनोखी शैली है, जो चेतना के निरंतर विकास को प्राप्त करने का मार्ग दिखाती है। योगी ने भारतीय संस्कृति के संदेशवाहक, आध्यात्मिक महापुरुष, विश्व बंधुत्व और आधुनिकता व संसार के महान समन्वयक होने का गौरव हासिल किया। नर्मदा के तट पर बसी ऋषि जाबालि की पवित्र नगरी जबलपुर से भावातीत उड़ान भरने वाली इस दिव्य विभूति ने अपने वैदिक ज्ञान से संपूर्ण विश्व को आलोकित किया




वर्ष 1958 में, ऐसा एक व्यक्ति था जिसके पास लगभग कोई संसाधन ही नहीं थे। उसने अपने आध्यात्मिक गुरु की इच्छा पूरी करने हेतु दुनिया भर में यात्रा की। उसका उद्देश्य वह चिंता एवं दुःख को दूर करना था, जो पूरी मानवता को परेशान कर रहा था। लक्ष्य यह भी था कि सभी देशों में स्थायी खुशहाली का वातावरण स्थापित हो। वह, वेद द्वारा वर्णित चेतना के सार्वभौमिक और शाश्वत ज्ञान पर आधारित, एक अत्यंत सरल ध्यान तकनीक की शक्ति में अटूट विश्वास रखते थे।


यह ज्ञान उन्हें उनके गुरु, पूर्ववर्ती शंकराचार्य, स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती से प्राप्त हुआ था। उनके अनुयायी अक्सर उन्हें ₹महर्षि के नाम से पुकारते थे, और महर्षि अपनी इस महान परंपरा को फिर से स्थापित करने और इसे सही रूप में पुनर्जीवित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हैं। महर्षि महेश योगी ने पहले अनुभव पर ध्यान केंद्रित करके, इस ज्ञान को एक वास्तविक अनुभव बनाने के लिए, सभी संदेहों को प्रभावी ढंग से दूर कर दिया। यह ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन (टीएम) की तकनीक है। यह एक आसान और सरल तकनीक है, जिसका उपयोग तनाव को दूर करने और उच्च स्तर की चेतना तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है। यह तंत्र, बेहतर मस्तिष्क कार्य, अच्छे स्वास्थ्य और आदर्श व्यवहार के माध्यम से, जीवन के सभी पहलुओं- व्यक्तिगत और सामाजिक- के समग्र विकास में योगदान देता है। ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन की तकनीक और प्रभाव, भगवद् गीता के उपदेशों द्वारा सटीक रूप से प्रमाणित हैं।




### राम नाम की मुद्रा चलाई

महर्षि महेश योगी का प्रभाव इतना व्यापक हो गया था कि उनके संगठन ने ₹राम₹ नाम की एक वैकल्पिक मुद्रा भी जारी की। यह मुद्रा अक्टूबर 2002 में महर्षि की संस्था ग्लोबल कंट्री ऑफ वर्ल्ड पीस द्वारा जारी की गई थी। इसमें एक, पाँच और दस राम मूल्यवर्ग के रंगीन नोट शामिल थे। वर्ष 2003 में नीदरलैंड्स के केंद्रीय बैंक ने सीमित दायरे में इस मुद्रा को एक पूरक मुद्रा के रूप में मान्यता दी, जिसके बाद नीदरलैंड्स के कुछ शहरों और गांवों की चुनिंदा दुकानों में इसका उपयोग होने लगा। हालांकि यह पूरे देश की आधिकारिक राष्ट्रीय मुद्रा नहीं थी, बल्कि एक सीमित क्षेत्र में स्वीकार की जाने वाली वैकल्पिक मुद्रा थी।

### ब्रिटिश रॉक बैंड 'द बीटल्स' के साथ महर्षि महेश योगी


मशहूर ब्रिटिश रॉक बैंड 'द बीटल्स' और आध्यात्मिक गुरु महर्षि महेश योगी का संबंध 1968 का एक ऐतिहासिक अध्याय है। ऋषिकेश (उत्तराखंड) स्थित उनके आश्रम में बैंड के सदस्यों जॉन लेनन, पॉल मेकार्टनी, जॉर्ज हैरिसन और रिंगो स्टार ने तीन महीने बिताए थे। मानसिक शांति की तलाश में आए बीटल्स के सदस्यों ने यहां 'ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन सीखा था ऋषिकेश प्रवास के दौरान बाहरी दुनिया के शोर-शराबे से दूर, बैंड ने लगभग 40 से अधिक नए गाने लिखे थे

## अधूरी रह गई अंतिम इच्छा

महर्षि महेश योगी जीवन के आखिरी दिनों में भारत आना चाहते थे। महर्षि जी 1989 में आखिरी बार प्रयागराज आए थे। उन्होने प्रयागराज आश्रम की नींव डाली थी। उसके बाद उन्होंने कई बार यहां आने का मन बनाया था। 13 जनवरी 2008 को नीदरलैंड स्थित आश्रम में अपने अनुयायियों से प्रयागराज आने की इच्छा जताई थी। उनके आने की प्रत्याशा में उस समय आश्रम में तैयारी भी शुरू हो गई थी। आश्रम में तब उत्साह था क्योंकि बीस वर्ष से वे भारत नहीं आए थे। लेकिन परमात्मा को कुछ और ही मंजूर था। .5 फरवरी 2008 को नींदरलैंड्स में महर्षि महेश योगी नश्वर देह को त्यागकर अनंत यात्रा पर चले गए। महर्षि जी के ब्रम्हलीन होने की समाचार मिलते ही आश्रम में शोक छा गया...विश्व भर में भावातीत ध्यान की अलख



जगाने वाले महर्षि महेश योगी की संगम तीरे शरीर छोड़ने की अंतिम इच्छा अधूरी रह गई थी । महर्षि महेश योगी ने कहा था कि 'मेरे न होने से कुछ नुकसान नहीं होगा। मैं नहीं होकर और भी ज्यादा प्रगाढ़ हो जाऊंगा। अपने इन शब्दों से महर्षि पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए.. नौ फरवरी को योगी का पार्थिव शरीर प्रयागराज लाया गया था। उनके पार्थिव शरीर को पहले अलोपीबाग स्थित ब्रह्नलीन गुरू ब्रह्मानंद सरस्वती के आश्रम में लाया गया था। यहां उनकी अंतिम यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई इसके बाद पार्थिव शरीर अरैल आश्रम में ले जाया गया था। महर्षि जी को दो दिन तक सिद्धासन में बैठाकर आम लोगों के दर्शन को रखा गया था। 11 फरवरी को अंतिम संस्कार हुआ था। अंतिम संस्कार में देश विदेश से उनके हजारों अनुयायी यहां आए थे। आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर, अमेरिका के कई सीनेटर, समेत गणमान्य लोग महर्षि जी के अंतिम दर्शन को प्रयागराज आए थे। महर्षि जी ने संपूर्ण दुनिया को शांति और सदाचार की शिक्षा दी और विश्व भर में भारत का नाम रोशन किया। इस महापुरुष का व्यक्तित्व अजर-अमर है।

### महर्षि जी का योगिक फ्लाइंग

महर्षि महेश योगी की ध्यानातीत साधना के साथ साथ योगिक फ्लाइंग भी काफी प्रसिद्ध हुई । महर्षि के अनुसार जब साधक **TM** और **TM**-सिद्धि का नियमित अभ्यास करता है, तो मन अत्यंत सूक्ष्म और शांत अवस्था में पहुंच जाता है। इस अवस्था में शरीर में ऊर्जा और हल्केपन का अनुभव होता है। इसी प्रक्रिया के दौरान साधक पद्मासन जैसी मुद्रा में बैठकर उछलता दिखाई देता है। इसे योगिक फ्लाइंग का प्रथम चरण कहा जाता है।

**टीएम प्रशिक्षकों के मुताबिक योगिक फ्लाइंग के तीन चरण बताए जाते हैं:**

पहला चरण – शरीर का उछलना

दूसरा चरण – हवा में कुछ समय तक तैरने जैसी अवस्था।

तीसरा चरण – इच्छानुसार उड़ने की अवस्था।

हालांकि सार्वजनिक रूप से केवल पहला चरण ही प्रदर्शित किया गया है।

### यह कैसे किया जाता है?

महर्षि संगठन के अनुसार पहले ट्रान्सेंडैंटल मेडिटेशन सीखा जाता है। उसके बाद **TM**-सिद्धि कार्यक्रम का प्रशिक्षण लिया जाता है। विशेष मानसिक सूत्रों (सिद्धियों) का अभ्यास कराया जाता है। अभ्यास के दौरान साधक गद्दों पर बैठकर पद्मासन में उछलते हैं। महर्षि आंदोलन से जुड़े साधकों और शिक्षकों का कहना है किःइससे मानसिक शांति बढ़ती है। एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार होता है। तनाव कम होता है। चेतना के उच्च स्तर का अनुभव होता है। समूह में अभ्यास करने से सामूहिक सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होता है।

महर्षि का कहना था कि योगिक फ्लाइंग का उद्देश्य केवल उड़ना नहीं है। उनके अनुसार इसका वास्तविक लक्ष्यः चेतना का विकास, गहन आंतरिक शांति, और व्यक्ति तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

inh न्यूज़ मंगलवार रात 7.55 बजे

### छत्तीसगढ़ महतारी के गौरवशाली सपूत



महर्षि महेश योगी छत्तीसगढ़ महतारी के गौरवशाली सपूत थे। बचपन से ही उनका रुझान अध्यात्म, भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की ओर था। आगे चलकर वे स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के सान्निध्य में आए और उनके शिष्य बने। महर्षि महेश योगी ने दुनिया के अनेक देशों की यात्राएं कर भारतीय अध्यात्म का प्रचार-प्रसार किया।

**-अरूण साव**, उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

### वैदिक ज्ञान को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया



महर्षि महेश योगी जी ने भारतीय योग, ध्यान और वैदिक ज्ञान को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने करोड़ों लोगों को ध्यान और आत्मिक शांति का मार्ग दिखाया तथा भारतीय सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाई।

**-धरमलाल कौशिक**, पूर्व विस अध्यक्ष

### मधुर प्रवचन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी



जबलपुर में गन कैरिज फैक्ट्री में नौकरी के दौरान एक दिन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के मधुर प्रवचन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। पहली भेंट के बाद वे उनके शिष्य बने और आगे चलकर भावातीत ध्यान के माध्यम से भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान को विश्वभर में पहुंचाने वाले महान संत के रूप में प्रसिद्ध हुए।

**धर्मजीत सिंह, वरिष्ठ विधायक, तखतपुर**

### सनातन परंपरा महान प्रतिनिधि थे महर्षि जी



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को महर्षि महेश योगी ने अपने ओजस्वी प्रवचनों, ज्ञान और साधना से नई दिशा प्रदान की। वे केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा के ऐसे महान प्रतिनिधि थे जिन्होंने भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान को विश्वभर में प्रतिष्ठित किया। **-सुशांत शुक्ला , विधायक, बेलतरा**

### पांडुका की पावन धरती पर लिया था जन्म



पांडुका की पावन धरती का यह सौभाग्य है कि यहीं महर्षि महेश योगी जी ने जन्म लिया। इस भूमि ने ऐसे महान संत और आध्यात्मिक गुरु को जन्म दिया, जिन्होंने भारतीय वैदिक ज्ञान और ध्यान परंपरा को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया।

**रोहित साहू, विधायक,राजिम**

### श्रद्धा और सम्मान के साथ संरक्षित है जन्मस्थान



महर्षि महेश योगी जी का जन्मस्थान आज भी पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ संरक्षित रखा गया है। छत्तीसगढ़ के राजिम क्षेत्र के पांडुका ग्राम में स्थित यह स्थान उनकी स्मृतियों का जीवंत प्रतीक माना जाता है। यहां आने वाले श्रद्धालु और अनुयायी महर्षि जी के जीवन, से प्रेरणा हासिल करते है।

-अतुल श्रीवास्तव, प्रभारी, महर्षि महेश योगी आश्रम, पांडुका

### भावातीत ध्यान को दी नई ऊंचाई



उन्होंने मानव जीवन में मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति और चेतना के विकास के लिए भावातीत ध्यान (ट्रांसेंडैंटल मेडिटेशन) को विशेष महत्व दिया। महर्षि जी का मानना था कि नियमित ध्यान के माध्यम से व्यक्ति तनावमुक्त होकर अपने भीतर की असीम संभावनाओं को जागृत कर सकता है।

**-सुनील कुमार श्रीवास्तव**, व्यवस्थापक, महर्षि स्मारक, प्रयागराज

### भावातीत ध्यान से तनावमुक्त और संतुलित जीवन का संदेश



महर्षि महेश योगी जी ने भावातीत ध्यान के माध्यम से तनावमुक्त और संतुलित जीवन का संदेश दिया। उनका मानना था कि नियमित ध्यान से मन गहरे विश्राम की अवस्था में पहुंचता है, जिससे तनाव कम होता है, मानसिक शांति बढ़ती है और व्यक्ति अपनी आंतरिक क्षमता का बेहतर विकास कर सकता है।

**-अदिति श्रीवास्तव**, ध्यानातीत ध्यान प्रशिक्षिका,

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com